@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 5 नवंबर 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 1 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## पिछले 20 सालों का रिकॉर्ड तोड़ देगी एनडीए की जीतः बिहार चुनाव से पहले बोले पीएम नरेंद्र मोदी

● *बिहार में एनडीए सरकार ही बहनों-बेटियों के उज्वल भविष्य की गारंटी है, इसलिए बिहार की हर नारीशक्ति कह रही है- फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन की सरकार।*

**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भी चुनाव मैदान में उतर गए हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार की मातृशक्ति के साथ 'मेरा बूथ सबसे मजबूत- महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पीएम मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत- महिला संवाद' कार्यक्रम में कहा कि इस चुनाव में मुझे जहां-जहां जाने का मौका मिला और जब-जब कार्यकर्ताओं से बात करने का अवसर मिला, मैं देख रहा हूं कि इस बार बिहार का कार्यकर्ता जी-जान से जुटा हुआ है। आप सभी बहुत परिश्रम कर रहे हैं। हर रैली पहले वाली रैली का रिकॉर्ड तोड़ रही है, और उसमें भी हमारी बहनें-बेटियां बहुत बड़ी संख्या में आ रही हैं। बिहार भाजपा की महिला कार्यकर्ताएं 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' संकल्प के साथ बहुत शानदार काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में ये पक्का हो चुका है कि एनडीए की विजय हो रही है, बहुत भारी विजय हो रही है। आज बिहार में जो विकास हो रहा है, वो गरीब, दलित, महादलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा, सभी के मन में रच-बस गया है। बिहार के लोग मन बना चुके हैं कि इस बार एनडीए की जीत का पिछले 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। वही जंगलराज वालों को अब तक की सबसे करारी हार मिलेगी। बिहार का विकास एनडीए ही कर



सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ही बहनों-बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है, इसलिए बिहार की हर नारीशक्ति कह रही है- फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन की सरकार। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उन्हें सशक्त करने के लिए लगातार काम कर रही है। बिहार में बिजली का खर्च कम हुआ है। सीएम नीतीश कुमार ने तय यूनिट बिजली मुफ्त कर दी है। इससे लोगों को बहुत लाभ हो रहा है। हमने बिहार के कई शहरों में मेट्रो चलाने की तैयारी की है। उन्होंने कहा कि जंगलराज के दौर में बेटियों का बाहर निकलना मुश्किल था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज रात के समय में भी अस्पतालों में, रेलवे स्टेशनों पर, और अनेक जगहों पर बेटियां बिना डर के काम कर रही हैं। बिहार की महिलाएं जंगलराज के सामने दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। उन्होंने ठान लिया है कि जंगलराज की वापसी कभी नहीं होने देंगी, इसलिए जंगलराज वाले बिहार की महिलाओं को तरह-तरह के झूठ बोलने में जुटे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जब सुशासन होता है, कानून व्यवस्था का राज होता है तो महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं, इसलिए बिहार की बेटियां अब स्वरोजगार के जरिए नौकरी देने वाली भी बन रही हैं। मुद्रा योजना ने छोटे व्यापार के सपने पूरे किए हैं। जीविका दीदी और डेयरी योजनाओं ने आत्मनिर्भरता की ताकत दी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में ऐसी विजय देनी है कि जिन्होंने झूठ बोला है, छठी मईया का अपमान किया है, और बिहार को जिन्होंने जंगलराज में रखा था, उनकी जमानत जब्त होनी चाहिए।

## बिहार को विकसित राज बनाना चाहता हूं : राजनाथ सिंह

**'बिहार को विकसित राज बनाना चाहते है'**

● सिमरी बख्तियारपुर की जनता पूरी तरह से एनडीए की सरकार एक बार फिर से बनाने का मूड बना ली है।
-राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**सहरसा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिले के सिमरी बख्तियारपुर उच्च विद्यालय मैदान में आज एनडीए समर्थित लोजपा (आर) के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर कहा की सिमरी बख्तियारपुर के इस मैदान पर यह जो जन सैलाब उमड़ी है, इससे यह स्पष्ट लग रहा है कि सिमरी बख्तियारपुर की जनता पूरी तरह से एनडीए की सरकार एक बार फिर से बनाने का मूड बना ली है। उन्होंने कहा कि यहां के एक-एक जनता घोषणा पत्र उठाकर देख ले जो-जो घोषणा हम लोगों ने किया है, वह पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि



नेताओं को कहने और करने में अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय कुमार सिंह जब यहां से जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री बनाने का जब सवाल होगा तो इन्हीं लोगों के मदद से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री का प्रश्न है। वह आप अच्छी तरह जानते है कि लंबे समय से वह राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे है। लेकिन लंबे समय से राजनीतिक क्षेत्र में काम करने के बावजूद कोई भी माय का लाल चाहे वह भारत के किसी भी राज्य का रहने वाला हो उंगली उठाकर नहीं कह सकता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दामन पर भ्रष्टाचार का कोई आंच लगा हो। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार पूरे देश में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र में भी एनडीए के नेतृत्व में केंद्र की सरकार चल रही है और इस एनडीए के सरकार में भी लोजपा (आर) के सुप्रीमो चिराग पासवान मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि हम बिहार को विकसित राज बनाना चाहते है। इसलिए मैं आज यहां वोट मांगने आया हूं। उन्होंने कहा कि हमारे एनडीए सरकार की राजनीतिक के पन्नों को आप उल्टा कर देख लीजिए, एनडीए ने जो कहा है, उसे अक्षर सह पूरा किया है। चाहे उसमें जो भी बढ़ाए उत्पन्न हुई हो।

## भारत-श्रीलंका संबंध लोकतांत्रिक साझेदारी की मिसाल : ओम बिरला

**'भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर विजन' में श्रीलंका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की संसद में विपक्ष के नेता सजिथ प्रेमदासा का भारतीय संसद में स्वागत करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह दोनों लोकतांत्रिक देशों के गहरे और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जन-जन के स्तर पर जुड़ाव दोनों देशों की साझी विरासत को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करता है। ओम बिरला ने उल्लेख किया कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर विजन' में श्रीलंका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को सशक्त करती है। उन्होंने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्य और बहुदलीय प्रणाली दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक संवाद की सशक्त



आधारशिला हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूहों के गठन से दोनों संसदों के बीच रचनात्मक सहयोग को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि भारत, श्रीलंका की प्रगति और आर्थिक स्थिरता का एक विश्वसनीय साझेदार है। ऊर्जा, नवाचार, कनेक्टिविटी और फिनटेक जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे द्विपक्षीय संबंध और सुदृढ़ हो रहे हैं।

## नीतीश जी जा रहे हैं और तेजस्वी आ रहे हैं : अशोक गहलोत

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बिहार के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा है कि बिहार की जनता की आवाज से ऐसा लग रहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार जा रही है और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राजधानी पटना में मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान अशोक अशोक गहलोत ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को मौका देने क़ी बिहार के मतदाताओं से अपील क़ी। उन्होंने कहा कि आप एक मौका दीजिए नौजवान को,क्योंकि एक नौजवान आएगा, तो उसको चिंता रहेगी भविष्य की, 20 साल तक आपने नीतीश जी को देख लिया। अब आप तेजस्वी को देखेंगे, तो वो जो वादे किए आपसे, उन वादों को निभाने की उन्हें चिंता रहेगी। तेजस्वी को इस बात की चिंता रहेगी कि इस चुनाव में किए वादों को निभाउंगा।

## *महाराष्ट्र में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के मतदान दो दिसंबर को*

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयुक्त ने मंगलवार को सूबे में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए दो दिसंबर को मतदान कराए जाने की घोषणा की है। चुनाव के बाद दूसरे दिन अर्थात तीन दिसंबर को मतगणना की जाएगी। इसके साथ ही राज्य चुनाव आयोग ने आज से आचार संहिता शुरु किए जाने की घोषणा भी की है। राज्य चुनाव आयुक्त ने पत्रकारों को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 31 जनवरी, 2026 से पहले स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है । इसे देखते हुए आज नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनावों की घोषणा की गई है। 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के होने वाले आम चुनाव में कुल 6859 सदस्य और 288 अध्यक्ष चुने जाएंगे। चुनावों की घोषणा करते हुए राज्य चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए कुछ नियम बताए हैं।

## बिहार के लोग पूरे देश में मजदूरी कर रहे हैं: राहुल गांधी

● आप किसी भी प्रदेश में चले जाइए, बिहार के लोग मजदूरी करते मिल जाएंगे।

**एजेंसी**

**गयाजी ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन गयाजी और औरंगाबाद में जोर-शोर से रैलियां कीं। उन्होंने वजीरगंज और कुटुंबा में जनसभाओं को संबोधित करते हुए बिहार में 20 साल से चल रही एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि आप किसी भी प्रदेश में चले जाइए, बिहार के लोग मजदूरी करते मिल जाएंगे। बिहार के लोग पूरे देश में मजदूरी कर रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में बिहार के लोग बड़ी-बड़ी इमारतें, सड़कें, टनल और फैक्ट्रियां बनाते हैं। यानी सच यही है कि नीतीश कुमार ने यहां से रोजगार मिटाकर बिहार के लोगों को देश का मजदूर बना दिया है। उन्होंने जातीय जनगणना और आरक्षण को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि अगर आप देश में 500 सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालेंगे, तो आपको उसमें पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित और आदिवासी वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे। इन कंपनियों में काम करने



वाले लोग 10 प्रतिशत की आबादी में से आते हैं। न्यायपालिका हो या ब्यूरोक्रेसी, हर जगह उन्हें ही जगह मिलती है। उन्होंने कहा कि अगर हम देश के 90 प्रतिशत लोगों को देश के विकास में शामिल नहीं करेंगे, तो एक ऐसा हिंदुस्तान बनेगा जहां सारा धन दो से तीन लोगों के हाथ में होगा। आजादी से पहले देश में दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों, आदिवासियों के पास कोई अधिकार नहीं थे। लेकिन, कांग्रेस पार्टी ने जनता के साथ मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को संविधान दिया। इस संविधान में अंबेडकर जी, गांधी जी, सरदार पटेल जी, नेहरू जी और सुभाष चंद्र बोस जी की सोच है। भाजपा और आरएसएस चाहती है कि देश में चंद लोगों का राज हो और बाकी लोग बिना अधिकार के जिएं। कांग्रेस नेता ने बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि महागठबंधन की यह सरकार हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म की सरकार होगी।

## बिहार में बने तोप के गोले से पाकिस्तान को जवाब दिया जाएगा : अमित शाह

● **शाह ने महागठबंधन को 'महाठगबंधन' बताया**

**एजेंसी**

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण ज़िला के मैनाटाड़ स्थित हाई स्कूल के खेल स्टेडियम ग्राउंड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए प्रत्याशी समृद्ध वर्मा के समर्थन में मंगलवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में रक्षा कौरिडॉर बनेगा। जिसमें बने तोप के गोले से पाकिस्तान को जवाब दिया जायेगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पहलगाम की घटना का जवाब हमारे देश के पीएम नरेन्द्र मोदी जी ने आपरेशन सिंदूर अभियान चला कर दिया। कश्मीर में विगत साढ़े पांच सौ साल से चला आ रहा 370 धारा को हमारे पीएम ने हटाया। जब 370 धारा हटा तो विपक्षियों ने कहा कि कश्मीर में खून की नदियां बहेगी। लेकिन खून की नदियां को तो छोड़ो किसी को कश्मीर में कंकड़ चलाने





की हिम्मत नहीं है। उन्होंने महागठबंधन को 'महाठगबंधन' बताया है। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'महाठगबंधन' में न नेता है और न नीति है. ये मालूम ही नहीं है कि किस सीट से कौन चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 14 नवंबर को राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव की पार्टियों का सूपड़ा साफ होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए की पांचों पार्टियां, पांडव की भांति एकमुश्त होकर बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं।

**'एनडीए की सरकार में हुआ बिहार का विकास'**

गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना मिलने वाली राशि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये किया जाएगा।पटना, दरभंगा, पूर्णिया और भागलपुर के एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाया जायेगा। अमित शाह ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।तब 10 साल के दौरान बिहार को सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिये। जबकि मोदी सरकार के 10 साल के दौरान बिहार को 18 लाख 70 हजार करोड़ रुपए दिये।

## बिहार चुनाव -केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की बढ़ी मुश्किलें

● **आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज**

**एजेंसी**

**मोकामा।** बिहार के मोकामा में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर दर्ज की गई है। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के कथित उल्लंघन के आरोप में सीओ लवली कुमारी ने यह मामला दर्ज किया गया है। पटना के जिला मजिस्ट्रेट-सह-रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पटना जिला प्रशासन ने सर्विलांस टीम द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज का विश्लेषण किया। जांच के बाद, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ??ललन सिंह के खिलाफ बीएनएस और रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने भी मोकामा में उनके कथित बयानों को लेकर ललन सिंह को नोटिस जारी किया था और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा था। बता दें कि केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह विपक्षी वोटरों को वोट डालने से रोकने के बारे में बात करते दिख रहे हैं। चुनाव



आयोग ने इन बयानों को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का संभावित उल्लंघन माना है। राजद ने भी इस वीडियो को आधार बनाते हुए केंद्रीय मंत्री पर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। इस मामले में चुनाव आयोग अब ललन सिंह के स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहा है। इससे पहले, सोमवार को भी मोकामा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक रोड शो के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आया था। पटना पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम के आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मोकामा में अनंत सिंह के समर्थन में रोड शो किया था। इस दौरान प्रचार में अनुमति से अधिक संख्या में वाहनों का उपयोग किया गया, जिसे चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना था।

आपको बताते चलें, जदयू प्रत्याशी और पूर्व विधायक अनंत सिंह इस वक्त दुलारचंद यादव हत्याकांड के सिलसिले में बेउर जेल में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। 1 नवंबर की देर रात उनकी गिरफ्तारी हुई थी। ऐसी में अनंत सिंह की अनुपस्थिति में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने चुनाव प्रछार की कमान संभाली है।

## छीसगढ़ के बिलासपुर में भीषण ट्रेन हादसा

### 4 यात्रियों की मौत, कई घायल

**एजेंसी**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बड़ा रेल हादसा हुआ है। यहां लालखदान के पास हावड़ा रूट पर पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी आमने-सामने से टकरा गई। इस दौरान यात्री ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में 4 यात्रियों के मरने की खबर आई है, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन ने रेस्क्यू टीम और मेडिकल



यूनिट को तुरंत मौके के लिए रवाना किया। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन भी मदद के लिए मौके पर मौजूद है। वहीं, दुर्घटना की वजह से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। इसी क्रम में रेलवे ने कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया है। फिलहाल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हालांकि, अभी हादसे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि यात्री ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई। वहीं, रेलवे ने बिलासपुर ट्रेन हादसे के बाद यात्रियों और उनके परिजनों की सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इस हादसे से जुड़ी सही जानकारी और घायलों की स्थिति जानने के लिए लोग हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। चंपा जंक्शन के लिए 808595652, रायगढ़ के लिए 975248560, और पेंड्रा रोड के लिए 8294730162 नंबर जारी किए गए हैं।

## शिक्षा का उपयोग वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करें युवा : मुर्मू

● **कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में पहली बार राष्ट्रपति शामिल हुई।**

● राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 89 स्वर्ण पदक व 16 हजार से अधिक उपाधियां प्रदान कीं।

**एजेंसी**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि शिक्षा का उपयोग वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करें। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है। इसका उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की बुद्धि और कौशल का विकास करना ही नहीं, बल्कि उनके नैतिक बल और चरित्र को भी सुदृढ़ करना है। राष्ट्रपति मुर्मु मंगलवार को नैनीताल में स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में पहली बार राष्ट्रपति शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 89 स्वर्ण पदक व 16 हजार से अधिक उपाधियां प्रदान कीं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को समाज से सीधा जुड़ाव बनाना चाहिए और गांवों में जाकर लोगों की





समस्याओं को समझने व समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है, साथ ही विनम्रता सिखाती है और समाज व देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा देती है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें वास्तविक सुख और संतोष प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सरकार युवाओं के लिए अनेक अवसर सृजित करने के लिए नीतिगत पहल कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए कि वे युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें तथा शोध, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करें।

## मुठभेड़ में चार उग्रवादी ढेर, सेना की टुकड़ी पर की थी गोलीबारी

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों के अनुसार यह मुठभेड़ हेंगलेप उपखंड के अंतर्गत आने वाले खानपी गांव में हुई। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि खानपी गांव, चुराचांदपुर से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। सेना की एक टुकड़ी वहां नियमित गश्ती पर थी, तभी उग्रवादियों ने उन पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने चार उग्रवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है और सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

## सब्जी वाले की 11 करोड़ की लॉटरी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब सरकार की दिवाली बंपर लॉटरी का 11 करोड़ का इनाम जीतने वाला आखिरकार 4 दिन बाद मिल गया। अमित राजस्थान के जयपुर में सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। मंगलवार को वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ चंडीगढ़ स्थित पंजाब स्टेट लॉटरीज ऑफिस में लॉटरी क्लेम करने पहुंचे। सरकार उन्हें चेक सौपेंगी। अमित ने बताया कि मैं गलियों में आलू-टमाटर बेचकर अपने परिवार का गुजारा करता हूं। विश्वास नहीं हो रहा कि मेरी लॉटरी निकली है। कभी रेहड़ी लगाते समय पुलिस वालों से गालियां सुननी पड़ती थीं। मैं हनुमान जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस काबिल बना दिया। मैंने पहली बार टिकट खरीदा है। यहां आने के लिए मेरे पास किराए के पैसे भी नहीं थे। लोगों से उधार लेकर यहां पहुंचा हूं। अब मेरी किस्मत पूरी तरह बदल गई है।

## 4 करोड़ की 4 ट्रक कफ सिरप पकड़ी

गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने सोमवार रात गोदाम पर छापा मारा। यहां से चार ट्रक कफ सिरप बरामद हुआ। सिरप चूने की बोरियों के नीचे छिपाया गया था। पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से 20 लाख रुपए नकद और एक क्रेटा कार भी मिली। सिरप की कीमत करीब 4 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह माल यूपी, दिल्ली और बांग्लादेश तक भेजा जाना था। पुलिस को शक है कि गिरोह बड़ा है। कई लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। औषधि विभाग जांच कर रहा है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। पुलिस जांच में सामने आया कि तस्करों ने सिरप को चूने और सड़े चावल की बोरियों के नीचे छिपा रखा था। यह कार्रवाई सोनभद्र पुलिस की जानकारी पर की गई। वहां हाल ही में कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी गई थी, जो जांच में गाजियाबाद से भेजी गई निकली।

## बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन-मालगाड़ी भिड़ी, बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग ठप

### 10 की मौत, इलेक्ट्रिक लाइन और सिग्नल सिस्टम को नुकसान,

बिलासपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। 10 लोगों की मौत की खबर है। कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हादसा बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन के लाल खदान इलाके में हुआ। रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलते ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एक मासूम को भी रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल रेस्क्यू अभियान जारी है। रेस्क्यू टीमों ने अब तक कई यात्रियों को सुरक्षित निकाला है, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा। हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी बिलासपुर से रवाना हो चुके हैं। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बहाली में समय लग सकता है। तकनीकी टीमें मरम्मत और ट्रैक क्लियरेंस का काम कर रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था शुरू की है। वहीं अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि टक्कर कैसे हुई। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक संभावना है कि सिग्नलिंग सिस्टम की गड़बड़ी या मानवीय त्रुटि के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।

## पुष्कर मेला में सप्तऋषि घाट पर संत-महंत ने किया शाही स्नान



अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के अजमेर में पुष्कर मेला में पंचतीर्थ स्नान के तीसरे दिन ब्रह्म चतुर्दशी पर देशभर से संत-महंत पुष्कर पहुंचे हैं। सप्तऋषि घाट पर शाही स्नान हुआ। जिसके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे। सुबह मंगला आरती से पहले ब्रह्मा जी का महाअभिषेक हुआ। इसके बाद 56 भोग की झांकी सजाई गई और मनमोहक श्रृंगार के साथ महाआरती की गई। सैन भक्ति पीठ से सैनाचार्य अचलानंदाचार्य महाराज और राम रमैया राम के महंत प्रेमदास महाराज के सानिध्य में संतों की शाही यात्रा निकाली गई। सप्तऋषि घाट पर पहुंचने के बाद संतों की ओर से ब्रह्म सरोवर का पूजन-अभिषेक कर शाही डुबकी लगाई गई। इस दौरान संतों ने नशे का त्याग करने का आह्वान किया और भगवान से हो रहे हादसों पर अंकुश लगाने की प्रार्थना की। इसके पहले सुबह पहले मटका रेस हुई और इसमें देसी-विदेशी पर्यटकों ने खासा उत्साह दिखाया। इस दौरान दर्शकों की भीड़ रही। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। मटका रेस में बांदरसिंदरी की आचुकी चौधरी विजेता रही व म्यूजिकल चेयर रेस में मसूदा की अनीता कंवर प्रथम रही। इस प्रतियोगिता में 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। वहीं मेला में पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा ने भी नाराजगी जताकर कहा कि ऐसा करने पर सरकार व प्रशासन के लिए डूब मरने की बात है। पुष्कर में बढ़ती भीड़ को देखकर जिला प्रशासन ने मुख्य बाजार से ब्रह्मा चौक तक वन वे व्यवस्था लागू की। पंचतीर्थ स्नान का समापन बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र सरोवर में होने वाले महास्नान के साथ होगा।

### ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा, कहा

# ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन ले सरकार



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें। ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें।

बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इसपर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है। 8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके।

### 26 नवंबर को अगली सुनवाई

अब यह मामला 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुंदरम कहा, मैं एक शतरंज खिलाड़ी हूं और यह मेरा जीविका का साधन है। मैं एक एप लॉन्च करने वाला था। इस पर जस्टिस पारदीवाला ने कहा, भारत अजीब देश है। आप खिलाड़ी हैं, खेलना चाहते हैं, यह आपकी आजीविका का साधन है, इसलिए आप कार्यवाही में शामिल होना चाहते हैं। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ऑनलाइन मैच में हिस्सा लेते हैं और इसके लिए भागीदारी शुल्क भी देते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि उनकी याचिका को भी बाकी लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए।

## हंगामेदार रही उत्तराखंड विधानसभा सत्र की शुरुआत, विपक्ष ने गंगा सफाई पर चर्चा की मांग उठाई




**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही मंगलवार को हंगामे के साथ शुरू हुई। सत्र के आरंभ होते ही धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने गंगा नदी की सफाई पर चर्चा कराने की मांग की। इस पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जवाब देते हुए कहा कि गंगा सफाई को लेकर समय-समय पर सेमिनार और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने और चर्चा को क्रमवार चलाने की अपील की। इस विशेष सत्र में राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर 'राज्य की प्रगति और भविष्य का रोडमैप' विषय पर चर्चा हो रही है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने किया था सत्र का शुभारंभ

इससे एक दिन पहले सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विधानसभा सत्र का शुभारंभ किया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि उत्तराखंड को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए ठोस नीतियां और योजनाएं तैयार करनी होंगी। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को राज्य की प्रगति की प्रमुख दिशा बताया था। विशेष सत्र में राज्य के विकास की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा जारी है।

## अस्पतालों में होने वाले प्रसव के वीडियो पहुंच रहे पॉर्न मार्केट, मचा हड़कंप

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के एक मैटरनिटी अस्पताल में प्रसव हुआ। उसका वीडियो पॉर्न मार्केट में पहुंचा तो हड़कंप मच गया। अब आशंका जताई जा रही है कि देशभर के अस्पताल में प्रसव से जुड़े फुटेज भी पॉर्न मार्केट में पहुंच सकते हैं। गुजरात के राजकोट में पायल मैटरनिटी हॉस्पिटल में सीसीटीवी सिस्टम को उसके डिफॉल्ट एडमिन लॉगिन पासवर्ड के जरिये हैक करने का मामला देश के सबसे परेशान करने वाले साइबर स्कैंडल्स में से एक बन गया है। हैकर्स ने अस्पताल के सीसीटीवी सिस्टम को हैक कर गाइनाकोलॉजी वार्ड में महिलाओं की जांच की फुटेज चुराकर मुनाफा कमाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पॉर्न मार्केट में बेच दीं। इस घटना से देशभर में साइबर सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

जांच के दौरान देशभर के कई शहरों- पुणे, मुंबई, नासिक, सूरत, अहमदाबाद और दिल्ली के करीब 80 सीसीटीवी डैशबोर्ड हैक हुए पाए गए। पीड़ित 20 राज्यों में फैले हुए थे। इनमें अस्पताल से लेकर स्कूल, कॉर्पोरेट हाउस, सिनेमा हॉल, फैक्ट्रियां और यहां तक कि प्राइवेट घर भी शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, एक्सेस लॉग्स के मुताबिक जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर 2024 की शुरुआत तक करीब एक साल तक यह सेंधमारी चली। इस साल फरवरी में साइबर अपराधियों को गिरफ्तार लिया गया। हैकर देशभर से नौ महीनों में करीब 50,000 सीसीटीवी क्लिप्स चुराने में कामयाब रहे। यह स्कैम तब सामने आया जब राजकोट फैसिलिटी के टीजर क्लिप और यूट्यूब चैनलों पर ऑनलाइन पोस्ट किए गए। कस्टमर्स को फुटेज खरीदने के लिए टेलीग्राम ग्रुप्स में ले जाया जाता था, जिसकी कीमत 700 रुपये से 4,000 रुपये के बीच होती थी।

जानकारी के मुताबिक इस मामले में इस साल शुरुआत में ही पहली गिरफ्तारियां हो गई थीं, लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ये गैर-कानूनी तरीके से हासिल किए गए क्लिप जून तक टेलीग्राम ग्रुप्स पर मौजूद थे। जांचकर्ताओं ने पाया कि इनमें से कई सीसीटीवी सिस्टम अब भी फैक्ट्री-सेट पासवर्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि इसमें 'ब्रूट फोर्स अटैकका इस्तेमाल किया गया था, जिसमें हैकर्स एक प्रोग्राम या बॉट का इस्तेमाल करके लॉक के लिए अक्षर और नंबर के हर मुमकिन कॉम्बिनेशन को ट्राई करते हैं।

## जयपुर डंपरकांड के बाद सीएम शर्मा का एक्शन, शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस रद्द करो



**जयपुर (एजेंसी)।** पिंक नगरी के नाम से मशहूर जयपुर में डंपर के कहर से 14 लोगों की मौत होने के बाद भजनलाल सरकार ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आदेश जारी किए है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए।

परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से प्रदेशभर में मंगलवार (4 नवम्बर) से आगमी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाएंगे। हादसे के बाद देर रात मुख्यमंत्री आवास पर सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में ट्रैफिक व रोड सेफ्टी को लेकर हाईलेवल बैठक हुई।

सीएम शर्मा ने आदेश दिया कि हाईवे के आस-पास अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाएं। प्रदेश में अवैध कटों को बंद किया जाए, ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। समय पर कार्यवाही नहीं करने वाले विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई होगी।

सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से प्रदेशभर में मंगलवार (4 नवम्बर) से आगामी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाए। यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर काम करें। उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक नहीं लेने वाले जिला कलेक्टर्स से जवाब लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी वाहन लाइसेंस नवीनीकरण के समय प्रस्तुत की जाने वाली आंखों की जांच रिपोर्ट गलत पाए जाने पर उसे जारी करने वाली संबंधित डॉक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

## पूर्व विदेश सचिव ने किया खुलासा : चीन और पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई दोस्ती

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान के बीच जबरदस्त गठजोड़ दिखाई दिया। इसे रणनीतिक साझेदारी बताते हुए पूर्व विदेश सचिव पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन-पाकिस्तान के बीच गहरी रणनीतिक साझेदारी का संकेत मिला। पाकिस्तान के साथ चीन की भागीदारी रक्षा आपूर्ति से आगे बढ़कर खुफिया और कूटनीतिक समर्थन तक पहुंच गई है। इससे एक सदाबहार गठबंधन बन गया है जिसका उद्देश्य भारत के उत्थान को रोकना है। श्रृंगला ने पुणे इंटरनेशनल सेंटर की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान भारत की विदेश नीति और रणनीतिक मामलों पर बात की। चीन में भारत के पूर्व राजदूत गौतम बंबावाले ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। बता दें कि इस साल मई में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का करारा जवाब था। इसमें 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई। 6-7 मई की रात भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान व पीओके में 9 आतंकी ठिकानों (बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद आदि) पर प्रिसिजन मिसाइलें दागीं। इस दौरान 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान ने जवाबी हमले किए, लेकिन भारत ने उसके 11 एयरबेस, रडार तबाह कर दिए। हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि भारत की विदेश नीति यथार्थवाद और आदर्शवाद के बीच संतुलन को दर्शाती है। यह विकासात्मक जरूरतों, रणनीतिक आजादी और समावेशी नजरिए को एक साथ लेकर चलती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से चीनी हथियारों के इस्तेमाल से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस पर श्रृंगला ने इस संघर्ष को चीन-पाकिस्तान के बीच गहरी रणनीतिक साझेदारी का संकेत बताया।

## कांग्रेस के युवराज की शादी हुई तो पीएम मोदी उसमें शामिल होंगे: गिरिराज

**-मल्लिकार्जुन खड़गे के पीएम पर किए तंज का केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब**



**पटना(एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव मतदान का दिन करीब है और राजनीतिक दलों में बयानबाज़ी तीखी होती जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पीएम नरेंद्र मोदी पर किए गए तंज के बाद अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जवाब दिया है। दरअसल खड़गे ने सोमवार को पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि 'पीएम बिहार में ऐसे घूम रहे हैं जैसे उनके बेटे की शादी हो।' इस बयान के जरिए खड़गे ने पीएम मोदी की चुनावी रैलियों और रोड शो पर निशाना साधा था। खड़गे ने आरोप लगाया था कि मोदी बिहार के सीएम नीतीश कुमार को 'डुबाने की चाल' चल रहे हैं और चुनाव के बाद उन्हें किनारे कर अपने किसी 'चेले' को सीएम बना देंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खड़गे ने यह भी कहा कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को 'गायब' कर दिया है, क्योंकि अब पीएम मोदी समेत एनडीए नेता उन्हें सीएम पद के दावेदार के रूप में पेश करने की बात भी नहीं करते। उन्होंने व्यंग्य में कहा कि नीतीश जी अब मोदी की गोद में बैठे हैं, लेकिन चुनाव के बाद उन्हें दूध में से मक्खी की तरह निकाल दिया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष के इन तीखे हमलों पर बीजेपी ने तुरंत जवाब दिया। गिरिराज ने खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस के युवराज की शादी होती है, तो पीएम मोदी उसमें भी शामिल होंगे। गिरिराज ने कहा कि ये लोग पहले हिंट एंड रन की राजनीति करते हैं और फिर माफ़ी मांग लेते हैं। सरकार बनने पर हम इनको गंगाजल से शुद्ध करेंगे। गिरिराज ने कहा कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को लेकर साफ नारा दिया है- '2025 में नीतिश कुमार', यानी नीतीश ही मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सीट बंटवारे पर पहले अपना हाल तो देख लें, महागठबंधन के अंदर ही खींचतान खत्म नहीं हो रही है।

खड़गे ने अपने बयान में पीएम मोदी के रोड शो का ज़िक्र करते हुए कहा था कि नीतीश जी कहां थे, कहीं नजर नहीं आए। मोदीजी ने उन्हें गायब कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी-जेडीयू सरकार अब जनता की समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए घोषणाओं की राजनीति कर रही है। खड़गे ने आगे कहा कि दो दशक से बिहार में बीजेपी-जेडीयू की सरकार है और 11 साल से मोदी केंद्र में हैं। फिर भी बिहार में बेरोज़गारी, पलायन और आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है।

उन्होंने नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'चुनाव आते ही महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए डाल दिए गए, ताकि वोट मिल जाएं, लेकिन बिहार के लोग समझदार हैं वे सोच-समझकर वोट देंगे। बीजेपी की तरफ से गिरिराज के अलावा कई नेताओं ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया है। गिरिराज ने तीखे शब्दों में कहा कि लालू के युवराज और राहुल गांधी दोनों को अब समझना चाहिए कि बिहार की राजनीति अब मज़ाक नहीं है। चौब चले छब्बे बनने, लेकिन दुबे बनकर लौटे।

बयानबाज़ी के इस दौर में दोनों दल एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करने से भी नहीं चूक रहे हैं। खड़गे के 'बेटे की शादी' वाले तंज के जवाब में गिरिराज का कांग्रेस युवराज की शादी वाला व्यंग्य अब बिहार के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का नया केंद्र बन गया है।

## मार्च 2026 के आखिर तक 7 मिशन प्रक्षेपित करेगा इसरो, चीफ ने बताया प्लान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मार्च 2026 के आखिर तक 7 मिशन प्रक्षेपित करने का लक्ष्य रखा है। इनमें गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन भी शामिल है। यह जानकारी देते हुए इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि इसरो ने गगनयान कार्यक्रम के तहत मानवयुक्त मिशन से पहले तीन मानवरहित मिशन को प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है। इनमें से पहला मानवरहित प्रक्षेपण-जी1 मिशन-मार्च 2026 तक होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि हमारा गगनयान कार्यक्रम अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। यह अग्रिम चरण में है। सभी उपकरण श्रीहरिकोटा पहुंच चुके हैं और उन्हें संयोजित किया जा रहा है। हमने तीन मानवरहित मिशन की योजना बनाई है। पहला मानवरहित मिशन, जी1 मिशन, चालू वित्त वर्ष के अंत से पहले पूरा हो जाएगा।

नारायणयन ने भविष्य के मिशन कार्यक्रमों के बारे में कहा कि मार्च 2026 के अंत से पहले सात मिशनों की योजना है। वह अंतरिक्ष विभाग के सचिव पद पर भी पदस्थ हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल पीएम मोदी के इस दृष्टिकोण के तहत की गई है कि इसरो अगले पांच सालों में 50 रॉकेट प्रक्षेपित करेगा। उन्होंने कहा कि हमने इस वित्तीय वर्ष के अंत से पहले सात प्रक्षेपण करने की योजना बनाई है। यह मार्च 2026 तक है।

नारायणन ने कहा कि रविवार के एलवीएम3-एम05 प्रक्षेपण के बाद, एजेंसी एक अन्य एलवीएम3 रॉकेट प्रक्षेपण करेगा, जो एक ग्राहक के लिए वाणिज्यिक संचार उपग्रह कक्षा में ले जाएगा। इसके बाद हम तीन और पीएसएलवी मिशन को अंजाम देंगे। इनमें से एक एनएसआईएल के ग्राहक के उपग्रह के लिए है। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड इसरो की वाणिज्यिक शाखा है।

इसरो प्रमुख ने कहा कि इसरो ने एक अन्य प्रौद्योगिकी विकास मिशन पीएसएलवी-एन1 की भी योजना बनाई है, जिसे चालू वित्त वर्ष के अंत से पहले प्रक्षेपित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे घटनाक्रम हो रहे हैं। हमने मार्च 2026 से पहले जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट मिशन की भी योजना बनाई है।

# बांग्लादेश बना नया नार्को हब: आईएसआई और दाउद गैंग ने बुना जाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज़ इंटेलिजेंस (आईएसआई) और दाऊद इब्राहिम के डी-सिंडिकेट द्वारा नशीले पदार्थों के व्यापार को बढ़ाने और भारत तथा अन्य देशों में फैलाने के लिए बांग्लादेश को मुख्य केंद्र बनाने की योजना पर काम कर रहा है। भारत में एजेंसियों की बढ़ती कार्रवाई के कारण, डी-सिंडिकेट ने नशीले पदार्थों के कारोबार को बढ़ाने के लिए बांग्लादेश में अपना अड्डा बना लिया है। आईएसआई ने डी-सिंडिकेट को बांग्लादेश को भारतीय बाजार में ड्रग्स पहुँचाने के लिए मुख्य केंद्र के रूप में इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। आईएसआई बांग्लादेश की वर्तमान अंतरिम सरकार के पाकिस्तान के प्रति दोस्ताना रवैये का फायदा उठा रहा है। आईएसआई चाहती है कि दाऊद गैंग बांग्लादेश का इस्तेमाल सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पश्चिमी और मध्य पूर्वी देशों में भी ड्रग्स की तस्करी के लिए करे।

दाउद-सिंडिकेट ने म्यांमार से ऑपरेट होने वाले ड्रग माफिया के साथ गठबंधन किया है। व्यापार को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को मुख्य ऑपरेटिंग सेंटर बनाने का मकसद पाकिस्तान से फोकस हटाना है। जब फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जैसी संस्थाएँ टेरर फंडिंग की जाँच करेंगी, तब उंगली बांग्लादेश पर उठेगी, पाकिस्तान पर नहीं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में वापस आने से बचना चाहता है, क्योंकि इससे उसकी अर्थव्यवस्था ढह सकती है।

वहीं पाकिस्तान सऊदी अरब के बाजार पर भी नज़र रख रहा है। दोनों देशों के बीच हुए परमाणु सुरक्षा और सैन्य समझौते का फायदा उठाया जा रहा है। योजना है कि सऊदी अरब में रहने वाले अवैध पाकिस्तानी नागरिकों को ड्रग्स व्यापार के लिए इस्तेमाल किया जाए। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, दाऊद नेटवर्क ने एक बार फिर अल-कायदा और बोको हराम के साथ संबंध शुरू कर दिए हैं। ये आतंकी समूह भारी रकम के बदले दाऊद नेटवर्क को ड्रग्स सप्लाई करने वाले है। इस नेटवर्क को दाऊद का भाई अनीस इब्राहिम संभालेगा। इन आतंकी समूहों को भर्ती और ट्रेनिंग के लिए फंड की ज़रूरत है, इसलिए यह गठजोड़ उनके लिए फायदेमंद है। आईएसआई द्वारा बड़े पैमाने पर नार्कोटिक्स ट्रेड को बढ़ाना सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि कई दूसरे देशों के लिए भी एक बड़ी समस्या है, जिससे निपटने के लिए एकजुट प्रयास की ज़रूरत है।

## नकली ओआरएस लेबल स्वास्थ्य के लिए खतरा, एफएसएसएआई के निर्देशों में हस्तक्षेप नहीं

दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह एफएसएसएआई के उस निर्देश में हस्तक्षेप नहीं करेगा, जिसमें ओआरएस शब्द को उपसर्ग या प्रत्यय के साथ भ्रामक लेबल वाले पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध

दिल्ली हाईकोर्ट



लगाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जन स्वास्थ्य खतरे को जारी नहीं रहने दिया जा सकता। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने कहा कि यह स्वास्थ्य के लिए खतरा है, इस प्रतिबंध को जारी रखा जाएगा। जन स्वास्थ्य चिंताओं को देखते हुए अदालत इस प्रतिबंध को हटा नहीं रही है। यह टिप्पणी डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज लिमिटेड बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में आई, जहां कंपनी ने एफएसएसएआई के 14 और 15 अक्तूबर के आदेशों को चुनौती दी थी। इन आदेशों में इलेक्ट्रोलाइट और पेय उत्पादों के पंजीकृत ट्रेडमार्क में ओआरएस शब्द के उपसर्ग या प्रत्यय के साथ उपयोग की पूर्व अनुमति वापस ले ली गई थी।

# भारत के चावल की दूर तक फैलेगी महक, तीन हजार करोड़ का करार

कौमी पत्रिका

दिल्ली। राजधानी में बृहस्पतिवार को दो दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) 2025 का शुभारंभ भारत मंडपम में हुआ। यह सम्मेलन भारत के कृषि और निर्यात क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इसका आयोजन एपीडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और अन्य सरकारी व उद्योग निकायों के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में भारत और दुनियाभर से कम से कम 7800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें वैश्विक खरीदार, निर्यातक, नीति निर्माता और तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में भारत की पहली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित चावल छंटाई प्रणाली का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर 17 भारतीय किसानों को अंतर्राष्ट्रीय आयातकों द्वारा सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने वैश्विक चावल व्यापार में भारत की भूमिका बढ़ाने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम में चावल उत्पादन और प्रसंस्करण को अधिक कुशल और सटीक बनाने वाली मशीनरी और तकनीकी समाधानों का प्रदर्शन भी हुआ। सम्मेलन के पहले दिन ही 3000 करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें अकेले बिहार की निजी कंपनियों के साथ 2200 करोड़ रुपये से अधिक के समझौते शामिल हैं, जो खासतौर पर कतरनी चावल जैसी जीआई किस्मों से संबंधित हैं। भारत का लक्ष्य इस सम्मेलन के माध्यम से वैश्विक चावल व्यापार के 1.8 लाख करोड़ रुपये के बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है। अनुमान है कि इस साल कुल 25,000 करोड़ रुपये के सौदे हो सकते हैं। सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम गर्ग ने कहा कि किसान इस सम्मेलन की सफलता की नींव हैं। एआई संचालित छंटाई और सटीक प्रसंस्करण जैसी तकनीक के साथ हम कृषि के नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। बीआईआरसी 2025 नवाचार, व्यापार और स्थिरता को जोड़ने का मंच है। सम्मेलन में देशभर के कई प्रतिष्ठित किसानों को सम्मानित किया गया। विदेशी बाजारों में बेहतर मांग के चलते इस वित्त वर्ष के दौरान देश से चावल निर्यात मात्रा के लिहाज से 10 फीसदी से अधिक बढ़ने की संभावना है। 2024-25 में 12.95 अरब डॉलर मूल्य के 2.01 करोड़ टन चावल का निर्यात किया गया था। यह 172 से अधिक देशों को भेजा गया था। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) चेयरमैन अभिषेक देव ने कहा, इस वित्त वर्ष में मूल्य के लिहाज से भी निर्यात बढ़ेगा। देव ने चावल की विभिन्न किस्मों के साथ चावल आधारित प्रसंस्कृत उत्पादों जैसे राइस क्रैकर्स के निर्यात को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। सरकार ने 26 देशों की पहचान की है, जो वर्तमान में भारत से बहुत कम मात्रा में चावल खरीदते हैं। इन देशों में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। हम भारतीय चावल की किस्मों को बढ़ावा देने के लिए इन 26 देशों में प्रतिनिधिमंडल भेज रहे हैं। सितंबर में चावल का निर्यात मूल्य 33.18 फीसदी बढ़कर 92.5 करोड़ डॉलर हो गया। अप्रैल-सितंबर के दौरान यह 10 फीसदी बढ़कर 5.63 अरब डॉलर हो गया। भारत दुनिया के सबसे बड़े चावल उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है। भारत ने 2024-25 में लगभग 4.7 करोड़ हेक्टेयर से लगभग 15 करोड़ टन चावल का उत्पादन किया, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग 28 फीसदी है। उन्नत बीज किस्मों, बेहतर कृषि पद्धतियों और विस्तारित सिंचाई कवरेज के कारण औसत पैदावार 2014-15 में 2.72 टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में लगभग 3.2 टन प्रति हेक्टेयर हो गई है।



# जहरीली हवा से अस्पतालों में आंख के 60 फीसदी मरीज बढ़े

दिल्ली। जहरीली हवा ने सबसे अधिक आंखों पर प्रभाव डाला है। दिल्ली के अस्पतालों में करीब 60 फीसदी आंखों के मरीज बढ़े हैं। ओपीडी में आने वाले अधिकतर मरीजों में एलर्जी, सूखापन, तेज जलन और आंखों से लगातार पानी आने की शिकायतें मिली हैं। यह परेशानियां बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और बाहर काम करने वालों को सबसे ज्यादा सता रही हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो ये छोटी-छोटी दिक्कतें आंखों की गंभीर बीमारियों में बदल सकती हैं। दिल्ली आई सेंटर के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. हरबंश लाल ने बताया कि दीपावली के बाद ये समस्या हर साल बढ़ती है, लेकिन इस बार हालात चिंताजनक हैं। सेंटर में आंखों की शिकायतों वाले मरीजों की संख्या में 50-60 फीसदी उछाल आया है। एम्स के आरपी सेंटर फॉर नेत्र रोगों के प्रोफेसर डॉ. राजेश सिन्हा ने भी इसे खतरे की घंटी बताई। उन्होंने बताया कि पिछले 72 घंटों में हमारे पास आंखों में सूखापन, चुभन और पानी आने के केस 50 फीसदी बढ़े हैं। हवा के छोटे कण आंखों की सुरक्षात्मक परत को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सूजन हो जाती है। अगर ये लंबे समय तक चला तो संक्रमण, कॉर्निया की क्षति या अस्थायी धुंधली दृष्टि जैसी जटिलताएं हो सकती हैं। प्रदूषण का सबसे बुरा असर उन पर पड़ रहा है, जो घंटों बाहर रहते हैं। ट्रैफिक पुलिसकर्मी, डिलीवरी



बॉय, निर्माण मजदूर और स्ट्रीट वेंडर जैसे लोग लगातार जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। स्कूलों में छुट्टियां होने के बावजूद, पार्कों या खेलने जाते बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, बुजुर्गों में आंसू ग्रंथियां कमजोर होती हैं, जिससे सूखापन और जलन दोगुनी हो जाती है। डॉ. लाल ने बताया कि कॉन्टैक्ट लेंस वाले और मेकअप करने वाले विशेष रूप से जोखिम में हैं। डॉ. सिन्हा ने बताया कि आंखों की सुरक्षा फेफड़ों जितनी ही जरूरी है। चश्मा पहनना और ड्रॉप इस्तेमाल करना जैसे छोटे कदम आंखों को बचा सकते हैं। अगर लालिमा, दर्द या धुंधली नजर बनी रहे, तो तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से मिलें।

## सीलमपुर में गैंगवार, मारा गया हाशिम बाबा गैंग का शूटर

नई दिल्ली। सीलमपुर इलाके में हाशिम बाबा गैंग के बदमाश पर ताब ?तो ? गोलीबारी कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मिस्बाह (22) के रूप में हुई है। मिस्बाह पर हमलावरों ने दो दर्जन से अधिक गोली चलाई, जिसमें से करीब 15 गोली उसे लगी। पुलिस ने मौके पर छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, हाशिम बाबा गैंग से तालुक रखने वाले मिस्बाह पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर वारदात में शामिल हमलावरों की पहचान कर रही है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात करीब 10.40 बजे सीलमपुर थाना पुलिस को सीलमपुर स्थित जामा मस्जिद के पास गोलीबारी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने देखा कि मौके पर खड़ी एक कार के पास युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है। पुलिस घायल युवक को तुरंत पास के जग प्रवेश अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से कई साक्ष्य हासिल किए। जांच में पता चला कि वह जुलाई माह में जेल से बाहर आया था। बृहस्पतिवार रात वह के ब्लॉक सीलमपुर में कॉफी पीने के लिए कार से आया था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। मिस्बाह ने अपनी जान बचाने के लिए कार की आड़ में आने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उसके पास आकर ताबड़तोड़ गोली चलाकर उसे छलनी कर दिया। मिस्बाह के हाशिम बाबा गैंग से तालुक रखने से पुलिस इसे गैंगवार मान रही है और विरोधी छेनू गैंग के बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। मिस्बाह पर दर्ज सात मामलों का पता चला है, जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास लूटपाट और शस्त्र अधिनियम के मामले शामिल हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि मिस्बाह पहले छेनू गैंग के लिए काम करता था।

## दिल्ली में फैक्टरी के अंदर बिना दूध के बन रहा था जहरीला घृत, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बवाना औद्योगिक क्षेत्र में मिलावटी घी बनाने वाली एक अवैध फैक्टरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपयों कोंडली, सोनीपत हरियाणा निवासी सतेंद्र (44) और गांव बखेता, जिला रोहतक हरियाणा निवासी परवीन (29) को गिरफ्तार किया गया है। फैक्टरी में छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने 3,700 लीटर से अधिक नकली घी, बड़ी मात्रा में कच्चा माल, पैक करने वाली सामग्री और इसे बनाने में प्रयुक्त मशीनरी भी जब्त की। अपराध शाखा के पुलिस




उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर लिछमन की टीम को 29 अक्तूबर को सूचना मिली थी कि औद्योगिक क्षेत्र में एक इकाई विभिन्न लोकप्रिय ब्रांड के लेबल लगाकर अवैध रूप से मिलावटी घी बना रही है और पैकिंग कर रही है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर परिसर में छापा मारा गया। यहां पर पता लगा कि पूरी तरफ फैक्टरी लगी हुई थी। पुलिस ने पाया कि आरोपी मिलावटी घी बनाने के लिए रिफाइंड तेल और बिना दूध वाले अन्य पदार्थों का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बाद में उन्होंने उत्पाद को लोकप्रिय देसी घी ब्रांड जैसा दिखाने के लिए पैक किया और लेबल चिपकाया। पुलिस ने फैक्टरी से 2,500 लीटर पैक किया हुआ मिलावटी घी और लगभग 1,200 लीटर बिना पैक किया हुआ घी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह का मास्टरमाइंड सतेंद्र नकली घी बनाने का अवैध धंधा शुरू करने से पहले सोनीपत में खली बेचने का छोटा-मोटा धंधा करता था।

## दिल्ली में बाहरी पुराने और गैर-बीएस-वीआई ट्रक और मालवाहक बंद

दिल्ली। राजधानी में पर्यावरण को सुरक्षित बनाने और वायु प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। 1 नवंबर से दिल्ली के बाहर पंजीकृत और बीएस-वीआई (बीएस-ङ्कढ्ढ) मानकों का पालन न करने वाले सभी वाणिज्यिक माल वाहन जैसे ट्रक, टेंपो और अन्य भारी वाहन राजधानी में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। इस नियम का मुख्य उद्देश्य राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को कम करना और पुराने, अधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों को शहर में आने से रोकना है। इसके बाद केवल दिल्ली में पंजीकृत वाहन या बीएस-वीआई मानक वाले वाहन ही राजधानी में प्रवेश कर सकेंगे। दिल्ली सरकार ने पहले ही कई बार लोगों को चेतावनी दी थी, लेकिन अब नियम को कड़ाई से लागू किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इससे ट्रैफिक की स्थिति में सुधार भी होगा, क्योंकि पुराने और बड़े वाहनों की वजह से अक्सर सड़क पर जाम लगता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम दिल्ली की हवा को साफ करने में मदद करेगा। शहर में पिछले कई वर्षों से वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और वाहनों से निकलने वाला धुआं इसमें सबसे बड़ी भूमिका निभा रहा है। पुराने ट्रक और टेंपो अधिक धुआं छोड़ते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस नियम के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। ऐसे वाहन जब भी राजधानी में प्रवेश करने की कोशिश करेंगे, उन्हें रोका जाएगा और भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

## चालक को 100 रुपये थमा ई-रिक्शा लेकर हुआ फरार

नई दिल्ली। आदर्श नगर इलाके में एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है। सवारी के रूप में बैठे बदमाश ने चालक को सौ रुपया देकर सामान लाने भेज दिया और उसका ई-रिक्शा व हजारों रुपये लेकर रफूचक्कर हो गया। काफी तलाश के बाद बदमाश के नहीं मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, वाजिद बुराड़ी इलाके में रहता है। वह पेशे से ई-रिक्शा चालक है। आदर्श नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि वह 28 अक्तूबर की सुबह 11.30 बजे एक सवारी को लेकर बुराड़ी से आजादपुर के रामेश्वर नगर आया। वहां पहुंचने के बाद भी युवक उसके ई-रिक्शा पर बैठा रहा।

## एनआरआई महिला से लूट के मामले में दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में इंग्लैंड से आई 75 वर्षीय एनआरआई महिला से लूट के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रोहित (26) और मुकुल (24) के रूप में हुई है। आरोपी महिला सतनाम का बैग छीनकर फरार हो गए थे। बैग में 300 पाउंड, 50 हजार रुपये नकद, सोने के जेवर, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने 15 किलोमीटर क्षेत्र में लगे 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दोनों को मंडोली एक्सटेंशन और त्रिलोकपुरी से पकड़ा। इनके पास से 135 पाउंड, मोबाइल फोन, जेवरात, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। दोनों के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।


**NAME CHANGE**
I, HARENDRA KUMAR S/O RAJA RAM R/O H No.6, Chauhan Mohalla, Madanpur Khadar, Sarita Vihar, PO-Sarita Vihar, DIST- South Delhi, Delhi-110076, have changed the name of my minor daughter ANSHU KUMARI aged 16 Years and She shall hereafter be known as SHIVANI KUMARI.

**NAME CHANGE**
I, No 14855409Y Hav/Clk (SD) Ramesh Ram R/o Village Hariyada, PO Hariyada, Teh Bilara, Distt Jodhpur, RJ-342605 have changed in army records the name and date birth of my mother from Nenu Devi (19-08-1965) to Naini (01-01-1960) vide affidavit dated 18-08-2025 before Session Court Jodhpur.

**सार्वजनिक सूचना**
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नरेश, ग्राम नया गोअन सिकंदराबाद, देहात परगना एवं तहसील सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में स्थित, खसरा संख्या 711 का भाग, 156.44 वर्ग गज क्षेत्रफल वाले एक भूखंड के पूर्ण स्वामी हैं। पूर्व में, श्री नरेश, अन्य लोगों के साथ, खतौनी (फसल वर्ष 1426-1431) के आधार पर उक्त खसरा संख्या 711 के सह-स्वामी थे। अब वह उक्त भूखंड श्री भीम सिंह को बेचना चाहते हैं। तदनुसार, कोई भी व्यक्ति, फर्म, या संस्था, जिसका उपरोक्त संपत्ति के संबंध में या रोहा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में प्रस्तावित बंधक के विरुद्ध कोई भी दावा, अधिकार, शीर्षक, हित, ग्रहणाधिकार या आपत्ति है, उसे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से सात (7) दिनों के भीतर प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ अपने दावे या आपत्तियां लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है। निर्धारित अवधि के भीतर किसी भी दावे या आपत्ति के प्राप्त न होने की स्थिति में, यह निर्णायक रूप से माना जाएगा कि उक्त संपत्ति पर कोई दावा, अधिकार, शीर्षक, हित या भार मौजूद नहीं है, और प्रस्तावित लेनदेन बिना किसी और संदर्भ या आपत्ति के आगे बढ़ेगा। दावे या आपत्तियां, यदि कोई हों, तो एडवोकेट दीपक मलिक को +91-9540419009 /+91-9540419091 पर प्रस्तुत की जा सकती हैं।

**PUBLIC NOTICE**
Mr. Syed Jamal Ahmad Owner of the Residential Flat no 404 , 4th floor , Tower H2 , Ganga Yamuna Hindan Apartment , Sector -07, Siddharth vihar , Ghaziabad, U.P. Mr. Syed Jamal Ahmad have lost Original Pradeshan Patra dated 30.07.2016 issued by UPAEVP in favour of Mr. Syed Jamal Ahmad, for which complaint lodged to the police. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said Flat or otherwise, may notify to undersigned only on his rahulkumargupta281401@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage
RAHUL KUMAR GUPTA
(ADVOCATE)
Off.: 43B, Third Floor, Patpargang Village, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-1
M-NO- 7252922875

**सार्वजनिक सूचना**
मेरी मुवक्किल मुन्नी W/o मुनेश्वर , R/o H.No-290, कुतुवापुर, असमौली, बडेइचा, हरदोई, उत्तर प्रदेश -241001 ने अपने पुत्र अनूप श्रीवास्तव व उसके साथ लीव इन मे रहने वाली मंजु को उनके व्यवहारों से तंग आकर अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं, जो इनसे सम्बन्ध रखेगा व खुद ही जिम्मेदार होगा। Arun Kumar (Adv)

**NAME CHANGE**
I,hitherto known as Ajay Chowdhary S/O Late (Shri) Sheodan Singh Chowdhary R/O Flat No.112, Unit-11-12, Tower-4, Veridia, Sec-01, NH-24, Oakwood Enclave, Wave City, Ghaziabad, (UP)-201002, have changed my name and shall hereafter be known as Ajay Chaudhary

**NAME CHANGE**
I RUBY BANSAL W/O MANOJ KUMAR R/O A 66 B STREET NO 06 WEST VINOD NAGAR DELHI 110092 HAVE CHANGED MY NAME TO RUBY AGGARWAL

**NAME CHANGE**
I MANOJ AGGARWAL S/O DESRAJ R/O A 66 B STREET NO 6 WEST VINOD NAGAR DELHI 110092 HAVE CHANGED MY NAME TO MANOJ KUMAR

**NAME CHANGE**
I Somanath Mavrya S/o PURANVASI MAURYA, HOUSE NO 114 KH.NO. 25/15, GROUND FLOOR BLK-C, RAMA VIHAR, Mohammad Pur Majri, PO: Karala, DIST: North West Delhi, Delhi-110081 have changed my name Somnath Maurya for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Dharam Pal Chauhan S/O Balbir Singh R/O. 17, Lalpur(149) Faridabad Haryana-121002 have changed my name to Dharam Pal.

**NAME CHANGE**
I, SHEHNAJ BABY W/o MOHD TANVEER AHMAD residing at C-24, S/F, BLOCK-V, SECTOR-C, BHAGWATI VIHAR, UTTAM NAGAR, DELHI-110059, have changed my name from SHEHNAJ BABY to SHEHNAJ BEGUM for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I,Lucky Kapoor S/O Ajit Kapoor R/O 2nd Floor, B-24, Freedom Fighter Enclave, Gate No.3, Ignou Road, South Delhi,110068, Have changed my name to Shahensha Kapoor for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I RAJENDRA KUMAR S/O UDAY RAM R/O 65/18, NEW ROHTAK ROAD, NAVA HIND SCHOOL, KAROL BAGH, DELHI-110005, have changed my name to RAJENDER KUMAR for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I KUNTI SHERSIA W/O RAJENDER KUMAR R/O 65/18, NEW ROHTAK ROAD, NAVA HIND SCHOOL, KAROL BAGH, DELHI-110005, have changed my name to KUNTI for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Kushal Singh @ Kushal Podia S/o Sh. Krishan Pal Singh R/o Village: Kaniyan, Post Office: Bharsi, District & Tehsil: Shamli, U.P.-24771 have declare that Kushal Singh and Kushal Podia is the name of one and the same person and my DOB is 29.03.2002.

**NAME CHANGE**
I, RUPALI W/O ALOK PRATAP SINGH R/O D-42, 4TH FLOOR, CANTRAL PARK, FLOWER VALLEY, SECTOR-32-33, SOHNA, GURGAON, HARYANA-122103, HAVE CHANGED MY NAME RUPALI CHAUHAN FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, ALOK PRATAP SINGH S/O RAM PRATAP SINGH R/O D-42, 4TH FLOOR, CANTRAL PARK, FLOWER VALLEY, SECTOR-32-33, SOHNA, GURGAON, HARYANA-122103, HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER'S NAME SHANVI TO SHANVI CHAUHAN FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NAME CHANGE**
I, ALOK PRATAP SINGH S/O RAM PRATAP SINGH R/O D-42, 4TH FLOOR, CANTRAL PARK, FLOWER VALLEY, SECTOR-32-33, SOHNA, GURGAON, HARYANA-122103, HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER's NAME SUBHAGYA TO SUBHAGYA CHAUHAN FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NAME CHANGE**
I, SADASHIV S BULLI father of No-2619268W Rank-LHAV Name-HANAMANT SADASHIV BULLI Presently residing at A/P-GOSABAL, TQ-GOKAK, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591227, have changed my name SADASHIV S BULLI to SADASHIV BULLI for all future purposes vide Affidavit Dated 04/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SULEMAN S/O MOHAMMED GHASITA KHAN residing at RASHID KEI KABAR, NEAR BISMILLA MASJID, NEW MUSTAFABAD, LONI DEHAT, UTTAR PRADESH-201102 have change my name to MOHD SULEMAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, MEHVISH SAGHIR D/O SAGHEER AHMED residing at H NO-4439, 2ND FLOOR, GALI SHAHTARA, AJMERI GATE, DELHI-110006 have change my name to MEHVISH SAGHEER for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, ABUZAR S/O NAZIM KHAN residing at H NO-1378, PAHARI IMLI, MATIA MAHAL, JAMA MASJID, DELHI-110006 have change my name to ABUZAR KHAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, B SARASWATHAMMA mother of NO-16127605H, Rank-L/NK, Name-BONTHOLLA SURESH residing at 3-54, VILL-NALLAGUTLAPALLI, PO-MARRIMAKULAPALLI, TEHSIL-PUNGANUR, DIST-CHITTOOR, ANDHRA PRADESH-517247, have changed my name from B SARASWATHAMMA to BONTHALA SARASWATHI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1976 instead of my correct date of birth as 01/01/1976 Vide Affidavit dated 04/11/2025 before Notary Public Delhi

**NAME CHANGE**
I, JC-333724W, Rank-SUB, Name-SHIV RAM SINGH S/o SHIV SHANKAR SINGH presently serving at Unit-GE Central Delhi Cantt-110010, have changed my wife's name from JYOTI DEVI to JYOTI SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 30/09/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Martina John Thariyan w/o Siddhartha Saluja R/o 12, Jagriti Enclave, Anand Vihar, Delhi-110092 have changed my name to Martina Thariyan Saluja for all future purposes

**NAME CHANGE**
I Sunil W/O Omvir Singh R/O. Plot No-434/5, near shishu wala talab mundka Delhi-110041 changed my name to Sunil Kumar.

**NAME CHANGE**
I, GAURAV KUMAR S/o Ravi Shankar R/o T-77, Balmiki Mohalla, Okhla Industrial Area, Phase-1, Delhi-110020, have changed my name to GAURAV permanently

**NAME CHANGE**
I, Adil Javed S/O Javed Akhtar R/O E-108, 2nd Floor Abul Fazal Enclave Part-1, Near Hari Kothi , Jamia Nagar Okhla South Delhi-110025. Delhi, India, Have changed my name to Adil Jawed for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, No-18015909L Rank-NK Name-AMIT KUMAR Father of ADITYA residing at VPO-NANDHA, TEH-BADHRA, DIST-CHARKHI DADRI, HARYANA-127308, have changed my minor son's name from ADITYA to ADITYA SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 04/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
प्राचीन हनुमान मंदिर मानव सेवा ट्रस्ट ( रजिस्टर्ड ) द्वारा देवउठनी एकादशी ( तुलसी विवाह ) पर दिनांक 02/11/2025 दिन रविवार को श्री राधाकृष्ण भगवान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व हवन यज्ञ, भंडारा आदि ब ?ी धूमधाम से किया गया . आयोजक पंडित प्रकाश शर्मा व सहयोगी.
मुख्य अतिथि
श्री मान रीपक कंसल
( सुप्रीम कोर्ट )
पता: प्राचीन हनुमान मंदिर तिलक ब्रिज मथुरा रोड दिल्ली - 110001

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी क्लाइंट अनीता देवी पत्नी स्वर्गीय अनिल कुमार निवासी मकान संख्या 309 बुराड़ी नियर डाकघर दिल्लीहै8433 नेअपने पुत्र गौरव एवं रवि को उनके दुर्व्यवहार तथा बुरे आचरण के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। उनके किसी भी कृत्य के लिए मेरी मुव्वकिला जिम्मेदार नही होगी।

**NAME CHANGE**
I, SAHODRA Mother of No-15716175L Rank-L/NK Name-LOKENDRA SINGH BHADOURIA residing at VPO- CHHARENTA, CHHARENTA (ANO), BHIND, CHHARENTA, MADHYA PRADESH-477116, have changed my name from SAHODRA to SAHODRA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 04/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Rabiya Bano W/o Jalil R/o Aant, P.O-Aant, Ant, Sitapur, Mishrikh, Uttar Pradesh - 261401, have changed my name to Rabima.

**NAME CHANGE**
I Priti D/o Gopinath R/o Tehsil-Charkhari, Mohalla Amarganj, Mahoba, Uttar Pradesh - 210421, have changed my name to Geeta.

**NAME CHANGE**
I, Bindu Singh W/o Vinod Singh R/o Ghosila, Sewapuri, Varanasi, Uttar Pradesh - 221403, have changed my minor daughter name from Sonali Singh Aged 17 years to Sakshi Singh forever.

**NAME CHANGE**
I, SADASHIV S BULLI father of No-2619268W Rank-LHAV Name-HANAMANT SADASHIV BULLI Presently residing at A/P-GOSABAL, TQ-GOKAK, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591227, have changed my name SADASHIV S BULLI to SADASHIV BULLI for all future purposes vide Affidavit Dated 04/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, MUSTAQEEM KHAN S/O ABDUL SHAKOOR R/o H NO-4366, KUCHA PANDIT, LAL KUAN, SHAHGANJ, AJMERI GATE, DELHI-110006 have changed my name to MOHD MUSTAQEEM for all future purpose.

**NOTICE**
Public at large is hereby informed that my client Mr. Abhishek Kumar S/o Mr. Ashok Kumar is the owner of Property bearing No.432, having 03 floor, Ground, First and Second Floors, Opposite GCM Apartment area measuring 104.51 sq. Mtrs. out of Khasra No. 0/667/1, Situated at Extended Abadi of Ghitorni Extn of Gitorni village New Delhi Initially, Initially, Mr. C.L Jain S/o Mr. L.C Jain was the recorded Owner of the Said Property. Who executed Regd. GPA ATS & Will dated 19.06.1992 in favour of Mr. Brij Lal S/o Mr. Bharta in respect of Property area measuring 250 sq. yds. out of Khasra No. 432, who died on 06.06.2007 leaving behind his legal heirs (1) Mrs. Basanti, (2) Mr. Ashok, (3) Mr. Mam Chand, (4) Mr. Mahesh & (5) Ms. Saroj. Later Notarized Relinquishment Deed dated 02.05.2024 executed by (1) Mrs. Bansanti W/o Late Mr. Brij Lal, (2) Mr. Mam Chand S/o Late Mr. Brij Lal, (3) Mr. Mahesh S/o Late Mr. Brij Lal & (4) Mrs. Saroj W/o Mr. Begraj Nagar in favour of Mr. Ashok S/o Late Mr. Brij Lal in respect of Built-up Property bearing No. 432, area measuring 250 Sq. Yds., out of Khasra No. 432. Who executed Notarized GPA dated 02.05.2024 in favour of Mr. Abhishek S/o Mr. Ashok in respect of Built-up Property No. 432, area measuring 125 Sq. Yds., out of Khasra No. 432. Finally, Authorization Slip Dated 21.10.2024 executed by DDA (PM Uday) in favour of Mr. Abhishek Kumar S/o Mr. Ashok Kumar in respect of Property bearing No.432, Opposite GCM Apartment area measuring 104.51 sq. Mtrs. Out of Khasra No. 0/667/1, As Doc No. 2024/8/I/6163 Volume No 3238 Book no. 1 Page No. 149-178 SR Sarojini Nagar., who intends to mortgage the said immovable property for his bonafide requirements to Cholamandalam Investment and Finance Company Ltd. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 3/11/2025
PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**NAME CHANGE**
I Lokesh Panwar S/o Ajay Pal Singh R/o C-403, Ansal Tanushree, Mehrauli, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201002 have changed the name of my minor son Tamish Panwar aged 16 years and he shall hereafter be known as Advitya Panwar.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Manish Chandrabhan Sonarghare S/o Chandrabhan Sonarghare R/o Flat No-806, Tower-N, Prateek Wisteria, Sec-77, Noida, G B Nagar, U.P.-201301 have changed my name and shall hereafter be known as Manish Sonarghare.

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है की मेरे मुवक्किल श्री केहर सिंह पुत्र श्री नेम सिंह व मुविक्किला श्रीमती राजवती पत्नी श्री केहर सिंह, निवासी 6/435, दक्षिण पूरी एक्सटेंशन, डॉ आंबेडकर नगर, नई दिल्ली-110062 ने अपने पुत्र रोहित कुमार व उसकी पत्नी पूनम उर्फ पूर्णिमा ओर उनके पुत्र नवीश ( आयु 8 साल ) को मेरे मुवक्किल व मुवक्किला के साथ आए दिन शराब पीकर दुर्वव्हवार करने, आपस में लड़ाई झगड़ा करने और मनमाने चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इसलिए मेरे मुवक्किल व मुविक्किला ने इन दोनों से अपने समस्त रिश्ते नातो से संबंध विच्छेद कर लिए है। अब भविष्य में अपने पुत्र रोहित कुमार व पुत्रवधू पूनम उर्फ पूर्णिमा के किसी भी कृत्य, लड़ाई झगड़ा, कानूनी कार्यवाही, आपसी मुकदमेबाज़ी व लेनदेन में मेरे मुवक्किल व मुविक्किला और इनका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
विजय प्रताप सिंह अधिवक्ता
चैम्बर न. 614, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, DEVENDER KUMAR S/O GYANI RAM R/O 79 Lohiya Camp, Haidar Pur, North West Delhi, Delhi 110088 declare that name of mine and my minor daughter has been wrongly written as DEVENDER and PRACHI PAL in my minor daughter PRACHI aged 13 years in her School Records. The actual name of mine and my minor daughter are DEVENDER KUMAR and PRACHI which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, PRIYA W/O RAVINDRA KUMAR R/O B-500, NEW SEEMAPURI, EAST DELHI, DELHI-110095 declare that name of my husband has been wrongly written as RAVINDER KUMAR in my minor daughter namely VANSHIKA SINGH aged 17 years in her 10th class Educational Documents. The actual name of my husband is RAVINDRA KUMAR which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
I Mahesh Kumar Gupta S/o Jagdish Prasad Gupta R/o 17/120, Second Floor, Street No 2, Than Singh Nagar Anand Parbat, New Delhi-110005 have Loss my Shop's all Property Papper GPA, Agreement to sale, Possession Letter etc. Certificate number is IN-DL49933274724761P Whose Address is Mahesh Kumar Gupta17/50, g floor, Gali no 5 Nai Basti, Anand Parbat, New Delhi 110005 Founder contact no. 9212026068.


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुनीर खान पुत्र मुजीब खान निवासी मकान नंबर सी-216, लोहिया नगर, गाजियाबाद, यूपी** ने **CT Case No. 2985/2020, अन्तर्गत थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनीर खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनीर खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT Case No. 2985/2020, अन्तर्गत थाना गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुनीर खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री सचिन**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03
पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14786/ED/2025(Court Matter)


**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office: 5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address : qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सीडीएलयू में यूथ महोत्सव का आगाज, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

एजेंसी

**सिरसा।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग व जिला प्रशासन के तत्वावधन में चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आगाज हुआ। युवा महोत्सव के प्रथम दिन विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालय व आईटीआई के करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेते हुए भाषण, चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन व विज्ञान मेले के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत, कुलपति प्रो. विजय कुमार, व कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने महोत्सव का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढाया और उन्हें सदा मेहनत के बलबूते सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीडीएलयू के कुलपति विजय कुमार ने कहा कि यह मंच युवाओं को उनकी योग्यता प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। जब प्रतिभागी समुह प्रतियोगिता में भाग लेते है वह एक दूसरे से तालमेल करते हुए प्रस्तुति देते हैं जिससे उनमें संयुक्त रूप से सही फैसले लेने की प्रतिभा का विकास होता है। इस मौके पर मंच का संचालन करते हुए बलजीत सिहं सिंधू व रणजीत सिंह ने युवाओं को स्वामी विवेकानन्द व सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर हर क्षेत्र में आगे आने बारे प्रेरित किया।

## ग्रुप-डी उम्मीदवारों की होगी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत ग्रुप-डी, कॉमन कैडर पदों के लिए चुने गए सभी उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करने का फैसला किया है। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों से नव चयनित ग्रुप-डी कर्मचारियों की जरूरी जानकारी तुरंत देने का अनुरोध किया है। इस संबंध में मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी एक पत्र में सभी विभागाध्यक्षों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्त, पंचकूला से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत ग्रुप-डी (कॉमन कैडर) उम्मीदवारों का विवरण हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सचिव को भेजें ताकि बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। इससे पहले, चयनित उम्मीदवारों को प्रारंभिक रूप से संबंधित मंडला आयुक्तों तथा उपायुक्त, पंचकूला के कार्यालयों में ज्वाइन करने के निर्देशों के नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। तत्पश्चात इन उम्मीदवारों के पोस्टिंग ऑर्डर एचकेसीएल पोर्टल के माध्यम से जारी किए गए।

## एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

**जींद।** पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड का एसपी कुलदीप सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली तथा परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों और जवानों की ड्रेस, अनुशासन, परेड की गुणवत्ता एवं शारीरिक फिटनेस का निरीक्षण करते हुए दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत एसपी कुलदीप सिंह ने पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों का सशक्त और अनुशासित रहना ही विभाग की पहचान है।जनता के प्रति संवेदनशीलता और कार्य के प्रति ईमानदारी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, समयपालन और जनसेवा की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का नहीं बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक जींद ने अर्दली रूम में जाकर विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की तथा उपस्थित पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याएं सुनीं। अधिकांश समस्याओं का समाधान उन्होंने मौके पर ही किया तथा संबंधित शाखाओं को यह निर्देश दिए कि किसी भी कर्मचारी की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। इसके साथ ही एसपी ने वाहनों की चेकिंग व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वाहनों की नियमित चेकिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि शहर व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में रोजाना प्रभावी नाके लगा कर वाहन जांच अभियान चलाया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और नागरिकों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े। एसपी ने कहा कि हर पुलिसकर्मी इस पुलिस परिवार का अहम हिस्सा है। उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है, क्योंकि खुशहाल पुलिसकर्मी ही समाज की बेहतर सेवा कर सकता है।

## डिजिटल युग में पुस्तकें ज्ञान, चिंतन और सृजनशीलता का अनमोल स्रोतः उपायुक्त

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ सिरसा के उपायुक्त शंतनु शर्मा ने किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पुस्तकें मानव जीवन की सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकें ज्ञान, चिंतन और सृजनशीलता का अनमोल स्रोत हैं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों को नवीनतम अध्ययन सामग्री और शोध संसाधनों से परिचित करवाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन सदैव विद्यार्थियों और शोधार्थियों को सर्वोत्तम शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में पठन संस्कृति और बौद्धिक संवाद को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का सर्वोत्तम स्रोत हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण, चिंतन और सृजनशीलता को विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में प्रदर्शनी में भाग लें और अपनी ज्ञान-सीमा का विस्तार करें।सिरसा पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने विद्यार्थियों को अध्ययनशील होने के लिए प्रेरित किया।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के आयोजन के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** नौवें सिख गुरु एवं हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के भव्य आयोजन के लिए आज सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी के नेता कृष्ण जमालपुर, इनेलो के गुरविंदर धमीजा, जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष ब्रज शर्मा, आम आदमी पार्टी से सुशील गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नेता उपस्थित रहे। बैठक में सभी नेताओं ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी नेताओं ने कार्यक्रम की श्रृंखला में अन्य कार्यक्रमों को शामिल करने के साथ-साथ सभी कार्यक्रमों को मर्यादापूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के सुझाव दिए। बैठक में




सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पास किया गया, जिसमें सभी दलों के नेताओं ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का प्रण लिया और हर संभव सहयोग देने का ऐलान किया।

बैठक में बताया गया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के इस भव्य आयोजन के दौरान प्रदेश में चार प्रमुख यात्राएं निकाली जाएंगी। पहली यात्रा सिरसा के रोड़ी से 8 नवंबर को आरंभ होगी। सभी ने सर्वसम्मति से यह सुझाव दिया कि जहां-जहां गुरु साहिबान के चरण पड़े, वहां से यात्रा गुजरे। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध जन को भी यात्राओं से जोड़ा जाये। बैठक में आये एक महत्वपूर्ण सुझाव पर सहमति जताते हुए कहा गया कि 350 कन्याओं द्वारा मुख्य कार्यक्रम में गुरु कीर्तन किया जायेगा। बैठक में डॉ प्रभलीन ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का हरियाणा की भूमि से गहरा जुड़ाव रहा है। अपनी यात्राओं के दौरान उन्होंने हरियाणा की भूमि को पवित्र किया और सत्य, सहनशीलता और निर्भयता का शाश्वत संदेश दिया।

## सीएम फ्लाइंग ने यूरिया के अवैध भंडार पर मारा छापा, मिली अनियमितताएं

एजेंसी

**जींद।** सीएम फ्लाइंग ने यूरिया व खाद की अवैध स्टॉक किए जाने की सूचना पर सोमवार को नरवाना कोर्ट रोड स्थित शुभम फर्टिलाइजर पर छापेमारी की। काफी समय तक स्टॉक का मिलान टीम करती रही। फिर जांच में टीम को स्टॉक में काफी अनियमितताएं मिली। टीम ने अनियमितताओं की रिपोर्ट तैयार कर कृषि विभाग को सौंप दी है। अब आगामी कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि जिला में यूरिया व डीएपी खाद की अवैध स्टॉकिंग की जा रही है। जिस पर टीम ने सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक बिजेंद्र सिंह व सहायक उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में दोपहर को नरवाना कोर्ट रोड स्थित शुभम फर्टिलाइजर पर छापेमारी की। छापामार टीम में कृषि विभाग से एसडीओ सुनील कुमार भी शामिल हुए। जांच में सामने आया कि यूरिया के बैग 50 कम पाए गए। जबकि एमओपी की मात्रा सही मिली। वहीं



टीएसपी के 72 बैग मिले जबकि डिस्प्ले 110 किए गए थे। 38 बैग कम मिले। इसी तरह एपीएस के पांच कम, एनपीके के 19 बैग कम मिले। जिस पर सीएम फ्लाइंग ने रिपोर्ट तैयार कर कृषि विभाग के अधिकारियों को सौंप दी है। अब आगामी कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शुभम फर्टिलाइजर रिकार्ड में अनियमितता मिली है।

## हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठकः 1984 दंगा पीड़ितों को नौकरी, नई टीचर ट्रांसफर पॉलिसी मंजूर

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में 1984 दंगा पीड़ित परिवारों, शिक्षकों तथा शहीद सैनिकों के आश्रितों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कारखाना एवं दुकान अध्यादेशों में भी संशोधन को मंजूरी दी गई। नायब सरकार वर्ष 1984 में हुए दंगों के पीड़ित परिवारों के एक व्यक्ति को एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि इसकी घोषणा उन्होंने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान 25 अगस्त, 2025 को सदन में की थी। ऐसे पीड़ित परिवार के एक सदस्य को एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी दी जाएगी। मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय लिया है कि उस समय जो हरियाणा के निवासी थे, जिनकी मृत्यु दंगों के दौरान चाहे हरियाणा से बाहर हुई हो, उनके आश्रितों को भी सरकार नौकरी देगी। इस संबंध में जल्द ही विभागीय प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनको 58 साल की आयु तक नौकरी से नहीं हटाया जाएगा।

मंत्रिमंडल की बैठक में सबसे अहम एजेंडा टीचर ट्रांसफर पालिसी मंजूरी का रहा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नई टीचर ट्रांसफर पॉलिसी-2025 को मंजूरी दे दी गई। सरकार ने इस पॉलिसी को लागू करने से पहले कई चरणों में अधिकारियों के साथ मंथन किया है तो वहीं विभिन्न अध्यापक संगठनों के साथ भी बैठक करके सुझाव लिए गए हैं। अब सरकार ने कई तरह के संशोधन के बाद पॉलिसी का सरलीकरण किया है।

नई पॉलिसी के तहत ज़ोनिंग का कॉन्सेप्ट हटा दिया गया है। अब शिक्षक सीधे कोई भी स्कूल चुन सकते हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा मूल के युद्ध में जान गंवाने वाले शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए हरियाणा सरकार की नीति में छूट प्रदान की है। अब उन आश्रितों को भी नौकरी मिलेगी जो निर्धारित तीन साल की अवधि के भीतर आवेदन नहीं कर सके। इससे पहले सरकार ने 26 जून, 2025 को मंत्रिमंडल की बैठक में शहीद सैनिकों के 8 आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नियुक्ति दी है।

हरियाणा के कारखानों में कार्य करने वाले कामगारों को अब नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'कारखाना (संशोधन) अध्यादेश, 2025' को मंजूरी प्रदान की है। नए नियमों के अनुसार अब कारखाना प्रबंधन को हर श्रमिक को नियुक्ति के समय नियुक्ति पत्र अनिवार्य करने का प्रावधान है।

## सनातन एकता पदयात्रा 10 नवंबर को पहुंचेगी पलवल, मीट व शराब की दुकानें रहेंगी बंद

एजेंसी

**पलवल।** सनातन संस्कृति, एकता और सद्भाव का संदेश देने के लिए दिल्ली से मथुरा तक निकाली जा रही सनातन एकता पदयात्रा 10 नवंबर को पलवल जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। यह यात्रा श्री बांके बिहारी मंदिर, वृंदावन तक जाएगी और सात नवंबर को दिल्ली के छतरपुर मंदिर से शुरू होगी। पदयात्रा के सुचारु प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने होडल के विधायक हरिंदर सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पदयात्रा से जुड़े प्रबंधों, रात्रि ठहराव, स्वच्छता, यातायात और सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि यह यात्रा सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक है, इसलिए जिले में इसे उत्सव की भावना से देखा जाना चाहिए। उन्होंने मार्गों की सफाई और मरम्मत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। पदयात्रा 9 नवंबर को सीकरी में रात्रि विश्राम के बाद 10 नवंबर को पलवल जिले में प्रवेश करेगी। 10 नवंबर को



पलवल शहर में, 11 नवंबर को मितरौल में और 12 नवंबर को होडल स्थित अनाज मंडी में इसका रात्री विश्राम रहेगा। इसके बाद पदयात्रा 12 नवंबर को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में प्रवेश करेगी। डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि यात्रा के दौरान धार्मिक माहौल को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग और ठहराव स्थलों के आसपास की मीट और मदिरा की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सख्ती से अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई शौचालय, स्वच्छ पेयजल, जलपान और चिकित्सा व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## तीव्र गति से हो रहा विकास, प्राकृतिक संसाधनों का भी हो रहा अत्यधिक दोहन : डॉ. संजय कुमार

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने किया, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह सम्मेलन हकृवि एवं सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रिसोर्स मैनेजमेंट, (एसएसएआरएम) हिसार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। एएसआरबी चेयरमैन डॉ संजय कुमार ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा कि आज विकास तीव्र गति से हो रहा है परंतु इसके साथ प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन भी हो रहा है। भूमि, जल और उर्जा संसाधनों पर बढ़ता दबाव मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में




सतत संसाधन प्रबंधन का महत्व ओर भी बढ़ जाता है। यह न केवल कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाता है बल्कि खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित करता है। सतत कृषि और इसकी आवश्यकताओं पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि मानव आबादी के लिए पर्याप्त खाद्यान्न उत्पादन के अलावा पशुधन के लिए चारे व दाने की आपूर्ति करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। सम्मेलन में उपरोक्त विषय से संबंधित विभिन्न पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने कहा कि कृषि, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, भूमि क्षरण और रासायनिक प्रदूषण जैसी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए सतत संसाधन प्रबंधन अपनाना समय की आवश्यकता है ताकि कृषि उत्पादन टिकाऊ हो।

उन्होंने बताया कि गत पांच वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय ने राया, गन्ना, मूंग और गेहूं सहित विभिन्न फसलों की 44 उन्नत किस्में विकसित की है। इसके अतिरिक्त विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि इजाद की गई उन्नत किस्मों ने हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों में रिकार्ड उत्पादन किया है।विशिष्ट अतिथि फ्रांस के आर्थर रीडैकर ने सतत कृषि, खाद्य पर्यावरण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

## हड़ियों के किराये के विवाद में गोली चलाने का आरोपी काबू

एजेंसी

**गुरुग्राम।** रेहडियों से किराये को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर गोली चलाकर जानलेवा हमला कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के कब्जा से एक जिंदा कारतूस, एक खाली खोल कारतूस व वारदात में प्रयोग कार बरामद की है। पुलिस को शिकायत देकर एक युवक ने कहा कि उनकी सन सिटी ग्वाल पहाड़ी के पास जमीन है। उस जमीन पर वह रेहडियां लगवाता है। एक सप्ताह पूर्व जयप्रकाश रेहडियों का किराया लेने आया। उस समय उसके चाचा करतार के साथ जयप्रकाश की बहस हो गई। इसी विवाद के बाद तीन-चार दिन पूर्व उसके भाई धनराज की भी जयप्रकाश के साथ कहासुनी हो गई। रविवार की शाम को उसका भाई धनराज अपनी दुकान पर बैठा था, तभी जयप्रकाश के बेटे प्रशांत, निशांत आशीष, दीपक व पियूष लाठी-डंडे लेकर वहां पर आए। उन्होंने धनराज के साथ मारपीट की।

जब धनराज के परिवार में यह बात पता चली तो परिवार के सदस्य ग्वाल पहाड़ी स्थित जयप्रकाश की दुकान पर पहुंचे। वहां धनराज के साथ हरेंद्र, सतबीर, जयप्रकाश व गुल्लू और अन्य मारपीट रहे थे। हरेंद्र ने जान से मारने की नीयत से धनराज पर फायरिंग कर दी और धनराज के हाथ में गोली जा लगी। आरोपियों ने उसके भाई को जान से मारने की नीयत से स्कॉर्पियो गाड़ी से टक्कर मारी। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर कदी। पुलिस ने एक आरोपी को ग्वाल पहाड़ी से काबू कर लिया। जिसकी पहचान सतबीर (49 वर्ष) निवासी ग्वाल पहाड़ी गांव के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसका और पीड़ित पक्ष का एक ही परिवार है। आरोपी सतबीर गुरुग्राम में पानी सप्लाई का काम करता है।

## पीएम मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी उसी दिन इंटरनेशनल गीता महोत्सव में भी शामिल होंगे, जिसका 10वां एडिशन भी 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में होगा। पहली बार यह फेस्टिवल 21 दिनों तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने यहां मीडिया को बताया कि गीता महोत्सव संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का एक अनोखा संगम पेश करेगा। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र 48 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है और यहां कई तीर्थ स्थल हैं। कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड ने ऐसी 182 जगहों की पहचान की है। मुख्यमंत्री सैनी ने फेस्टिवल की बढ़ती ग्लोबल अपील पर जोर देते हुए कहा कि गीता महोत्सव पहले ही मॉरीशस, लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और इंडोनेशिया में मनाया जा चुका है। भगवद गीता के जन्मस्थान कुरुक्षेत्र में हर साल इस महोत्सव में भारत और विदेश से आने वाले भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसके कारण हर साल बड़े पैमाने पर तैयारियां की जाती हैं। इस बार मध्य



प्रदेश पार्टनर राज्य होगा। अपनी समृद्ध धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत के लिए मशहूर मध्य प्रदेश के पार्टनर राज्य के तौर पर शामिल होने से इस फेस्टिवल का कद काफी बढ़ गया है। ब्रह्म सरोवर के पास, पुरुषोत्तम पुरा बाग में मध्य प्रदेश का एक खास कल्चरल पवेलियन बनाया जा रहा है, जो विजिटर्स को राज्य की अलग-अलग परंपराओं का शानदार अनुभव देगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गीता महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन 24 नवंबर को ब्रह्म सरोवर के किनारे गीता यज्ञ और पूजा समारोह के साथ किया जाएगा। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में तीन दिन का इंटरनेशनल गीता सेमिनार भी शुरू होगा। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय के सहयोग से 16 देशों के 25 स्कॉलर भी इस सेमिनार में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने आगे कहा कि विदेश मंत्रालय के जरिए 51 देशों में गीता महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और उनका लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। फिजी और त्रिनिदाद और टोबैगो से बीस पुजारी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए दो दिनों के लिए कुरुक्षेत्र आएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सूचना और जनसंपर्क विभाग त्योहार के दौरान एक यूट्यूब चैनल चलाएगा। भक्तों को भगवद गीता के अपने पसंदीदा श्लोकों पर अपने अनुभव और विचार शेयर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## हरियाणा में अंशकालिक और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का वेतन बढ़ा जनवरी 2025 से मिलेगा लाभ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत अंशकालिक (पार्ट टाइम) और दैनिक वेतनभोगी (डेली वेजिज) कर्मचारियों के वेतन में संशोधन करने का निर्णय लिया है। संशोधित वेतन 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में एक अधिसूचना की गई है। यह निर्णय विभिन्न विभागों और संगठनों द्वारा वेतन वृद्धि के सम्बन्ध में किए गए प्रतिवेदनों के बाद लिया गया है, ताकि अंशकालिक और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उचित पारिश्रमिक मिल सके। राज्य को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है और हर श्रेणी में तीन स्तरों (लेवल) के लिए अलग-अलग वेतन दरें तय की गई हैं। श्रेणी-1 में आने वाले जिलों में अब लेवल-1 कर्मचारियों को 19,900 रुपये प्रतिमाह, 765 रुपये प्रतिदिन और 96 रुपये प्रति घंटा वेतन मिलेगा। लेवल-2 कर्मचारियों को 23,400 रुपये प्रतिमाह, 900 रुपये प्रतिदिन और 113 रुपये प्रति घंटा, जबकि लेवल-3 कर्मचारियों को 24,100 रुपये प्रतिमाह, 927 रुपये प्रतिदिन और 116 रुपये प्रति घंटा दिया जाएगा। श्रेणी-2 जिलों में लेवल-1 के लिए 17,550 रुपये प्रतिमाह, 675 रुपये प्रतिदिन और 84 रुपये प्रति घंटा मिलेगा। लेवल-2 के लिए 21,000 रुपये प्रतिमाह, 808 रुपये प्रतिदिन और 101 प्रति घंटा, जबकि लेवल-3 के लिए 21,700 रुपये प्रतिमाह, 835 रुपये प्रतिदिन और 104 रुपये प्रति घंटा वेतन निर्धारित किया गया है। श्रेणी-3 जिलों में लेवल-1 कर्मचारियों को 16,250 रुपये प्रतिमाह, 625 प्रतिदिन और 78 रुपये प्रति घंटा मिलेगा। लेवल-2 कर्मचारियों को 19,800 रुपये प्रतिमाह, 762 रुपये प्रतिदिन और 95 प्रति घंटा, जबकि लेवल-3 कर्मचारियों को 20,450 रुपये प्रतिमाह, 787 प्रतिदिन और 98 प्रति घंटा वेतन मिलेगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह कार्य करने की देता है प्रेरणा :बड़ौली

एजेंसी

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोमवार सायं मानेसर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की तारीफ की। बड़ौली ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह मुझे संगठन और समाज सेवा के कार्यों को और अधिक ऊर्जा के साथ करने की प्रेरणा देता है। बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित में हर रोज निर्णय लेकर जनता की सेवा कर रहे हैं। नारी शक्ति के विकास के लिए नायब सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई हुई है। हरियाणा दिवस पर नायब सरकार ने हरियाणा की पात्र महिलाओं को हर महीने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से 2100 रुपये की आर्थिक सहायता देकर अपना संकल्प पूरा किया है। बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और लोगों को भाजपा के प्रति प्रेरित करें। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर सम्मेलन, व्यापारी एवं लघु उद्योग सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प खुद भी लेना है और अन्य लोगों को भी दिलाना है। कार्यालय पहुंचने पर गुरुग्राम महानगर भाजपा



भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के विज़न को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल, विधानसभा, जिला स्तर पर कार्यक्रम हो रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि युवा सम्मेलन, महिला जिला अध्यक्ष अजीत यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, जिला महामंत्री प्रदीप सैनी, मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रिंसी चाहर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लोकश शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने श्री बड़ौली का स्वागत किया।

# राहुल व खड़गे जिला अध्यक्षों को पढ़ाएंगे अनुशासन का पाठ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने संगठन में नई जान फूंकने और अनुशासन लागू करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता वाली पहली मासिक संगठनात्मक बैठक में जिलाध्यक्षों की कार्यप्रणाली की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले महीनों के लिए पार्टी के रणनीतिक रोडमैप पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा दोनों सह-प्रभारी प्रफुल्ल गुढ़धे और जितेंद्र बघेल मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया है कि हर माह बैठक करके जिला अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा होगी। राव ने कहा कि अब संगठन बैठकों का नहीं, बल्कि परिणामों का मंच होगा। दिसंबर में 10 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी भाग लेंगे। इससे पहले हुड्डा की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर राज्यपाल से मिलने का निर्णय लिया गया। हुड्डा ने अनुशासन पर सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि पार्टी लाइन से बाहर जाने वालों पर कार्रवाई होगी। बैठक में जिलाध्यक्षों से लेकर प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों तक ने संगठन की मजबूती, जिला कार्यकारिणी के गठन और बूथ स्तर तक पहुंच बढ़ाने के मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। राव नरेंद्र सिंह ने हाल ही में जारी अपने पत्र में स्पष्ट किया था कि अब जिलाध्यक्षों के कामकाज की हर माह समीक्षात्मक बैठक होगी। इसी क्रम में सोमवार की बैठक को इस नए अनुशासन चक्र की शुरुआत माना गया। जिलाध्यक्ष फाइलों के ढेर के साथ पहुंचे। इनमें दर्ज था उनका पूरा संगठनात्मक रिकॉर्ड, गतिविधियां और कार्ययोजनाएं। अब हर माह इसी आधार पर कामकाज का मूल्यांकन होगा। संगठनात्मक बैठक से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी हुई। इसमें प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष और दोनों सह-प्रभारी शामिल रहे।

## स्पाइसजेट ने संजय कुमार को बनाया कार्यकारी निदेशक



**मुंबई** घरेलू विमान कंपनी स्पाइसजेट ने अनुभवी विमानन पेशेवर एवं इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। स्पाइसजेट ने कहा कि कुमार, कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी भूमिका में विमान कंपनी की रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगे। वह सीधे स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह के अधीन काम करेंगे। सिंह ने कहा` कि विमानन व्यवसाय की उनकी गहरी समझ और सिद्ध नेतृत्व क्षमता स्पाइसजेट के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करने में बहुमूल्य साबित होगी। उनकी रणनीतिक अंतर्दृष्टि और कार्यान्वयन क्षमता के साथ हमें अपनी विकास यात्रा को गति देने तथा एक अग्रणी एवं ग्राहक-केंद्रित विमान कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने का पूरा विश्वास है।

## भारत में अमीरों की संपत्ति में तेजी, वैश्विक असमानता संकट पर

### शीर्ष एक फीसदी अमीरों की संपत्ति में भारी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली** दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी रिपोर्ट में पता चला है कि भारत के शीर्ष एक फीसदर अमीरों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह वृद्धि 54 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक असमानता संकट स्तर पर पहुंच चुकी है। एक नोबेल पुरस्कार विजेता के नेतृत्व में अध्ययन में पाया गया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक फीसदी लोगों ने 2000-2024 के बीच नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया, जबकि निचले 50 फीसदी आबादी को केवल एक फीसदी हिस्सा मिला।रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन और भारत जैसे बड़े देशों में प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से वैश्विक स्तर पर उच्च आय वाले देशों का हिस्सा कुछ कम हुआ है। अत्यधिक असमानता वाले देशों में लोकतंत्र का पतन सात गुना अधिक होता है। 2.3 अरब लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं और 1.3 अरब लोग स्वास्थ्य पर खर्च के कारण गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं।

## ओपनएआई और एडब्यूएस के बीच 38 बिलियन डॉलर की रणनीतिक साझेदारी

### नई डील से ओपनएआई को एडल्यूएस के एडवांस क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा

**नई दिल्ली** ओपनएआई ने एमेजार वेब सीरीज (एब्ल्यूएस) के साथ सात साल की रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 38 बिलियन डॉलर बताई जा रही है। इस समझौते के तहत ओपनएआई को एडब्ल्यूएस के एडवांस क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और कंप्यूटिंग क्षमता तक पहुंच मिलेगी, जिससे कंपनी अपने तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कार्यभार को संभाल सकेगी। ओपनएआई के ब्लॉग पोस्ट के अनुसार एडब्ल्यूएस के ईसी2 अल्ट्रासे विंसेज का उपयोग किया जाएगा, जिनमें हजारों एने विडिया जीबी 200 और जीबी 300 जीपीयू लगे होंगे। ये सर्वर लाखों सीपीयूएस तक स्केल कर सकते हैं, जिससे ओपनएआई को अपनी अगली पीढ़ी की एआई मॉडलिंग और चेटजीपीटी विकास को गति देने में मदद मिलेगी।

## रेनो इंडिया की बिक्री अक्टूबर में 21 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो इंडिया की अक्टूबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,672 इकाई हो गई। फ्रांस की कार विनिर्माता कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में 3,861 इकाइयों की थोक बिक्री की थी।रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो ने बयान में कहा` कि अक्टूबर में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसमें नई पेशकश ट्राइबर और किगर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया मुख्य वजह रही।''उन्होंने कहा कि इन मॉडल को लेकर शहरी एवं ग्रामीण बाजारों में काफी रुचि दिखाई दी जो त्योहारों के दौरान नए उपभोक्ता विश्वास एवं जीवंत मांग को दर्शाता है।

# टाटा मोटर्स ने अपने कारोबार को दो अलग-अलग हिस्सों में बांटा

### 1 अक्टूबर 2025 से डिमर्जर लागू, नई कंपनी जल्द ही शेयर बाजार में होगी लिस्ट




**नई दिल्ली**

देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने कारोबार को दो अलग-अलग हिस्सों में बांट दिया है। कंपनी का यह डिमर्जर अब लगभग पूरा हो चुका है। इसके तहत अब टाटा मोटर्स दो स्वतंत्र कंपनियों के रूप में काम करेगी। पहली कंपनी कार और इलेक्ट्रिक वाहनों का कारोबार संभालेगी, जबकि दूसरी कंपनी ट्रक, बस और अन्य कमर्शियल वाहनों का निर्माण करेगी। डिमर्जर योजना के तहत मौजूदा टाटा मोटर्स का शेयर अब टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के नाम से कारोबार करेगा। इसमें कंपनी का कार और इलेक्ट्रिक वाहन व्यवसाय के साथ ब्रिटेन की लग्जरी ब्रांड जगुआर लैंड रोवर में हिस्सेदारी भी शामिल होगी। वहीं, कमर्शियल व्हीकल कारोबार को अलग करके नई कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड बनाई गई है, जो स्वतंत्र रूप से शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी। यह डिमर्जर 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया। इसके बाद कंपनी ने 14 अक्टूबर 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि किन निवेशकों को नई कंपनी के शेयर मिलेंगे। जिनके पास इस दिन तक टाटा मोटर्स के शेयर थे, उन्हें 1:1 अनुपात में नई कंपनी के शेयर मिले, यानी एक पुराने शेयर के बदले एक नया शेयर। ये नए शेयर 16 अक्टूबर 2025 को निवेशकों के डिमैट खातों में जमा कर दिए गए। अब नई कमर्शियल वाहन कंपनी को बीएसई और एनएसई से लिस्टिंग की मंजूरी लेनी होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रक्रिया नवंबर के अंत या दिसंबर 2025 की शुरुआत तक पूरी हो जाएगी। तब तक ये नए शेयर निवेशकों के खातों में तो रहेंगे, लेकिन उनकी खरीद-बिक्री संभव नहीं होगी। डिमर्जर से दोनों कंपनियों को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर वृद्धि और स्वतंत्र रणनीति बनाने का अवसर मिलेगा।

## डीजीसीए विमान कंपनियों के साथ कर रहा मासिक समीक्षा बैठकें



**नई दिल्ली** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मंगलवार से तीन दिन तक एयरलाइनों के अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें कर रहा है। इन बैठकों में एयरलाइनों के समय पर कार्य निष्पादन, उड़ानों की समयसीमा, ग्राहक शिकायतों के निवारण और अन्य ऑपरेशनल मुद्दों पर चर्चा होगी। मंगलवार को विशेष रूप से एयर इंडिया और इंडिगो के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। भारत का विमानन बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। बढ़ती यातायात मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइनों और हवाई अड्डों दोनों ने अपनी क्षमता बढ़ाई है। हाल के दिनों में एयरलाइनों को फर्जी बम धमकियों, तकनीकी समस्याओं, उड़ानों के रद्द होने और देरी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। डीजीसीए की यह बैठक इन समस्याओं के समाधान और बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## अक्टूबर में भारत का अमेरिकी तेल आयात तीन गुना बढ़ा, रूस में हल्की गिरावट



**नई दिल्ली** अक्टूबर 2025 में भारत ने अमेरिका से औसतन 5.93 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल आयात किया, जो सितंबर के 2.07 लाख बैरल प्रतिदिन के मुकाबले लगभग तीन गुना अधिक है। यह मार्च 2021 के बाद अमेरिकी तेल आयात का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं रूस से आयात अक्टूबर में 16.1 लाख बैरल प्रति दिन रहा, जो पिछले साल इसी महीने के 17.3 लाख बैरल प्रति दिन से थोड़ी कम है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद अक्टूबर में आपूर्ति सामान्य रही, क्योंकि ज्यादातर शिपमेंट पहले ही बुक किए गए थे। विश्लेषकों के अनुसार भारत का यह कदम ऊर्जा सुरक्षा और भू-राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है। केप्लर के प्रमुख विश्लेषक सुमित रितोलिया का कहना है कि अमेरिकी-रूसी कीमतों के अंतर ने अमेरिकी तेल आयात को अल्पकालिक रूप से बढ़ावा दिया है, लेकिन यह वृद्धि स्थायी नहीं है। 21 नवंबर से रोजनेफट और ल्युकाइल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू होंगे, जो भारत के रूसी तेल आयात का करीब 70 फीसदी हिस्सा हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि दिसंबर-जनवरी में रूसी तेल आयात में गिरावट संभव है। इसके मद्देनजर सरकारी तेल कंपनियां बिचौलियों के माध्यम से खरीद जारी रख रही हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 519 अंक , निफ्टी 165 अंक फिसला




**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन मंगलवार को ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधरित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक टूटकर 83,459.15 स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 165.70 अंक फिसलकर 25.597.65 स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 250.20 अंक नीचे आकर 57,827.05 स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 250.20 अंक टूटगर 60,037.20 स्तर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 152.50 अंक फिसलकर 18,360.90 स्तर पर बंद हुआ।

सेक्टोरल आधार पर निफ्टी ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियल्टी शेयर गिरावट पर बंद हुए। बाजार जानकारों के अनुसार बाजार कमजोर वैश्विक संकेतों और आईटी, मेटल, पावर सेक्टर में बड़े पैमाने पर बिकवाली की वजह से गिरा है। इसक अलावा विदेश निवेशकों की बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया।

इस बीच, सेंसेक्स पैक में , टीएमपीवी, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, बीईएल, एलएंडटी, एनटीपीसी, आईटीसी, और इंफोसिस टॉप के शेयर गिरे जबकि भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम और एसबीआई टॉप के शेयर उछले हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। बीएसई सेंसेक्स 83,835 अंक के स्तर पर कारोबार करता दिखा, जो 143 अंक नीचे था। वहीं निफ्टी50 25,710 अंक पर नजर आया, जो 54 अंक की गिरावट दर्शाता है। वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशिया-प्रशांत के बाजार मंगलवार को ज्यादातर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए, जबकि वॉल स्ट्रीट में टेक शेयरों की बढ़त देखी गई। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 0.36 फीसदी ` गिरा, जापान का निक्केई 225 0.39 फीसदी डाउन रहा और साउथ कोरिया का कोस्पी 0.32 फीसदी कमजोर हुआ। अमेरिका में, टेक-हेवी नेस्डेक कम्पो जिट 0.46 फीसदी और व्यापक एसएंडपी 500 0.17 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।

# भारत चीन से आने वाले उत्पादों की मंजूरी प्रक्रिया तेज करेगा

### सीधी उड़ानों और बिज़नेस वीजा जारी करने की प्रक्रिया फिर शुरू हुई

**नई दिल्ली**

भारत सरकार अब चीन से आने वाले उत्पादों की मंजूरी प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह फैसला हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार के संकेत मिलने के बाद लिया गया है। इस बैठक के बाद सीधी उड़ानों और बिज़नेस वीजा जारी करने की प्रक्रिया फिर शुरू हुई है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

जीएसटी दरों में कटौती के बाद टीवी, वॉशिंग मशीन, फ्रिज और डिशवॉशर जैसी घरेलू उपकरणों की बिक्री तेजी से बढ़ी है। कई ब्रांड्स के पास स्टॉक की कमी हो गई है और सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे में सरकार ने निर्णय लिया है कि विदेशी उत्पादों की मंजूरी प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि बाजार में आवश्यक सामान की कमी न हो। विदेशी उत्पादों की मंजूरी लंबी प्रक्रिया के कारण कई चीनी फैक्ट्रियों के प्रोडक्ट्स भारत में नहीं पहुंच पा रहे थे।

ब्यूरो आफ इंडियन (बीआईएस) की मंजूरी प्रक्रिया को अब तेज और पारदर्शी बनाने पर काम चल रहा है। सरकार ने उद्योगों से उन मामलों की जानकारी मांगी है जिनमें अप्रूवल लंबित है।

हाल ही में चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स का निर्यात फिर से शुरू किया है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों, अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए अहम सामग्री है। इससे संकेत मिलता है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ रहा है और आने वाले महीनों में व्यापारिक रिश्तों में और सुधार होने की संभावना है।

## स्टारबक्स ने चीन के कारोबार में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**सिएटल** वैश्विक कॉफी श्रृंखला स्टारबक्स ने चीन में उसके स्टोर (बिक्री केंद्रों) के संचालन के लिए चीन की निवेश कंपनी बोयू कैपिटल के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की है। इस समझौते के तहत बोयू चीन में स्टारबक्स के खुदरा संचालन में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए चार अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगी। स्टारबक्स ने करीब 30 साल पहले चीन में प्रवेश किया था। चीन में इसके 8,000 स्थानों पर बिक्री केंद्र (स्टोर) हैं। अमेरिका के बाहर चीन स्टारबक्स का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि हाल के वर्षों में इस कॉफी कंपनी को चीन में लकिन कॉफी जैसी सस्ती, तेजी से बढ़ती चीनी स्टार्टअप कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा है। पिछले दो वित्त वर्ष में चीन में स्टारबक्स की बिक्री में गिरावट आई है। इसके परिणामस्वरूप स्टारबक्स चीन में खासकर छोटे शहरों में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद के लिए एक साझेदार की तलाश में था। स्टारबक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जुलाई में कहा था कि वे कंपनी में हिस्सेदारी के लिए करीब 20 प्रस्तावों का मूल्यांकन कर रहे हैं। निकोल ने कहा कि बोयू, ग्राहकों एवं कर्मचारियों दोनों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने की स्टारबक्स की प्रतिबद्धता को समझता है। इससे स्टारबक्स को समय के साथ चीन में 20,000 स्टोर तक पहुंचने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

# इस हफ्ते निवेशकों को एचपीसीएल, निप्पॉन लाइफसमेत कई कंपनियों से होगा फायदा

### 6 नवंबर से एक्स-डिविडेंड पर जाएंगी कई दिग्गज कंपनियां




**नई दिल्ली**

इस हफ्ते शेयर बाजार में निवेशकों के लिए खुशखबरी है। कई कंपनियां अपने शेयरधारकों को अंतरिम डिविडेंड देने जा रही हैं। इससे उन निवेशकों को अतिरिक्त कमाई यानी पैसिव इनकम का मौका मिलेगा जो इन कंपनियों के शेयर अपने पास रखते हैं। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल), निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट, शेयर इंडिया सिक्योरिटीज, टीडी पावर सिस्टम्स और वैभव ग्लोबल जैसे शेयर 6 नवंबर 2025 से एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड होंगे। जो निवेशक डिविडेंड का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें 6 नवंबर से पहले इन कंपनियों के शेयर अपने पोर्टफोलियो में रखने होंगे। दरअसल, 5 नवंबर को गुरु नानक देव जी की जयंती (प्रकाश पर्व) के कारण भारतीय शेयर बाजार बंद रहेगा। इन सभी कंपनियों के लिए रिकॉर्ड डेट 6 नवंबर 2025 तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिन निवेशकों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड में दर्ज होंगे, उन्हें ही डिविडेंड मिलेगा। इनमें सबसे बड़ा डिविडेंड निप्पॉन लाइफइंडिया एसेट मैनेजमेंट ने घोषित किया है- 9 प्रति शेयर। एचपीसीएल ने 5 रुपए, वैभव ग्लोबल ने 1.50 रुपए, टीडी पावर सिस्टम्स ने 1 रुपए और शेयर इंडिया सिक्योरिटीज ने 0.40 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया है। इसके अलावा 4 नवंबर को एक्स-डिविडेंड पर रहने वाली कंपनियों में कोल इंडिया, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, सुंद्रम फास्टनर्स, हैपिएस्ट माइंड्स, रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और भंसाली इंजीनियरिंग पॉलिमर्स शामिल हैं।

## चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का परीक्षण उत्पादन शुरू किया



**बीजिंग**

चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। यह अमेरिका की कंपनी टेस्ला और अन्य द्वारा जल्द ही ऐसी कार पेश करने की योजना से पहले किया जा रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने हाल ही में बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है। एक सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ के हुआंगपु जिले में स्थित 120,000 वर्ग मीटर के इस संयंत्र ने पहले ही अपने मॉड्यूलर फ्लाइंग कार लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर का पहला अलग हो सकने वाला इलेक्ट्रिक विमान तैयार कर लिया है। इस सुविधा को 10,000 अलग किए जा सकने वाले विमान मॉड्यूल की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए तैयार किया गया है, जिसकी प्रारंभिक क्षमता 5,000 इकाइयों की होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इसकी उत्पादन क्षमता अपनी तरह के किसी भी कारखाने से सबसे अधिक है।

संयंत्र के पूरी तरह चालू होने के बाद हर 30 मिनट में एक विमान को असेंबल किया जाएगा। एक्सपेंग ने टेस्ला द्वारा अपनी उड़ने वाली कार का संस्करण पेश करने से पहले इस योजना की घोषणा की। अमेरिकी टीवी चैनल फॉक्स ने टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क के हवाले से कहा कि अमेरिकी पॉडकास्टर जो रोगन ने प्रौद्योगिकी के बारे में विशिष्ट जानकारी मांगी थी जैसे कि क्या मोटर वाहन में रिट्रैक्टेबल विंग होगा, लेकिन मस्क ने बस इतना कहा कि यह अनावरण अब तक का सबसे यादगार उत्पाद अनावरण हो सकता है।

# फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ 7 से 11 नवंबर तक निवेश के लिए खुला




**मुंबई**

देश की अग्रणी फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ 7 से 11 नवंबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा। यह इश्यू भारतीय बाजार में जारी आईपीओ की मौजूदा लहर का हिस्सा होगा। पाइन लैब्स अपने पॉइंट-ऑफ-सेल (पीएसओ) टर्मिनल्स और डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है, जो पेटीएम और वॉलमार्ट-स्वामित्व वाली फोन पे जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करती है। ग्रे मार्केट में फिलहाल कंपनी के शेयर 60 प्रीमियम पर उपलब्ध हैं।

कंपनी ने हाल ही में अपने आईपीओ का आकार घटाने का फैसला लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा निवेशकों द्वारा बेचे जाने वाले शेयरों की संख्या में 44 प्रतिशत की कमी की गई है, जबकि नए शेयरों के जरिए जुटाई जाने वाली पूंजी में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। अब पाइन लैब्स अपने आईपीओ के जरिए 2,080 करोड़ रुपये जुटाएगी, जबकि जून में यह आंकड़ा 2,600 करोड़ रुपये प्रस्तावित था। मौजूदा निवेशकों में पीक एक्सवी पार्टनर्स, पेयपल और मास्टरकार्ड शामिल हैं, जो अब क्रमशः 2.3 करोड़, 67 लाख और 59 लाख शेयर बेचने की योजना में हैं। जून में दायर फाइलिंग के दौरान कंपनी का अनुमानित मूल्यांकन करीब 6 बिलियन डॉलर रखा गया था। इस आईपीओ के जरिए एक्टिस और टेमासेक जैसी फर्में भी अपनी हिस्सेदारी घटा रही हैं। भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आईपीओ बाजार बन गया है, और 2024 में फंड जुटाने का आंकड़ा 20.5 बिलियन डॉलर से पार जाने की उम्मीद है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया जैसी कंपनियों की शानदार लिस्टिंग के बाद, ग्रो एप, लेंश्कर्ट और बोल्ट जैसी तकनीकी कंपनियों के आईपीओ भी जल्द आ सकते हैं।

# यूपी सरकार गैर-हाइब्रिड धान पर एक फीसदी की छूट देगी

### 15 लाख किसानों को होगा लाभ



**लखनऊ**

यूपी सरकार ने नॉन-हाइब्रिड (मोटे) धान पर एक फीसदी की रिकवरी छूट की मंगलवार को घोषणा की जो हाइब्रिड धान पर पहले से दी जा रही छूट के समान है। यह धान से चावल निकालने की प्रक्रिया में होने वाले अनाज की रिकवरी (उपज) पर सरकार द्वारा दी गई रियायत या छूट। इससे राज्य के करीब 15 लाख किसानों को फायदा होगा।

वहीं राजकोष पर 166 करोड़ रुपये का भार बढ़ेगा। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यहां पत्रकारों से कहा कि जब हाइब्रिड धान से चावल निकाला जाता है तो केंद्र सरकार के मानदंडों के अनुसार रिकवरी दर 67 प्रतिशत होती है।

उत्तर प्रदेश सरकार हालांकि पहले से ही हाइब्रिड धान की रिकवरी पर तीन प्रतिशत की छूट दे रही है और इस छूट पर सालाना लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च करती है। खन्ना ने कहा कि यही लाभ अब मोटे धान पर भी लागू किया जाएगा जिसमें एक प्रतिशत की 'रिकवरी' छूट दी जाएगी। इस (छूट) पर 166 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इससे राज्य के लगभग 15 लाख चावल उत्पादक किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इससे मंडियों में किसानों को धान का बढ़ा हुआ भाव मिलेगा। इससे किसानों को सीधा-सीधा फायदा होगा। यह निर्णय किसान व मजदूर हित के साथ-साथ धान मिल संचालकों के भी हित में है। कुल मिलाकर इससे पूरे उद्योग को बल मिलेगा।

# गुरु नानक का प्रकाश पर्वः हर युग के अंधकार को मिटाने वाला संदेश



योगेश कुमार गोयल

> प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है, जिसे 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है और इस बार 5 नवम्बर को गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। हालांकि अब तक इसका कारण ज्ञात नहीं है कि गुरु नानक जयंती किसी एक निर्धारित तिथि को न मनाकर कार्तिक मास की पूर्णिमा को ही क्यों मनाई जाती है?

सिख धर्म के आदि संस्थापक और सिखों के पहले गुरु हैं गुरु नानक देव, जो केवल सिखों में ही नहीं वरन् अन्य धर्मों में भी उतने ही सम्माननीय हैं। उनका जन्म तलवंडी (जो भारत-पाक बंटवारे के समय पाकिस्तान में चला गया) में सन् 1469 में हुआ था। प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है, जिसे 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है और इस बार 5 नवम्बर को गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। हालांकि अब तक इसका कारण ज्ञात नहीं है कि गुरु नानक जयंती किसी एक निर्धारित तिथि को न मनाकर कार्तिक मास की पूर्णिमा को ही क्यों मनाई जाती है? नानक जब केवल पांच साल के थे, तभी धार्मिक और आध्यात्मिक वाताओं में गहन रूचि लेने लगे थे। अपने साथियों के साथ बैठकर वे परमात्मा का कीर्तन करते और अकेले में घंटों कीर्तन में मग्न रहते। दिखावे से कोसों दूर वे यथार्थ में जीते थे। जिस कार्य में उन्हें दिखावे अथवा प्रदर्शन का अहसास होता, उसकी वास्तविकता जानकर वे विभिन्न सारगर्भित तर्कों द्वारा उसका खंडन करने की कोशिश करते।

नानक जब 9 वर्ष के हुए तो उनके पिता कालूचंद खत्री, जो पटवारी थे और खेती-बाड़ी का कार्य भी करते थे, ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराने के लिए पुरोहित को बुलाया। पुरोहित ने यज्ञोपवीत पहनाने के लिए नानक के गले की ओर हाथ बढ़ाया तो नानक ने उनका हाथ पकड़कर पूछा कि आप यह क्या कर रहे हैं और इससे क्या लाभ होगा? पुरोहित ने कहा कि बेटे, यह जनेऊ है, जिसे पहनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और इसे पहने बिना मनुष्य शूद्र की श्रेणी में रहता है। तब नानक ने उनसे पूछा कि पुरोहित जी, सूत का बना यह जनेऊ मनुष्य को भला मोक्ष कैसे दिला सकता है क्योंकि मनुष्य का अंत होने पर जनेऊ तो उसके साथ परलोक में नहीं जाता। नानक के इन शब्दों से सभी व्यक्ति बहुत प्रभावित हुए और आखिरकार पुरोहित को कहना पड़ा कि बेटा, तुम सत्य कह रहे हो, वास्तव में हम अंधविश्वासों में डूबे हैं।

गुरु नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी



उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया।

गुरु नानक को एक बार भागो मलिक नामक एक अमीर ने भोजन के लिए अपने घर आमंत्रित किया लेकिन नानक जानते थे कि वह गरीबों पर बहुत अत्याचार करता है, इसलिए उन्होंने भागो का निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और एक मजदूर के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया। भागो ने इसे अपना अपमान मानते हुए गुरु नानक को खूब खरी-खोटी सुनाई तथा अपमानजनक शब्द कहे लेकिन नानक ने सरल शब्दों में उसे कहा कि तेरी कमाई पाप की कमाई है जबकि इस मजदूर की कमाई मेहनत की कमाई है। भागो यह सुनते ही भड़क उठा और गुस्से में फुफकारते हुए कहने लगा कि तुम अव्वल दर्जे के पाखंडी और नीच कुल के हो, तभी तो नीच कुल वालों का ही निमंत्रण स्वीकार करते हो। इस पर गुरु नानक ने जवाब दिया कि मैं वह भोजन कदापि ग्रहण नहीं कर सकता, जो गरीबों का खून चूसकर तैयार किया गया हो।

भागो ने गुस्से से उबलते हुए सवाल किया कि मेरे स्वादिष्ट व्यंजनों से तुम्हें खून निकलता दिखाई देता है और उस मजदूर की बासी रोटियों से ...? 'दूध। और अगर तुम्हें विश्वास न हो तो स्वयं आजमाकर देख लो।' नानक ने कहा। घमंड व क्रोध से सराबोर भागो ने अपने घर से स्वादिष्ट व्यंजन मंगवाए और नानक ने उस मजदूर के घर से बासी रोटी। तब नानक ने एक हाथ में भागो के स्वादिष्ट व्यंजन लिए और दूसरे में मजदूर के घर की बासी रोटी और दोनों हाथों को एक साथ दबाया। जब वहां उपस्थित लोगों ने देखा कि मजदूर की बासी रोटी से दूध की धार निकल रही है जबकि भागो के स्वादिष्ट व्यंजनों से खून की धार तो उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। यह देख भागो का अहंकार चूर-चूर हो गया और वह गुरु नानक के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगा।

गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया। जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?

लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं। लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, 'खेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?'

गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरु नानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### विश्व विजेता बेटियां

रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वो इतिहास रचा, जिसका दो दशक से इंतजार था। एक दिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने उस कमी को पूरा किया, जो साल 2005 और 2017 में फाइनल में पहुंचकर भी हासिल न हो सकी थी। ऐसे वक्त में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खिताबी दौड़ में कमजोर माना जा रहा था, उसने सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया टीम को सेमीफाइनल के एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। मुकाबले में मुंबई की जेमिमा रॉड्रिग्स ने 127 रन की तूफानी यादगार पारी खेली। लगता था शुरूआत में कई मैच हारने वाली भारतीय महिला टीम ने अपनी ऊर्जा फाइनल मुकाबले के लिये बचा रखी थी, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रन से हरा दिया। रविवार की रात हरमनप्रीत कौर की कप्तानी ने पासा ही पलट दिया। फिर उनकी टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में चालीस हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच जीत का जश्न जमकर मनाया। इस जुनूनी जश्न की वे हकदार भी थीं। साथ ही देश के एक अरब चालीस करोड़ लोगों को भी जीत के जश्न में डुबो दिया। लोग इस साल होने वाले कई दुखांत घटनाक्रमों को भुला इस जीत की लय में झूम उठे। यह सुखद आश्चर्य ही था कि टीम ने लगातार तीन हार झेलने के बाद टूनार्मेंट में दमदार वापसी की। सेमीफाइनल में लोग सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को कमतर आंक रहे थे। सुखद आश्चर्य देखिये कि फाइनल मुकाबले में हरियाणा की उस शैफाली वर्मा ने करिश्माई पारी खेली, जो विश्व कप के शुरू होने से पहले टीम का हिस्सा भी नहीं थी। उसने अपने चयन को तार्किक साबित किया। इसी तरह दीप्ति शर्मा ने भी शानदार खेल का परिचय दिया। निश्चय ही महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत देश की उन लाखों बेटियों के सपनों को नयी ऊंचाइयां देगी, जो अपना आसमान हासिल करना चाहती हैं। निस्संदेह, विश्वकप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस खेल में टीम दीर्घकालिक वर्चस्व कायम रख सकती है। दरअसल, अब तक महिला क्रिकेट को दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। दरअसल, जब से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान वेतन मिलने लगा और उन्हें आईपीएल-शैली की टी-20 लीग में दमखम दिखाने का मौका मिला, टीम के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार आया। धीरे-धीरे वे पुरुष क्रिकेट के सितारों की तरह आभा बिखेरने लगी। हालांकि, आगे की राह इतनी भी आसान नहीं है, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल उनके पास इस कामयाबी का जश्न मनाने का मौका है। उल्लेखनीय है कि टीम में कई ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने तमाम आर्थिक-सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी। वे तपती पगडंडियों से गुजरने वाली बेटियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। इन खिलाड़ियों ने मैदान से पहले निजी जीवन में बड़ा संघर्ष किया। बेहद जटिल पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वे विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी हैं। उनके साथ अभ्यास मैच खेलने के लिये लड़कियां नहीं होती थी, अतः वे शुरूआती क्रिकेट लड़कों की टीम के साथ खेलती थीं। उनके माता-पिता को समाज की छींटाकशी का भी शिकार होना पड़ता था।

## चिंतन-मनन

### जीवन का संघर्ष

एक दिन एक व्यक्ति बहुत परेशान लग रहा था। मित्र ने पूछा- क्या बात है? आज इतने परेशान क्यों हो?

उसने कहा- मैं बहुत मुसीबत में फंस गया हूं।

मित्र बोला- तुम्हारी क्या मुसीबत हो सकती है? तुम्हारे दोनों लड़के संपन्न हैं। खूब धन कमा रहे हैं। तुम्हें किस बात की कमी है?

तुम ठीक कहते हो। लड़के संपन्न हैं, पर मेरी मुसीबत उनके कारण ही है। ?सा क्या हुआ, जो मुसीबत आ गई? मुसीबत बहुत बड़ी है। मैंने लड़कों को पढ़ाया। एक डॉक्टर बन गया और एक वकील। उनका यह व्यवसाय ही मुसीबत का कारण है।

उनके व्यवसाय से आपकी मुसीबत का लेना-देना क्या है?

हुआ यह कि एक एक्सीडेंट में मेरे पैर में चोट लग गई, पैर में घाव हो गया। जो डॉक्टर है, वह कह रहा है, पिताजी! घाव को जल्दी ठीक कर लें अन्यथा इसमें रस्सी पड़ जाएगी। हो सकता है फिर पैर काटने के सिवाय कोई विकल्प न रहे। यह तो अच्छी बात है। इसमें मुसीबत का प्रश्न ही कहां है? लेकिन जो वकील है, वह कह रहा है पिताजी! अभी घाव को ठीक नहीं करना है। इसे बढ़ने दें। जब घाव गहरा हो जाएगा, तब मैं दावा करूंगा और पूरा हजार्ना वसूल करूंगा। यही मेरी मुसीबत है। यह जीवन का संघर्ष है, टकराहट है। व्यक्ति दोनों ओर से खिंचा जा रहा है। एक लड़का कहता ठीक कर लें और एक लड़का कह रहा - घाव को और गहरा होने दें। यह जीवन का विचित्र संघर्ष है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति जी रहा है और संघर्षो को झेल रहा है।

# गढ़मुकतेश्वर जहां गंगा में दीपदान से मिल जाता है मृतकों को मोक्ष!



मनोज कुमार अग्रवाल

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़ मुक्तेश्वर वह पौराणिक तीर्थ है जहां शिव के गण जय विजय को मुक्ति मिली थी यहां कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला मेला महाभारत कालीन अतीत से जुड़ा है।भारत की सनातन संस्कृति के लिए यह मेला और यहां का पवित्र गंगा स्नान देश और दुनिया के पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान बना है।इस मौके पर दिवंगत मृतकों की स्मृति में दीपदान करने से उनकी आत्मा को शान्ति मिल जाती है ऐसी मान्यता है। लाखों लोग यहां अपने परिजनों की स्मृति में दीपदान करते हैं।

आज इस मेले का स्वरूप मिनीकुम्भ बन चुका है दस किलोमीटर क्षेत्रफल से अधिक में फैला यह मेला देश दुनिया के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। कार्तिक गंगा मेला केवल स्नान करने तक ही सीमित नहीं है। कार्तिक पूर्णिमा मेला एकता, भाईचारे, सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है। यहां से देश के विकास को नई दिशा मिलती है। प्रदेश के मानचित्र पर आने के बाद मेला विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साख बढ़ा रहा है। अब मेले से प्रदेश को विकास और स्वदेशी का मूल-मंत्र मिल रहा है। दिल्ली से 100 किमी दूर और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 से लगे, गंगा के निचले तट पर स्थित गढ़ मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला यह मेला यहां अनादिकाल से आ रहा है। जबकि, महाभारत युद्ध के बाद इस स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ गया। मेले का अतीत पांडवों और भगवान श्रीकृष्ण से भी जुड़ा है बताया जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर भगवान श्रीकृष्ण के निर्देश पर सम्राट युधिष्ठिर ने कौरवों और पांडवों की सेना के विशाल वीर योद्धाओं और सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए उनका तर्पण किया था। एक ओर पौराणिक साक्ष्य और तथ्य गढ़ मुक्तेश्वर के एतिहासिक सांस्कृतिक अध्यात्मिक महत्व को बयान करते हैं, वहीं आज के इतिहासकार और विद्वान भी मानते हैं कि यह स्थान द्वापर युग में भी सबसे पहले प्रसिद्ध हुआ था। क्योंकि शिवपुराण के अनुसार इस गढ़मुक्तेश्वर का प्राचीन नाम शिववल्लभ हुआ, अर्थात जो भगवान शिव का ही एक प्रिय नाम है।पुराणों में गढ़ मुक्तेश्वर की महिमा काशी के समान बताया गया है, क्योंकि गढ़ मुक्तेश्वर में ही भगवान शिव ने अपनी जय और विजय नाम के गणों को महर्षि दुवार्सा के द्वारा पिशाच योनि के श्राप से मुक्ति दिलाई थी। जिसके बाद इस स्थान का नाम गणमुक्तेश्वर यानि कि गणों की मुक्ति करने वाले भगवान शिव के नाम से पड़ा था। गणमुक्तेश्वर का वह प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर आज भी उस पौराणिक घटना का साक्षी है।

त्रेता युग में भी गढ़मुकतेश्वर की महिमा का वर्णन है शिव पुराण के अनुसार इसी गढ़ मुक्तेश्वर के क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे ही एक घना वन था, जिसे खाण्डव वन के नाम से जाना जाता था। इसी खांडवी वन में भगवान परशुराम ने ही शिवलिंग की स्थापना की थी। त्रेता युग का यही खांडववन, द्वापर युग में यानि महाभारत के काल में खांडव वन के नाम से अस्तित्व में आया और यही खांडव वन बाद में खांडवप्रस्थ कहलाया और उसके बाद इंद्रप्रथ बना। यही खाण्डव वन हस्तिनापुर राज्य के अधीन था इसलिए पांडवों ने खांडव वन में अपना नया राज्य स्थापित किया था।सम्राट् युधिष्ठिर के निर्णय के बाद भगवान परशुराम द्वारा स्थापित शिववर्षपुर यानी गढ़ मुक्तेश्वर के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा और यज्ञ आदि करके मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया गया था।

सम्राट् युधिष्ठिर ने जो निर्णय लिया उसके बाद जो तीर्थयात्रा निकली वह कार्तिक शुक्ल अष्टमी का ही दिन था। इसी दिन गौ पूजन करके गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में सम्राट युधिष्ठिर द्वारा धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया गया। यह देवोत्थान एकादशी थी।

महाभारत युद्ध में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए यहां एकादशी से चतुर्दशी यज्ञ किया था, और इसके अगले दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करके कथा का आयोजन किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि इस साल ऐतिहासिक गढ़मुक्तेश्वर मेले को मिनी-कुंभ के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह मेला उत्तर प्रदेश की गहरी आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। यह मेला 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा।

गंगा की कल कल करती पावन लहरों के किनारे दस किलोमीटर के क्षेत्रफल में बसा तंबुओं का अस्थायी नगर और गंगा में दीपदान से तैरते जलते दीपक एक ऐसी मनोहारी छटा दशार्ते हैं जिस को एक बार देख कर ही ह्रदय आस्था और पवित्रता से आह्लादित हो जाता है। राज्य सरकार का लक्ष्य इसे पूरी श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ आयोजित करना है, ताकि हर श्रद्धालु शांति और दिव्य आशीर्वाद लेकर लौटे। इस मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। रविवार को मुख्यमंत्री ने हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर में होने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। मेले की जगहों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद, उन्होंने एक समीक्षा बैठक की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा के किनारे करीब 40 से 45 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान करने और दीपदान करने आते हैं। मेले का मुख्य स्नान 5नवंबर को है। इस दिन तीस से पचास लाख श्रध्दालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर कीमत पर मेला किसी अप्रिय घटना से रहित संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन पर सौंपी है। योगी स्वयं मोनिटरिंग कर रहे हैं।

# धर्म-स्थलों के हादसें-आखिर कब जागेगा तंत्र?



ललित गर्ग

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़ में हुई दर्दनाक मौतों ने एक बार फिर हमारे प्रशासनिक ढांचे, सरकारों की संवेदनशीलता और तंत्र की जवाबदेही पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बार ऐसी त्रासदी होती है, कुछ जानें जाती हैं, कुछ परिवार उजड़ते हैं, कुछ आंसू बहते हैं- फिर वही रटंत बयान, 'जांच के आदेश दे दिए गए हैं', 'दोषियों पर कार्रवाई होगी', 'पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा' और फिर सब कुछ धूल में मिल जाता है। सवाल यह है कि आखिर हम कब तक इस लापरवाही, इस प्रशासनिक नींद, इस जानलेवा कोताही और इस संवेदनहीन व्यवस्था का शिकार बने रहेंगे? किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, एक बार फिर भीड़ प्रबंधन की नाकामी श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। इस घटना के बाद जिस तरह से बयान दिए जा रहे हैं, वह पीड़ितों के जले पर नमक छिड़कने जैसा है।

धार्मिक स्थल आस्था के केंद्र होते हैं, ऊर्जा के केन्द्र होते हैं, जहां लोग शांति और श्रद्धा पाने आते हैं, लेकिन यह कैसी विडंबना है कि इन पवित्र स्थलों पर भी लोगों को असमय मृत्यु का सामना करना पड़ता है। श्रीकाकुलम में जो कुछ हुआ, वह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक प्रणालीगत विफलता है। भीड़ प्रबंधन के नाम पर प्रशासन हर बार हाथ खड़े कर देता है। न पर्याप्त बैरिकेडिंग, न एंट्री-एग्जिट का संतुलन, न भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिसबल या वॉलंटियर, न मेडिकल सहायता का इंतजाम। मन्दिरों, त्योहारों और विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बावजूद तैयारी का नामोनिशान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी का यह मंदिर कुछ महीने पहले ही खोला गया था और राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि जिले के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी। हालांकि इससे यह जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती कि एक धार्मिक स्थल पर क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग जुटते चले गए और फिर भी स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भनक कैसे नहीं लगी।

सरकार और मंदिर प्रबंधन की बातों से लग रहा है कि दोनों पक्ष घटना से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण ओडिशा के जिस शख्स हरि मुकुंद पांडा ने कराया है, उनका कहना है कि सीढ़ियों की रेलिंग टूटने से हादसा हुआ। लेकिन, यही वजह तो काफी नहीं। भगदड़ मचने के बाद श्रद्धालुओं को बाहर जाने का रास्ता नहीं मिल पाया, वह व्यवस्थापकों की लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में आने-जाने का एक ही रास्ता था और जब भीड़ अनुमान से अधिक बढ़ती चली गई, तब भी पुलिस-प्रशासन को सूचित नहीं किया गया। इस पर पांडा का कहना कि इस घटना के लिए कोई जिम्मेदार नहीं, यह एक्ट ऑफ गॉड है- इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में इस तरह की सोच बेहद शर्मनाक है। यह उन लोगों की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है, जिन्होंने अपनों को खोया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। श्रीकाकुलम के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं।

यह कोई पहली घटना नहीं है। अतीत में प्रयागराज कुंभ, अयोध्या, हरिद्वार में प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर, सबरीमला, वैष्णो देवी, पुलकेश्वरम, देवरी मंदिर जैसे अनेक स्थलों पर भी ऐसी भगदड़ें हो चुकी हैं। चिंता की बात यह है कि पिछले हादसों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है। केवल आंध्र में ही इस साल यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। जनवरी में तिरुपति और अप्रैल में विशाखापत्तनम के सिम्हाचलम में भगदड़ से कई मौतें हुई थीं। पूरे देश में इस साल अभी तक भगदड़ की विभिन्न घटनाओं में 114 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हर बार सरकारें 'सीख लेने' की बात करती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सीखने की क्षमता हमारे तंत्र से जैसे गायब हो चुकी है। धार्मिक आयोजनों की भीड़ का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। आज तकनीक का युग है सीसीटीवी, ड्रोन, डिजिटल टिकटिंग, भीड़-सेंसरिंग सिस्टम जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। परंतु इनका उपयोग नहीं किया जाता क्योंकि धर्म और आस्था के नाम पर 'प्रबंधन' को हमेशा भाग्य पर छोड़ दिया जाता है। जब तक कोई हादसा न हो, तब तक कोई अधिकारी मंदिर परिसर में झांकने तक नहीं आता। और जब हादसा हो जाता है, तब 'प्रेस कॉन्फ्रेंस' और 'मुआवजा' की राजनीति शुरू हो जाती है। यह भी एक सामाजिक प्रश्न है कि क्या हमारी आस्था इतनी अंधी हो चुकी है कि हम सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं? क्या धार्मिक आयोजनों में अनुशासन और व्यवस्था का पालन करना हमारी श्रद्धा को कम कर देगा? श्रद्धा के नाम पर अराजकता, प्रशासनिक ढिलाई और अव्यवस्था का यह घातक संगम अब रुकना चाहिए। सरकारों को चाहिए कि वे भीड़ प्रबंधन को एक राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाएं। हर बड़े धार्मिक स्थल पर स्थायी भीड़ नियंत्रण तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें प्रवेश और निकास मार्ग स्पष्ट हों, आपातकालीन निकास गेट हों, प्रशिक्षित स्वयंसेवक हों, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था हो। स्थानीय प्रशासन को नियमित तौर पर सुरक्षा मॉक ड्रिल करनी चाहिए।

आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। आज जरूरत है केवल मुआवजे और जांच की नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने की। कौन अधिकारी लापरवाह था, किस विभाग ने सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की, और क्यों भीड़ को अनियंत्रित छोड़ा गया- इन प्रश्नों का उत्तर दिए बिना जांच बेईमानी है। श्रीकाकुलम की यह त्रासदी एक और चेतावनी है। अगर अब भी सरकारें नहीं जागीं, तो आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी, क्योंकि धार्मिक आस्था बढ़ रही है, पर प्रबंधन की मानसिकता वही पुरानी बनी हुई है। भीड़ केवल संख्या नहीं होती, वह जीवन है, वह परिवार है, वह उम्मीद है और जब वह कुचल जाती है, तो यह केवल एक हादसा नहीं, शासन की असफलता एवं सरकारी कोताही की द्योतक है। तमिलनाडु के करूर में तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की रैली में हुआ हादसा हो या फिर श्रीकाकुलम की घटना - कुछ गलतियां बार-बार दोहराई जा रही हैं। हादसों के बाद सबक लेने के बजाय जिम्मेदार लोग और संस्थाएं बचने का रास्ता तलाशने लगते हैं। सरकारों को समझना होगा कि भीड़ प्रबंधन भारत जैसे देश की जरूरत है। मुआवजे की घोषणा करके मामले को हल्का किया जा सकता है, लेकिन जवाबदेही तय हो और लापरवाही पर सजा मिले। क्या यह पुकार अब भी सत्ता के कानों तक नहीं पहुंचेगी?

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संक्षिप्त समाचार

### शेख हसीना के बहाने भगोड़े जाकिर को बचाने में जुटा बांग्लादेश; विदेश मंत्रालय ने दिया ये बयान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के राजनीतिक हालात ठीक नहीं हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में मिली शरण ?का बहाना लेकर बांग्लादेश भारत के दुश्मन जाकिर नाईक को बचाने में जुट गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र को दूसरे देश के भगोड़े को शरण नहीं देनी चाहिए। प्रवक्ता ने यह प्रतिक्रिया भारत में भगोड़ा घोषित विवादित मौलाना जाकिर नाईक के बांग्लादेश में प्रस्तावित कार्यक्रम पर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से चिंता जताए जाने पर दी। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एसएम महबूबुल आलम ने कहा, हमने भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की किसी धार्मिक उपदेशक की बांग्लादेश यात्रा की संभावना के बारे में की गई टिप्पणी पर ध्यान दिया है। हमारा यह भी मानना है कि भारत समेत किसी भी देश को किसी भी अन्य देश के आरोपी या भगोड़े व्यक्ति को शरण नहीं देनी चाहिए। आलम का इशारा बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तरफ था, जिन्होंने भारत में शरण ले रखी है। अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर रखा है। स्पार्क इवेंट मैनेजमेंट नामक एक कंपनी ने हाल ही में एक फेसबुक पोस्ट में कहा था कि वह विवादित मौलाना जाकिर नाईक को बांग्लादेश लाएगी। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने जाकिर की एक महीने की यात्रा को मंजूरी दी है। उसकी बांग्लादेश यात्रा 28 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान वह देशभर में घूमेगा और भाषण देगा।

### केन्या में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत, 1,000 मकान तबाह

**नरौबी, एजेंसी।** केन्या के पश्चिमी रिफ्ट घाटी क्षेत्र में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग लापता हो गए। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी भारी बारिश के कारण पश्चिमी केन्या की एल्गेयो मारक्वेट काउंटी में चेसोनगोच के पहाड़ी इलाके में शनिवार को हुए भूस्खलन से 1,000 से अधिक मकान तबाह हो गए। सरकार ने गंभीर रूप से घायल 30 लोगों को हवाई मार्ग से एल्डोरेट शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया है। गृह मंत्री किपचुम्बा मुर्कोमेन ने कहा कि सरकार प्रभावित लोगों के रहने के लिए वैकल्पिक क्षेत्र की पहचान करने का प्रयास कर रही है। स्थानीय निवासी स्टीफन किटनी ने सिटीजन टेलीविजन स्टेशन को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और वे अपने बच्चों के साथ घर से बाहर भागे। भारी बारिश के बावजूद शनिवार को भी बचाव कार्य जारी रहा और आपदा एजेंसियों ने मलबे में लापता लोगों की तलाश जारी रखी। चेसोनगोच के पहाड़ी इलाके में अकसर भूस्खलन होता रहता है।

### इटली में पांच जर्मन पर्वतारोहियों की मौत

रोम, एजेंसी। इटली के उत्तरी हिस्से में साउथ टायरोल में एक हिमस्खलन में पांच जर्मन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने रविवार को यह जानकारी दी। तीनों के शव (दो पुरुष और एक महिला) शनिवार को ही बरामद कर लिए गए थे, जबकि दो अन्य लापता लोग (एक पुरुष और उसकी 17 वर्षीय बेटी) रविवार सुबह मिल गए। अल्पाइन रेस्क्यू के प्रवक्ता फेडरिको काटानिया ने कहा, वे उस खाई के निचले हिस्से में फंस गए थे जहां हिमस्खलन हुआ था। बचाव टीम अब घाटी लौट रही है, साथ ही ऊंचाई पर बिगड़ते मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा जा रहा है। सभी जर्मन पर्वतारोही शनिवार को लगभग चार बजे हिमस्खलन की चपेट में आए थे। वे ऑर्टल्स पर्वत श्रृंखला के पास सिमा वर्टाना की चढ़ाई कर रहे थे, जिसकी ऊंचाई 3,500 मीटर (11,500 फीट) से अधिक है। बचावकर्मियों ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि पर्वतारोही इतनी देर क्यों चढ़ाई कर रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पर्वतारोही तीन अलग-अलग समूहों में थे और एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से यात्रा कर रहे थे। दो पुरुष इस हादसे में बच गए और उन्हें हेलिकॉप्टर से पास के बोल्जानो शहर के अस्पताल में ले जाया गया।

### नेपाल में प्रचंड की पार्टी समेत सात वाम दलों ने किया 18 सूत्रीय समझौता

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में राजनीतिक हलचल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी सेंटर) समेत सात वामपंथी दलों ने एक 18 सूत्रीय एकता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रविवार देर रात काठमांडो में हुए इस समझौते से देश में एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी के गठन का रास्ता साफ हो गया है। दस्तावेज में कहा गया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा और जरूरत पड़ने पर सड़कों, संसद व सरकार-तीनों मोर्चों पर सक्रिय रहेगा। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले दलों में सीपीएन, सीपीएन, नेपाल सोशलिस्ट पार्टी, सीपीएन (सोशलिस्ट), जन समाजवादी पार्टी, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी व सीपीएन (साम्यवादी) शामिल हैं।

# ताइवान पर हमले को लेकर ट्रंप की चीन को धमकी, बोले- पता चल जाएगा तब क्या होगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान पर हमले को लेकर चीन को चेताया है और धमकी देते हुए कहा कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कहा कि जब तक वे राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन, ताइवान पर हमला नहीं करेगा क्योंकि उन्हें पता है कि इसका परिणाम क्या होगा। गौरतलब है कि अमेरिका ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई के विरोध में है और खुलकर ताइवान को समर्थन देता है। इसके चलते अमेरिका और चीन के बीच गहरे मतभेद हैं।

**ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई के सवाल पर ट्रंप का जवाब :** सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में जब ट्रंप से पूछा गया कि अगर चीन, ताइवान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो क्या अमेरिका की सेना, ताइवान की रक्षा के लिए भेजी जाएगी? तो इसके जवाब में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि 'आपको पता चल जाएगा कि क्या होगा। वह भी अच्छी तरह समझते हैं कि हमारा क्या जवाब होगा।' माना जा रहा है कि यहां वह से ट्रंप का मतलब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से है। ट्रंप ने आगे कहा कि 'ऐसा कल ही नहीं होने वाला और हो सकता है कि कभी न हो, क्योंकि वे जानते हैं और इसका असर को अच्छी तरह समझते भी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंटरव्यू ले रहे पत्रकार से कहा कि 'आप सवाल पूछ रहे हैं



इसका मतलब ये नहीं कि मैं आपको सबकुछ बता दूंगा, लेकिन वे (चीन) समझते हैं कि क्या होगा।' गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में दक्षिण कोरिया में चीन और अमेरिका के नेताओं की मुलाकात हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनी।

**परमाणु हथियारों को लेकर दिया चौंकाने वाला बयान :** इस इंटरव्यू में ट्रंप ने परमाणु परीक्षण को लेकर भी एक चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो।

**अमेरिका और चीन के रक्षामंत्रियों ने ताइवान मुद्दे पर बात की :** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने 31 अक्टूबर को मलेशिया में चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जुन से बातचीत की। उन्होंने ताइवान और साउथ चाइना सी में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखेगा और अपने हितों की रक्षा करेगा। हेगसेथ ने बताया कि अमेरिका टकराव नहीं चाहता, लेकिन अपनी सैन्य मौजूदगी मजबूत रखेगा। जवाब में चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने कहा कि अमेरिका को ताइवान के मामले में सावधानी से काम करना चाहिए और ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थन से बचना चाहिए।

**चीन को ताइवान हमले की ट्रेनिंग दे रहा रूस :** ब्रिटिश डिफेंस थिंक टैंक रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज ने दावा किया है कि रूस ताइवान पर 'एयरबोर्न अटैक' के लिए चीनी पैराट्रूपर्स को टैंक, हथियार व तकनीक मुहैया करा रहा है। पीएलए के पैराट्रूपर्स को रूस में सिम्युलेटर और ट्रेनिंग इक्विपमेंट के जरिए ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद चीन में एक साथ ट्रेनिंग होगी, जिसमें रूसी सेना उन्हें लैंडिंग, फायर कंट्रोल और मूवमेंट की ट्रेनिंग देगी।

### मार्क कार्नी बोले- भारत के साथ रिश्तों में प्रगति, US से व्यापारिक तनाव के बीच नई साझेदारियों पर जोर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ रिश्तों में 'अच्छी प्रगति' कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कनाडा अब अमेरिका पर निर्भरता घटाने और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ नए आर्थिक रिश्ते मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। कार्नी ने शनिवार को कहा, 'हम दुनिया भर में नई साझेदारियां बना रहे हैं। और इससे बेहतर जगह कोई नहीं हो सकती जितना कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 60 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने बताया कि कनाडा ने इंडोनेशिया के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है, फिलीपींस और थाईलैंड के साथ बातचीत जारी है, और चीन के साथ रिश्तों में भी एक नया मोड़ आया है। भारत को लेकर उन्होंने कहा, 'हम भारत के साथ भी प्रगति कर रहे हैं। हालांकि मेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधी मुलाकात नहीं हुई, लेकिन हमारे विदेश मंत्री और अन्य मंत्री भारत से लगातार संवाद में हैं।' पीएम कार्नी ने जोर दिया कि कनाडा अपनी ताकत पहले घरेलू स्तर पर बढ़ा रहा है और साथ ही विदेशों में साझेदारियां बनाकर अमेरिका पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है।

### प्रधानमंत्री कार्की ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की मुलाकात, पांच मार्च के आम चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और सभी सात प्रांतों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री के प्रेस समन्वयक राम बहादुर रावल ने बताया कि यह बैठक इसलिए बुलाई गई थी ताकि बदलते राजनीतिक हालात में केंद्र और राज्यों की सरकारों के बीच बेहतर संवाद और तालमेल बन सके। सुशीला कार्की (73 वर्षीय) 12 सितंबर को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के लिए के खिलाफ युवाओं ने जेन-जेड आंदोलन किया था। जिसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यह बैठक प्रधानमंत्री की चुनाव की तैयारियों को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और हितधारकों के साथ चल रही सलाह-मशविरा की श्रृंखला का हिस्सा थी। कार्की चुनाव से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों और जेन जेड समूह के नेताओं के साथ बैठकें कर सहमति बनाने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को उन्होंने नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा और बिश्व प्रकाश शर्मा के साथ चर्चा की, ताकि चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की स्थिति स्पष्ट हो। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, एक घंटे की इस बैठक में चुनाव की तैयारियों,



कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने और अन्य जरूरी कार्यों पर फोकस किया गया। नेपाली कांग्रेस के नेताओं ने प्रधानमंत्री को चुनाव में पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। थापा और शर्मा ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस जल्द ही जेन जेड समूह और अन्य राजनीतिक दलों के साथ गंभीर संवाद करेगी। सुरक्षा मुद्दों और चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए कार्की ने 21 अक्टूबर को पहली बार कार्यवाहक सरकार के गठन के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। इस बैठक में भंग हुई प्रतिनिधि सभा के कई प्रमुख राजनेता शामिल हुए। प्रधानमंत्री कार्की ने सभी दलों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग मांगा, जबकि नेताओं ने सरकार से चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बनाने का अनुरोध किया। इससे पहले 25 अक्टूबर को नेपाल के गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्याल ने सभी संबंधित पक्षों को आमंत्रित किया था और पांच मार्च के आम चुनाव से पहले सड़कों पर प्रदर्शन करने के बजाय कार्यवाहक सरकार के साथ संवाद करने का सुझाव दिया था।

## सर्बिया में राष्ट्रपति वूचिच के खिलाफ प्रदर्शन तेज, रेलवे हादसे की बरसी पर भड़का विरोध

**बेलग्रेड, एजेंसी।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में रविवार को राष्ट्रपति अलेक्जांडर वूचिच के समर्थकों और विरोधियों के बीच तीखे टकराव की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ने पर सैकड़ों दंगा-रोधी पुलिसकर्मी दोनों समूहों के बीच दीवार बनकर खड़े हो गए। इस दौरान लोगों ने बोतलें और पटाखे एक-दूसरे पर फेंके। यह तनाव उस समय बढ़ा जब एक दिन पहले उत्तरी शहर नोवी साद में रेलवे स्टेशन हादसे की पहली बरसी पर हजारों लोग इकट्ठा हुए। पिछले साल हुए इस हादसे में 16 लोगों की मौत हुई थी, जिससे शुरू हुआ युवाओं का विरोध आंदोलन अब वूचिच सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक अभियान बन गया है।

बेलग्रेड में प्रदर्शनकारी दिजाना हरका के समर्थन में जुटे, जिनके बेटे स्टेफन हरका की मौत इसी हादसे में हुई थी। उन्होंने रविवार को संसद के पास स्थित वूचिच समर्थकों के टेंट कैंप के बाहर भूख हड़ताल शुरू की। नोवी साद और अन्य छोटे शहरों में भी लोगों ने उनके समर्थन में प्रदर्शन किए।

क्या है आंदोलनकारियों का आरोप?


मामले में आंदोलनकारियों का आरोप है कि नोवी साद स्टेशन के पुनर्निर्माण में सरकारी भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ, जिसमें स्टेशन की छत गिर गई थी। हरका ने अपने बेटे और बाकी 15 पीड़ितों के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को रिहा किया जाए और जल्द चुनाव कराए जाएं, जैसा कि छात्र आंदोलन के नेता मांग रहे हैं। बता दें कि राष्ट्रपति वूचिच ने मार्च में बेलग्रेड में अपने समर्थन में कैसिलैंड नाम का टेंट कैंप लगवाया था, जो अब उनके कार्यालय और संसद के बीच सुरक्षा घेरे की तरह काम कर रहा है। पुलिस लगातार इस इलाके की निगरानी कर रही है, जो आम नागरिकों के लिए बंद है।

इसके बाद हाल के महीनों में सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई रैलियों को बलपूर्वक खत्म किया गया। वहीं सरकारी मीडिया ने छात्र नेताओं को आतंकवादी बताकर उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है।

## ट्रंप का चौंकाने वाला बयान, कहा- हमारे पास दुनिया को 150 बार तबाह करने के लिए पर्याप्त हथियार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु परीक्षण करने का आदेश देने के बाद से ही हंगामा मचा हुआ है, लेकिन ट्रंप अपनी बात पर अड़े हैं। अब उन्होंने एक चौंकाने वाले बयान में कहा है कि अमेरिका के पास दुनिया को तबाह करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार हैं, लेकिन फिर भी अमेरिका को परमाणु परीक्षण करने की जरूरत है। ट्रंप ने कहा कि रूस और चीन की परमाणु महत्वकांक्षाएं भी अमेरिका के परमाणु परीक्षण करने की वजह है।

**शी जिनपिंग से मुलाकात से पहले ट्रंप ने दिया था परमाणु परीक्षण का आदेश :** सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि परमाणु परीक्षण करने का उन्होंने तब फैसला किया, जब उन्हें



एहसास हुआ कि इतने बड़े परमाणु हथियारों के जखीरे के बावजूद अमेरिका अकेला ऐसा देश नहीं हो सकता, जो परमाणु परीक्षण न करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीते दिनों दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अमेरिकी रक्षा विभाग को तुरंत परमाणु परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया था। ट्रंप के इस बयान की दुनियाभर में आलोचना हुई और विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे दुनियाभर में फिर से परमाणु हथियारों के परीक्षण की होड़ मच सकती है। ट्रंप के परमाणु हथियारों पर बयान ने चौंकाया ट्रंप ने बयान में कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को 150 बार तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो। ट्रंप ने कहा रूस ने परमाणु परीक्षण करने का एलान किया और वे ऐसा कर रहे हैं। उत्तर कोरिया भी परमाणु परीक्षण कर रहा है और अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं। हम नहीं चाहते कि हम इकलौता देश रहें, जो परीक्षण न कर रहा हो। अमेरिका ने आखिरी बार ऑपरेशन जूलियन के तहत साल 1992 में परमाणु परीक्षण किया था। अमेरिका और रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षण ऐसे समय में किया जा रहा है, जब यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों में तनाव है। दोनों देश परमाणु परीक्षण रोकने वाली संधि सीटीबीटी के हस्ताक्षरकर्ता देश हैं। इस संधि पर 187 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इस्राइल आदि देश भी शामिल हैं।

## ट्रंप का दावा- पाकिस्तान कर रहा परमाणु हथियारों का परीक्षण! रूस, चीन और उत्तर कोरिया भी कर सकते है टेस्टिंग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जो सक्रिय रूप से परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों की यही प्रवृत्ति दर्शाती है कि अमेरिका के लिए भी अपने परमाणु परीक्षण को फिर से शुरू करना जरूरी हो गया है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका ही एकमात्र देश है जिसने परीक्षण रोक रखे हैं। ट्रंप ने कहा, 'रूस परीक्षण कर रहा है, चीन भी कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, इसलिए हम बात करते हैं। जब बाकी देश परीक्षण कर रहे हैं, तो हमें भी करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है और पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। 'हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण कर रहे हैं और अन्य भी कर रहे हैं।' गौरतलब है कि रूस ने हाल में उन्नत परमाणु-सक्षम हथियारों और तकनीकों का परीक्षण किया है। इनमें पोसाइडन अंडरवॉटर ड्रोन शामिल है। इसी को लेकर जब ट्रंप से पूछा गया कि अमेरिका की तरफ से तीन दशक से ज्यादा समय बाद परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने के फैसले को लेकर पूछा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि ये हथियार कैसे काम करते हैं। रूस ने एलान किया है की कि वे परीक्षण करने जा रहे हैं। उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है, अन्य देश भी कर रहे हैं। हम ही एकमात्र देश हैं जो नहीं कर रहे, और मैं नहीं चाहता कि ऐसा रहे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका बाकी देशों की तरह परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं और उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु हथियार कम करने पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने जितने परमाणु हथियार हैं। चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले ट्रंप ने किया था परमाणु परीक्षण शुरू करने का एलान बता दें कि बीते हफ्ते ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु हथियार परीक्षण को तत्काल फिर शुरू करने का एलान किया था। ट्रंप की तरफ से यह घोषणा उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दक्षिण कोरिया में होने वाली मुलाकात से ठीक पहले आई थी। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि अमेरिका का आने वाले समय में रूस और चीन जैसी परमाणु शक्तियों से तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने यह भी बताया कि परीक्षण के लिए तैयारियां पहले से जारी हैं।

### दक्षिण लेबनान में इस्राइली हवाई हमला चार की मौत; सीजफायर के बाद भी पश्चिम एशिया में अशांति बरकरार



**बेरूत, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच दो साल से चल रहे भयावह हिंसक संघर्ष के बाद सीजफायर हुआ। हालांकि उसके बाद भी पश्चिम एशिया में आज भी अशांति बरकरार है। कारण है कि प्रतिदिन गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। इसी बीच दक्षिण लेबनान के नबातिये जिले के कफरसिर कस्बे में शनिवार को इस्राइल के हवाई हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए। यह जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार हमला स्थानीय समय दोपहर करीब 2:15 बजे, जब एक 'गाइडेड मिसाइल' ने एक कार को निशाना बनाया। इस धमाके से आसपास के इलाके में भारी नुकसान हुआ और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंचे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने एक दिन पहले ही इस्राइल पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया था। आउन ने कहा था कि इस्राइल उनकी स्थायी शांति वार्ता की पेशकश का जवाब हमलों से दे रहा है।

**इस्राइल के निशाने पर लेबनान क्यों :** बता दें कि इस्राइल और हमास के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद 2023 में हिजबुल्लाह ने गाजा में जारी संघर्ष के दौरान हमास के समर्थन में इस्राइल पर हमले शुरू किए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच झड़पें बढ़ीं। नवंबर 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में एक सीजफायर (युद्धविराम) हुआ, लेकिन अभी भी पश्चिम एशिया में अशांति बरकरार है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, युद्धविराम लागू होने के बाद से इस्राइली हमलों में लेबनान के कम से कम 111 नागरिक मारे जा चुके हैं। इनमें पत्रकार और राहतकर्मी भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टस बताती है कि इस्राइली सेना अभी भी दक्षिण लेबनान के कम से कम पांच इलाकों में मौजूद है और लगभग रोज हवाई हमले कर रही है, जिन्हें वह 'हिजबुल्लाह ठिकानों' पर कार्रवाई बताती है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति आउन ने हाल ही में कहा कि उनकी वार्ता की पहल का मकसद इस्राइली कब्जा खत्म करना है। उन्होंने लेबनान की शांति के लिए बातचीत की इच्छा दोहराई। इस्राइल का कहना है कि लेबनान हिजबुल्लाह को रोकने में नाकाम रहा है।

## नहीं थम रहा रूस का यूक्रेन पर हमला, कई राज्यों में भारी तबाही; जेलेंस्की बोले- हर रात हो रहा हमला

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता जा रहा है। दूसरी ओर इसके फिलहाल खत्म होने के भी दूर-दूर तक कोई आसान नहीं दिख रहे हैं। कारण है कि इन दिनों यूक्रेन के अलग-अलग शहरों में रूस ने खूब बम बरसाएं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रूस कई इलाकों में लगातार हमले कर रहा है, जिनमें नागरिकों की मौतें हो रही है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रूस ने ऊर्जा ठिकानों और आम आबादी के इलाकों को निशाना बनाया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबे पोस्ट में लिखा कि लगभग हर रात रूस हमारे लोगों पर अलग-अलग हथियारों से हमला करता है। ड्निप्रो, जापोरिजझिया, खारकीव, चेर्निहिव और ओडेसा क्षेत्रों में हमले हुए हैं। उन्होंने दावा किया इन हमलों में दुर्भाग्य से कई लोग मारे गए और अनगिनत लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ एक हफ्ते में रूस ने करीब 1,500 ड्रोन, 1,170 गाइडेड बम और 70 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनसे घरों और ऊर्जा ढांचे को भारी नुकसान हुआ।

**यूक्रेन के कई इलाके में लगातार हो रहे हमले :** बता दें कि रूस ने यूक्रेन के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हमले किए। इसके तहत बीते दिनों निप्रॉपेट्रोस में रूसी हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। इसी क्रम में ओडेसा में रूसी लड़ाकू विमानों ने कई ट्रकों पर बम गिराए, जिससे दो लोगों की



मौत और तीन लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं खेरसोन में रूस ने ड्रोन, तोपों और हवाई हमलों से 20 से ज्यादा गांवों पर हमला किया गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और कई घरों को नुकसान पहुंचा।

इसके साथ ही माइकोलाइव शहर के पास रूसी इसकंदर-एस मिसाइल गिरी, जिससे एक 20 साल के युवक की मौत और 19 लोग घायल हुए। घायलों में दो बच्चे भी हैं और जापोरिजझिया: यहां भी रूसी हमले में एक नागरिक मारा गया और कई घर तबाह हो गए। कुल मिलाकर हमलों के बाद करीब 60,000 लोगों की बिजली चली गई। यूक्रेन की बिजली कंपनी उक्रेनेर्गो ने कहा है कि देश में अस्थायी बिजली कटौती लागू की जाएगी ताकि सिस्टम को संभाला जा सके।

**ऊर्जा ठिकानों पर बढ़ा खतरा :** रूस के इन दिनों लगातार ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलें को लेकर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस सर्दियों से पहले हमारे ऊर्जा तंत्र को तबाह करना चाहता है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों की मदद से ऊर्जा ढांचे को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने अमेरिका, नॉर्वे, जर्मनी, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, जापान, स्पेन और यूरोपीय आयोग का आभार जताया। अंत में जेंलेंस्की ने कहा कि रूस का लक्ष्य हमारे लोगों को कष्ट देना है, लेकिन हम डटे रहेंगे। हम अपने सहयोगियों के समर्थन के लिए आभारी हैं, यूक्रेन के साथ खड़े हर देश को धन्यवाद।

**पलटवार की तैयारी में यूक्रेन :** हालांकि यूक्रेन ने भी रूसी हमलों के जवाब में कार्रवाई किए। यूक्रेनी एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को क्षेत्र की कोल्त्सेवॉय पाइपलाइन, जो ईंधन की मुख्य सप्लाई लाइन है, उसपर हमला किया गया जिससे तीनों पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, रूस ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा ने 164 यूक्रेनी ड्रोन गिराए, जिनमें 39 काला सागर और 26 क्रीमिया के ऊपर थे। इसके अलावा, यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के तुआप्से शहर में एक तेल टर्मिनल और टैंकर को नुकसान पहुंचाया।


# सिर्फ 25 प्रतिशत महिलाएं ही कराती हैं ब्रेस्ट कैंसर के लिए स्क्रीनिंग

भारत की सबसे तेज गति से बढ़ती बीमा कंपनी फ्यूचर जेनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्रा.लि. (एफजीआईएलआइ) ने मॉमस्प्रेसो के साथ मिलकर राष्ट्रीय सर्वे के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया है, जो यह समझने के लिए किया गया था कि भारतीय महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरुकता कितनी है। भारतीय महिलाओं में होने वाला आम कैंसर है ब्रेस्ट कैंसर। हकीकत तो यह है कि भारत में महिलाओं में होने वाला हर चौथा कैंसर ब्रेस्ट कैंसर है। ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ (बीसीएएम) के परिप्रेक्ष्य में फ्यूचर जेनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस और भारत में महिलाओं के सबसे बड़े यूजर-जनरेटेड कंटेंट प्लेटफार्म मॉमस्प्रेसो ने महिलाओं के बीच इस मुद्दे पर बातचीत बढ़ाने और ब्रेस्ट कैंसर कैंसर से जुड़े लक्षणों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक सर्वेक्षण किया। यह आवश्यक है कि महिलाएं स्तन कैंसर से जुड़े आम लक्षणों को जानें, जैसे गांठ और स्तन की त्वचा की मोटाई बढ़ना, और यह समझें कि शीघ्र मूल्यांकन और जल्दी पता लगाने से परिणाम में सुधार होता है।

## ब्रेस्ट कैंसर के बारे में उच्चस्तरीय जागरूकता

भारत में स्तन कैंसर होना दुर्लभ नहीं है। लगभग 86प्रतिशत भारतीय महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर क्या होता है? इस तथ्य से अच्छी तरह परिचित हैं। आश्चर्यजनक रूप से 49प्रतिशत भारतीय महिलाओं ने महसूस किया कि उन्हें स्तन कैंसर का खतरा है। हालांकि इतनी उच्च जागरुकता के बाद भी स्क्रीनिंग करवाने वाली महिलाओं की संख्या काफी कम है।

## ब्रेस्ट स्क्रीनिंग को नहीं दिया जाता महत्व



ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता सर्वेक्षण के निष्कर्षों के अनुसार, 33 प्रतिशत उत्तरदाताओं को लगता है कि उन्हें स्क्रीनिंग की जरूरत नहीं है, जबकि 31 प्रतिशत ने कहा कि स्तन कैंसर के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट कराने के बारे में उन्हें पता ही नहीं था। इसके अलावा, 14 प्रतिशत महिलाओं ने यह भी बताया कि वह आलसी हैं और उन्हें लगता है कि इस तरह की स्क्रीनिंग कराने के लिए उनकी आयु काफी कम है।

## उपचार के बारे में जानकारी का अभाव

देशभर में जिन महिलाओं के बीच सर्वेक्षण कराया गया, उनमें से आधे से अधिक को यह नहीं पता था कि इस बीमारी की नियमित स्क्रीनिंग या जांच किस उम्र में कराई जानी चाहिए। लगभग 80 प्रतिशत को कैंसर के विभिन्न उपचारों के बारे में जानकारी नहीं थी। हकीकत तो यह है कि ज्यादातर महिलाओं को सिर्फ कीमोथेरेपी ही एकमात्र उपचार के तौर पर उन्हें याद थी। सर्वेक्षण से पता चला कि दक्षिण भारत में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की जांच को लेकर सेल्फ-एग्जामिनेशन के बारे में बहुत कम जानकारी है। हकीकत तो यह है कि 33 प्रतिशत महिलाओं को ही पता था कि वे सेल्फ-एग्जामिनेशन के जरिए भी इस बीमारी का परीक्षण कर सकती है। इसके अलावा 35 प्रतिशत महिलाओं को मैमोग्राफी के तौर पर उपचार के एक विकल्प की जानकारी थी, जबकि 60 प्रतिशत को सिर्फ कीमोथेरेपी की ही जानकारी थी। अध्ययन में यह भी पाया गया कि जिन लोगों के बीच सर्वेक्षण कराया गया उनमें लगभग 12 प्रतिशत महिलाएं स्वयं पीड़ित है या ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित रही है। इन ब्रेस्ट कैंसर फाइटर्स में एक बड़े हिस्से ने ब्रेस्ट में दर्द, परेशानी और स्तन के आकार और प्रकार में होने वाले परिवर्तन और उसमें होने वाली गांठों को इस रोग के टॉप 3 लक्षणों के तौर पर बताया।

## महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बात करने में असहज होती है

ब्रेस्ट कैंसर और इसके उपचारों के बारे में जागरुकता की कमी की वजह में से एक महत्वपूर्ण कारक को सामने लाते हुए सर्वेक्षण ने पाया कि भारत में 57 प्रतिशत महिलाएं अपने दोस्तों और परिजनों के साथ ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बात करने में जरा-भी सहज नहीं हैं। हालांकि, भारत में केवल 43 प्रतिशत महिलाएं ही इस बीमारी पर खुलकर बोल पाती हैं। यह इस तथ्य की ओर भी इशारा करता है कि महानगरों में ब्रेस्ट कैंसर पर संवाद शुरू करने और जागरू कता फैलाने के लिए महिलाएं अपेक्षाकृत ज्यादा खुली है।

# सर्दियों में करें लौंग की बनी मसाला चाय का सेवन

## ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल

बदलते मौसम के चलते सभी को सर्दी-जुकाम से परेशान होते हैं, जिससे बचने के लिए आप कई तरह के घरेलू नुस्खों को अपनाते हैं। अगर आप सर्दी-जुकाम से परेशान हैं तो आज हम आपके लिए लौंक से बनी मसाला चाय लेकर आए है। बता दें कि, लौंग में यूजेनॉल मौजूद होता है, जो साइनस और दांद दर्द जैसी परेशानियों के दूर करने में बहुत सहायक होता है। लौंग की तासीर बहुत ही गर्म होती है। आइए जानते हैं क्या होंगे फायदें-



एसिडिटी इस चाय मे सेलाइवा ज्यादा होता है, जिससे डाइजेशन बहुत ही इम्प्रूव होता है। साथ इसके सेवन से एसिडिटी की समस्या दूर होती है।

**ब्लड प्रैशर-** इसमें मैग्नीशियम होता है, जो बीपी से बचाने से सहायक होता है। साथ इससे ब्लड प्रैशर की समस्या भी दूर होती है।

**बीमारियों से बचाव-** लौंग की चाय पीने से बॉडी की एम्यूनटी बढ़ती है और सारी बीमारियों से बहुत छुटकारा मिलता है।

**आर्थराइटिस-** लौंग की चाय में इंफ्लेमेटरी गुण होते है, जो आर्थराइटिस के खतरे को कम करने में बहुत मदद करते है।

**लिवर की समस्या-** लौंग की चाय पीने से शरीर में मोजूद टॉक्सिन्स दूर होते है और लिवर की प्रॉबल्म भी दूर रहती है।

**आंखों की रोशनी-** इसमें विटामिन ए की मात्रा अधिक होती है, जो आंखों की रोशनी को बनाएं रखने में बहुत मदद करता है।

**हार्ट की समस्या-** लौंग की चाय रोजाना पीने से कोलेस्ट्रॉल की समस्या दूर होती है और हार्ट से जुड़ी समस्याओं से बहुत आसानी से छुटकारा मिलता है।

**डायबिटीज-** इसे पीने से शरीर का रक्त चाप ठीक रहता है और डायबिटीज से राहत मिलती है। इसलिए रोजाना लौंग की चाय का सेवन अवश्य करें।

## रेसिपी



### चीज कॉर्न पराठा

**सामग्री**

■ मैदा/आटा : 500 ग्राम ■ तेल: 04 बड़े चम्मच ■ अजवाइन: 05 ग्राम ■ घी ■ नमक: 01 छोटा चम्मच ■ उबले और मैश किए कॉर्न :04 कप ■ कद्दूकस चीज: 01 कप ■ बारीक कटे बींस और गाजर: 1 1/2 कप ■ बारीक प्याज: 04 ■ बारीक कटी हरी मिर्च: 01 छोटा चम्मच ■ चाट मसाला: 01 छोटा चम्मच ■ गरम मसाला पाउडर: 1/2 छोटा चम्मच ■ काली मिर्च पाउडर: 1/2 छोटा चम्मच ■ नमक: स्वादानुसार

**विधि**

कॉर्न चीज पराठा के लिए सबसे पहले मैदा में रिफाइंड तेल, अजवाइन और नमक मिला कर उसे गूंथ लें। भरावन की सभी चीजें मिलाकर एक बर्तन में रख लें। इसके बाद मैदे की मनपसंद साइज की लोई लेकर उसमें उचित मात्रा में भरावन को भर लें और उसे परांठे की तरह बेल लें। तवे पर घी गर्म करें और उसमें सुनहरा होने तक पराठे को दोनों ओर से सेंक लें। तैयार हैं आपके यमी, हेल्दी और टेस्टी चीज पराठा। इसे सॉस या चटनी के साथ गरमा गर्म सर्व करें।



### माउथवॉटरिंग पिज्जा

**सामग्री**

■ 1 कप पिज्जा फ्लार ■ 1/2 टी स्पून यीस्ट ■ 1/2 टी स्पून नमक ■ 1/5 कप पानी ■ 1 टी स्पून चीनी ■ 1 टेबल स्पून जैतून का तेल ■ 1/2 कप पिज्जा सॉस ■ 2/3 कप पिज्जा चीज ■ 1/2 टी स्पून चिली फ्लेक्स ■ 1/2 टी स्पून फ्रेश ऑरिगेनो ■ 1/4 एवोकाडो ■ 1/4 कप जुकीनी हरी/पीली ■ 1/2 बेल पैपर लाल/पीली ■ 4 मशरूम ■ 2 काले जैतून ■ हरे जैतून

**विधि**

सबसे पहले ओवन को अधिकतम तापमान पर गर्म करके चीज को डीफ्रॉस्ट कर लें। आप इस बीच बेस के लिए आटा तैयार कर सकते हैं। पहले मिक्सिंग बाउल में गुनगुने पानी में यीस्ट घोलें। फिर इसमें पिज़्ज़ा का आटा और नमक मिलाकर एक नरम आटा तैयार कर लें। आप आटे को स्मूद करने के लिए इसे 10 मिनट तक गूंधे। अगर आटा चिपचिपा हो तो आप थो?ा आटा और छिड़कर इसे गूंध सकते हैं। अब एक काउंटर टॉप में कवर करके रख दें। फिर इसके ऊपर आटा रखने के लिए एक बेकिंग शीट को रखियें। फिर इसे एक रोटी की तरह पतला रोल कर लें। फिर इस पर एक बड़े चम्मच के पिछले हिस्से का उपयोग करके पिज्जा सॉस फैला लें। अब इस पर कटी हुई सब्जियां फैला लें और फिर इस पर चीज पर डालें। अब इसी के साथ बेकिंग ट्रे को आराम से निकालकर इस पर इटैलियन सीजनिंग छिड़के। फिर इसे 15 मिनट तक बेक कर लें या फिर जब तक चीज गोल्डन दिखाई न देने लगे तब तक बेक करें। लीजिये आपका गर्मागर्म पिज्जा सर्व करने के लिए तैयार है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 2637




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 2636 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार एक सेठ बीमार पड़ गया. उसकी हालत मरने की-सी हो गई. पूरा परिवार उसके चारों ओर एकत्र था. सेठ ने अपनी पत्नी को बुलाकर पूछा-'बड़ा लड़का कहां है ?'

'यहीं है !'

'मंझला ?'

'यहीं है.'

'और छोटा ?'

'यहीं है.'

'तो फिर क्या दुकान बन्द पड़ी है ?' सेठ ने चारपाई से उठते हुए पूछा.

□ □ □

एक जहाज का कप्तान डेक से फिसल कर समुद्र में गिर गया. एक नाविक ने अपनी जान हथेली पर रखकर उसे बचा लिया.

'मैं तुम्हें क्या इनाम दूं !'कप्तान ने पूछा.

'श्रीमान !' नाविक हाथ जोड़ते हुए बोला-'सबसे अच्छा इनाम तो यह होगा कि आप इस घटना का जिक्र किसी से न करें. वरना बाकी नाविक मुझे उठाकर समुद्र में फेंक देंगे.'

□ □ □


जज, कैदी से- 'तुम्हें कल फांसी दी जाएगी, तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है?'

कैदी-'जी हाँ.'

जज-'क्या?'

कैदी-'जी मेरी जगह आप फांसी पर लटक जाइये!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2637



**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३.२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू. रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2635

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रे | ड | | बॉ | बी | | श | रा | र | त |
| टी | | अ | क्स | | फ | रा | ज | | ला |
| | कु | द | र | त | | बी | | जो | श |
| आ | | ना | | म | र्द | | जं | ग | |
| द | म | न | | न्ना | | | जी | न | त |
| मी | | सा | थी | | म | द | र | | ह |
| | वि | मी | | अ | वा | म | | शू | ल |
| ही | रा | | रू | दा | ली | | जै | | का |
| | स | नी | | ल | | फ | की | रा | |
| जी | त | | सौ | त | न | | | जा | ल |

## सूडोकु - 2637


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2636 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 2637



**बाएँ से दाएँ**

1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**

1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली -2636 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## चुनाव के दौरान बिहार में अबतक 100 करोड़ से अधिक की जब्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में कुछ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के दौरान अबतक प्रवर्तन एजेंसियों की समन्वित पहल से 108.19 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अवैध प्रलोभन जब्त किए गए। इनमें 9.62 करोड़ रुपये नकद, 42.14 करोड़ रुपये (9.6 लाख लीटर) मूल्य की शराब, 24.61 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ, 5.8 करोड़ रुपये मूल्य की कीमती धातुएं और 26 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अन्य मुफ्त उपहार शामिल हैं। चुनाव आयोग ने राज्य व केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू करने के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी प्रवर्तन अधिकारियों को चुनाव के दौरान नकदी, नशीले पदार्थों, शराब और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने और उनका मुकाबला करने का निर्देश दिया है। आयोग ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि प्रवर्तन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन निर्देशों के प्रवर्तन के लिए जाँच और निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों को असुविधा या परेशानी न हो। सी-विजिल पर दर्ज शिकायतों का 100 मिनट के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने के लिए अब तक पूरे बिहार में 824 उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं।

## भारत-बहरीन दोहरे कराधान से बचने से जुड़ी वार्ता पर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और बहरीन ने द्विपक्षीय निवेश संधि के लिए चल रही वार्ता में हुई प्रगति का स्वागत किया है। दोनों पक्ष दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) पर वार्ता शुरू करने के लिए एक साझा समझ विकसित करने पर सहमत हुए हैं। भारत और बहरीन के बीच उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की आज पांचवीं बैठक नई दिल्ली में हुई। इसकी सह-अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बहरीन के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अलजयानी ने की। बैठक में उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक, व्यापार, निवेश, सीमा शुल्क, स्वास्थ्य, वित्तीय प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों सहित क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से नई पहलों पर चर्चा की। बैठक के बाद जारी वक्तव्य में दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए सशस्त्र आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

## राम विरोधी, जातिवादी और माफिया संरक्षक हैं कांग्रेस-राजद- सीएम योगी

**सारण।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सारण जिले के गरखा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। एनडीए प्रत्याशी सीमांत मृणाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने न केवल बिहार की पहचान को कलंकित किया बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक को नकारकर हिंदू आस्था का अपमान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने कहती है कि भगवान राम हुए ही नहीं। अब बताइए, हिंदुओं के लिए इससे बड़ी गाली क्या हो सकती है? आरजेडी ने राम मंदिर की रथ यात्रा को रोक दिया था, लाठीचार्ज कराया था। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। लेकिन हमने कहा था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' और आज भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। अगर उत्तर प्रदेश में बीजेपी की डबल इंजन की सरकार न होती, तो क्या राम मंदिर बन पाता? सीएम योगी ने आरजेडी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि 1992 से 2005 के बीच बिहार की पहचान नरसंहार, अपहरण और अराजकता से बन गई थी। पांच दर्जन से अधिक जातीय नरसंहार हुए, 30 हजार से ज्यादा अपहरण हुए। व्यापारी असुरक्षित थे, बेटियां घर से निकलने में डरती थीं। बिहार के युवाओं को पलायन करना पड़ा। यही था आरजेडी राज का बिहार। उन्होंने कहा कि बिहार ने जब एनडीए को अवसर दिया, तब विकास की नई धारा बही। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में माफिया की उलटी गिनती शुरू हुई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरासत का सम्मान करते हुए विकास को गति दी।

## कुरुक्षेत्र तथा भागवत गीता को मिली वैश्विक पहचान:गीता मनीषी

**चंडीगढ़।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा है कि सरकार द्वारा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन शुरू किए जाने के बाद कुरुक्षेत्र तथा भागवत गीता को वैश्विक पहचान मिली है। कुरुक्षेत्र की धार्मिक मान्यता तथा पर्यटन स्थल के रूप में अंतरराष्ट्रीय पहचान बढ़ी है। स्वामी ज्ञानानंद चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। वर्ष 2014 के बाद हो रहे नियमित आयोजन के बाद कुरुक्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कुरुक्षेत्र का स्वरूप बदला है। उन्होंने कहा कि पहले सूर्य ग्रहण या अन्य किसी बड़े आयोजन तक सिमटा हुआ था। हालांकि आदि काल से ही कुरुक्षेत्र का हमारे देश के तीर्थों में अलग महत्व रहा है लेकिन देश के लोगों का इस तरफ रुझान नहीं था। कुरुक्षेत्र पहले कभी तीर्थ के रूप में नहीं उभर पाया था, लेकिन अब गीता जयंती के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के बाद यहां सारा साल आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। कुरुक्षेत्र अब धार्मिक तीर्थ के रूप में देश-विदेश के लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है।

# बिहार चुनाव 2025 : पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर 6 नवम्बर को मतदान

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के पहले चरण का मतदान 06 नवम्बर को 18 जिलों की 121 सीटों पर होगा। आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार का शोर इन 121 सीटों पर थम जायेगा। इनमें दरभंगा, मुंगेर और पटना प्रमंडल की कई सीटें इस बार हाई प्रोफाइल बन गई हैं। खासकर तारापुर, अलीनगर, सरायरंजन, मोकामा और लखीसराय सीटों पर सबकी नजर है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में इन तीनों प्रमंडलों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने महागठबंधन पर स्पष्ट बढ़त बनाई थी।

**किन जिलों में पहले चरण में मतदान**

पहले चरण में पटना, भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा और नालंदा जिले की विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। पटना जिले की 14 सीटों में 2020 में 9 पर राजग और 5 पर महागठबंधन ने जीत दर्ज की थी। इस बार ब्रिकम सीट पर कांग्रेस के सिद्धार्थ गौतम भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, जिससे गठबंधन को अतिरिक्त मजबूती मिली है।

**दरभंगा प्रमंडल की चार हॉट सीटें**

दरभंगा जिले की 10 सीटों में 2020 में राजग ने 9 सीटें जीती थीं। जदयू को कुशेश्वरस्थान, बहादुरपुर, बेनीपुर, जबकि भाजपा को दरभंगा, हायाघाट, केवटी और जाले सीटें मिली थीं। वीआईपी को गौरा बौराम और अलीनगर की सीटें मिली थीं, जिनके विधायक बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। दरभंगा की चार सीटें इस बार हाई प्रोफाइल हैं। जाले से नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा भाजपा से उम्मीदवार हैं, जिनके सामने कांग्रेस ने ललित नारायण मिश्र के पोते ऋषि मिश्रा को उतारा है। अलीनगर सीट लोक गायिका मैथिली ठाकुर की उम्मीदवारी से चर्चित है। यहां राजद ने विनोद मिश्रा को उतारा है। दरभंगा शहरी सीट से मंत्री संजय सरावगी चुनाव मैदान में हैं, उनके सामने जन सुराज के आर.के. मिश्रा और वीआईपी के उमेश साहनी हैं। बहादुरपुर सीट से मंत्री मदन सहनी मैदान में हैं, उनके मुकाबले राजद ने लालू यादव के करीबी भोला यादव को उतारा है।

**समस्तीपुर में कड़ा मुकाबला**

समस्तीपुर जिले की सरायरंजन सीट से मंत्री विजय चौधरी (जदयू) मैदान में हैं, जिनके खिलाफ राजद ने अरविंद साहनी को टिकट दिया है। उजियारपुर से राजद के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार मेहता चुनाव लड़ रहे हैं, उनके सामने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रशांत कुमार पंकज हैं। मुकेश सहनी के महागठबंधन में आने से मल्लाह वोट बैंक में हलचल हुई है, लेकिन महिला मतदाताओं का झुकाव अब भी राजग की ओर है। चार मंत्रियों की सक्रिय उपस्थिति (संजय सरावगी, विजय चौधरी, जीवेश मिश्रा और मदन सहनी) राजग की स्थिति मजबूत कर रही है।

## आंध्रप्रदेश में ट्रैवल्स बस पलटी.. दो की मौत.. कई घायल

एजेंसी

**एलुरु।** एलुरु जिले के लिंगापालेम में एक सड़क दुर्घटना हुई। एलुरु से हैदराबाद जा रही भारती ट्रैवल्स की एक बस जुबली नगर के पास पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई.. और कई घायल हो गए। हादसे के वक्त बस में ड्राइवर और एक क्लीनर समेत 18 लोग सवार थे। घटना आज यानी सोमवार के देर श्याम की है जब बस हैदराबाद के लिए निर्धारित समय 9 बजे निकली थी। घायलों का इलाज पास के एक अस्पताल में चल रहा है। यात्रियों का कहना है कि विपरीत दिशा से आ रहे एक दोपहिया वाहन से टकराने के बाद बस का नियंत्रण खो गया। पुलिस ने बस चालक को



हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। मृतकों में से एक की पहचान लिंगापालेम मंडल के प्रवीण बाबू के रूप में हुई है जो पैसे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और हैदराबाद की एक निजी कंपनी में कार्यरत है और अन्य एक यात्री की पहचान हो नहीं पाई। ,घटना की जानकारी मिलते ही एलुरु जिला पुलिस सतर्क हो गई। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँची और बचाव कार्य शुरू किया। ऐसा माना जा रहा है कि चालक शराब के नशे में बस चला रहा था। एलुरु जिला पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना के बारे में पूरी जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

# निवेश के लिए भारत सबसे ज्यादा संभावनाओं वाला देश है : ओम बिरला

एजेंसी

**कोलकाता।** नए उद्यमी सबसे अधिक भारत में निवेश कर रहे हैं क्योंकि यहां संभावनाएं सबसे ज्यादा हैं। भारत की लोकतांत्रिक मजबूती केवल संस्थाओं में नहीं, बल्कि इसकी सांस्कृतिक धरोहर और जनता के विश्वास में निहित है। यह बातें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोलकाता में कही। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स की 125वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष कार्यक्रम 'भारतञ्च100ः एन एज आफ ए न्यू डाउन (ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्डञ्च100ः ्नठ्ठ द्दद्ग शद्घ ड्ड ह्यद्ग2 ष्ठड्ड2ठ्ठ)' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उद्योग जगत के कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने भारत की आर्थिक प्रगति और स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने की दिशा में उसकी आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व नेतृत्वकर्ताओं की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के उद्योग और सेवा क्षेत्र में योगदान ने देश की सामाजिक-आर्थिक उन्नति को नई दिशा दी। बिरला ने स्वतंत्रता-पूर्व काल में चैंबर की यात्रा को भी महत्वपूर्ण



बताया, जब कोलकाता पूरे देश का प्रमुख औद्योगिक और सांस्कृतिक केंद्र हुआ करता था। उन्होंने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स को देश के अन्य वाणिज्य संगठनों के लिए प्रेरणा बताते हुए इसके सामाजिक सरोकारों और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी में अग्रणी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि नए उद्यमी सबसे अधिक भारत में निवेश कर रहे हैं क्योंकि यहां संभावनाएं सबसे ज्यादा हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 1952 के पहले आम चुनाव से लेकर आज तक मतदाता सहभागिता लगातार बढ़ी है, जो भारतीय लोकतंत्र में जनता की आस्था को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विविधताओं से भरा भारत अपनी पारदर्शी शासन व्यवस्था और मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे के कारण वैश्विक निवेशकों का भरोसेमंद केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि सरकार न्यूनतम शासन और अधिकतम सुशासन के सिद्धांत पर काम करते हुए औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने निजी क्षेत्र से अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करने का आग्रह किया और कहा कि भारत को वैश्विक नवाचार नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए सरकार इस क्षेत्र में हर संभव सहयोग कर रही है।

## भाजपा सांसद रवि किशन ने खगड़िया में की जनसभा, राजग उम्मीवार के लिए मांगा समर्थन

एजेंसी

**पटना।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन ने बिहार के खगड़िया जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। सांसद रवि किशन ने भोजपुरी अंदाज में जनसभा को संबोधित किया। भोलेनाथ के जयघोष के साथ उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए वहां मौजूद हजारों लोगों को लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) के उम्मीदवार बाबूलाल शौर्य के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में युवा की ही आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार चल रही है। प्रदेश का चौतरफा विकास हो रहा है। अगर आप भी परबत्ता विधानसभा से लोजपा-आर के उम्मीदवार बाबूलाल शौर्य को विधानसभा भेजते हैं, तो निश्चित रूप से खगरिया सांसद राजेश वर्मा के नेतृत्व में आपके विधानसभा का



भी विकास होगा। रवि किशन ने कहा, बिहार में मैं लगातार प्रचार में हूं, लेकिन हमें लगातार धमकियां मिल रही हैं। कहा जा रहा है कि आपके माथे पर गोली मार दी जाएगी, तो मैं उनको बता देना चाहता हूं, मेरा माथा बिल्कुल खाली है। मुझे गोली मार दो, लेकिन मेरे मरने से एक रवि किशन नहीं, हजारों रवि किशन पैदा हो जाएंगे, किस-किस को मारोगे? जनसभा के दौरान वहां मौजूद हजारों लोगों के मनोरंजन के लिए सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने शायरी की बौछार लगा दी। फिल्मी अंदाज में उन्होंने कहा कि अब वह बिहार नहीं है, जहां हथियार और कट्टे की बात होती थी। अब नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी की सरकार है। रवि किशन ने कई गीतों के मुखड़े गाकर लोगों का काफी मनोरंजन किया। जनसभा में मौजूद हजारों लोग रवि किशन के द्वारा गाए गए गीतों पर खूब झूमे। खगड़िया की इस जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता आशुतोष कुमार ने कहा, मैं 2 महीना पहले भाजपा का हिस्सा बना हूं।

# हरजिंदर सिंह धामी लगातार पांचवीं बार चुने गए एसजीपीसी के अध्यक्ष, मंडवाला बने महासचिव

एजेंसी

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में हरजिंदर सिंह धामी लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुने गए। हुए चुनाव के दौरान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कुल 136 वोटों में से 117 वोट हासिल करके जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी मिठू सिंह काहनेके को 18 वोट मिले, जबकि एक वोट रद्द हो गया। अमृतसर स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय स्थित तेजा सिंह समुंद्री हॉल में हुए मतदान के दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह, श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार और तख्त श्री केशगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह और शिरोमणि समिति के सदस्य उपस्थित थे। रघुजीत सिंह



विर्क को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बलदेव सिंह कल्याण को कनिष्ठ उपाध्यक्ष और शेर सिंह मांडवाला को महासचिव चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि राष्ट्र सेवा गुरु साहिब के आशीर्वाद से मिली है, जिसे वह गुरु साहिब की इच्छा के अनुसार निभाने का प्रयास करेंगे। एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी की पहली प्राथमिकता श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मनाना है। उन्होंने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद को देखते हुए और अधिक सरायों के निर्माण के लिए शुरू किए जा रहे कार्य को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

शिरोमणि कमेटी के आम सत्र के दौरान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी का नाम पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर कृपाल सिंह बडूंगर ने प्रस्तावित किया था, जिसका समर्थन अलविंदरपाल सिंह पखोके और भाई राजिंदर सिंह मेहता ने किया। एडवोकेट धामी के खिलाफ मिठू सिंह काहनेके का नाम सुरिंदर सिंह भुलेवाल राठां ने पेश किया।

## अहमदाबाद में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 4.0 का मेगा कैंप आयोजित

एजेंसी

**अहमदाबाद।** देशभर में चल रहे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 के तहत अहमदाबाद के टेगोर हॉल में एक मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों ने कैंप का दौरा किया तथा पेंशनभोगियों को डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने में सहयोग दिया।कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अनुसार, अभियान 1 से 30 नवंबर तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसके तहत 2,000 से अधिक शहरों और कस्बों में पेंशनभोगियों को डिजिटल सुविधा दी जाएगी। अभियान में आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे पेंशनभोगियों को बायोमेट्रिक उपकरण की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग पेंशनभोगियों के लिए विशेष सुविधा की व्यवस्था की है। भारत डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) उनके लिए घर-घर जाकर जीवन प्रमाण पत्र सेवा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (24 नवंबर 2024) और 'संविधान दिवस' (26 नवंबर 2024) संबोधनों में डिजिटल इंडिया पहल के तहत डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट योजना की सराहना की थी, जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन प्रक्रिया को आसान बनाया है। अहमदाबाद में आयोजित मेगा कैंप में करीब 2,000 पेंशनभोगियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव और संचार लेखा महानियंत्रक ने पेंशनभोगियों के साथ संवाद किया।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर में अनियमितताओं को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने के लिए यह प्रक्रिया निष्पक्षता और सतर्कता के साथ की जानी चाहिए। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य में बड़ी संख्या में जाली और बैकडेटेड दस्तावेज जारी किए जा रहे हैं, जिनका उपयोग अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के तहत दस्तावेज़ों का दुरुपयोग बढ़ा है। इस प्रतिनिधिमंडल में पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, भाजपा आई सेल के प्रमुख अमित मालवीय, भाजपा महासचिव ओम पाठक और सांसद बिप्लब देव शामिल थे। भाजपा प्रतिनिधिमंडल की चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से सभी विसंगतियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया। हमने पश्चिम बंगाल की स्थिति से आयोग को अवगत



कराया है। हमें विश्वास है कि चुनाव आयोग उचित कार्रवाई करेगा। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में ठीक से एसआईआर होनी चाहिए। यह पूरे भारत में हो रहा है, लेकिन बीएलओ पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं और सुरक्षा की मांग क्यों नहीं कर रहे हैं। वे पश्चिम बंगाल में सीआईएसएफ की मांग क्यों कर रहे हैं? हम चुनाव के लिए तैयार हैं। पश्चिम बंगाल की जनता ने ठान लिया है कि वे ममता बनर्जी के हिंसा राज को खत्म करके ही रहेंगे। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग से आग्रह किया कि पश्चिम बंगाल की परिस्थितियों को देखते हुए राज्य के लिए विशेष सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। प्रमुख सुझावों में 24 जून 2025 के बाद जारी जन्म प्रमाणपत्रों को स्वीकार न किया जाए, आवश्यकता होने पर केवल बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा सत्यापन के बाद ही स्वीकार किया जाए, केवल ग्रुप-ए अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र ही।

## अफ्रीकी देश बोत्सवाना से अगले महीने भारत लाए जाएंगे आठ चीते

**नई दिल्ली।** भारत में चीतों के पुनर्वास प्रयासों को एक नई दिशा देने के लिये अफ्रीकी देश बोत्सवाना से आठ चीते भारत लाए जाएंगे। इन चीतों को दिसंबर के दूसरे हफ्ते बोत्सवाना से लाया जाएगा। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि भारत में चीते की स्थिति संतोषजनक है।

चीतों के पुनर्वास प्रयासों के तहत अब इसकी तीसरी पीढ़ी भी आ गई है। मुखी भारत में जन्मी पहली चीता है जिसने वयस्कता हासिल की है और यह भारत के प्रोजेक्ट चीता की एक बड़ी सफलता है।पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि दिसबंर के मध्य में अफ्रीकी देश बोत्सवाना से आठ चीते भारत लाए जा रहे हैं। उनके भारत लाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन आठों चीतों को वहां क्वारंटीन कर दिया गया है। भारत लाए जाने पर सभी आठों चीतों को कूनों नेशनल पार्क में रखा जाएगा। उन्हें नियमों के अनुसार 90 दिनों तक क्वारंटीन और निगरानी में रखा जाएगा।

# मप्र स्थापना दिवस पर अभ्युदय मध्य प्रदेश' के रूप में दिखा संस्कृति, परंपरा और प्रगति का संगम

एजेंसी

**भोपाल।** देश के हृदय- मध्य प्रदेश ने अपने 70वें स्थापना दिवस पर 'अभ्युदय मध्य प्रदेश' के रूप में संस्कृति, परंपरा और प्रगति का ऐसा संगम हुआ, जिससे हर दिल गर्व और उत्साह से भर गया। तीन दिनों तक चले इस भव्य समारोह में प्रदेश की लोक कलाओं, विविधताओं और विकास गाथा के मंचन ने बीते 70 वर्षों की यात्रा को सजीव कर दिया। सोमवार की शाम समारोह के समापन पर हर चेहरा मध्य प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की नई उम्मीदों से झिलमिला रहा था। स्थापना दिवस के उत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिवस भी भव्य ड्रोन शो का प्रदर्शन किया गया। इस शो में 2000 ड्रोन ने एक साथ विरासत से विकास'' पर केन्द्रित आसमान में आकृतियां बनाईं। इन आकृतियों में मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत के साथ सशक्त वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य की आकृतियां आसमान को रोशन कर रही थीं। इसमें उद्योग और आधुनिकरण, रोजगार, विज्ञान, नीलकंठ आलोक, संस्कृति और विकास का संगम इत्यादि देखने को मिला। सर्वप्रथम महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन हुआ। दर्शकों के उत्साह



और उमंग को देखते हुए इसका पुनः प्रदर्शन किया गया। यह महानाट्य मध्य प्रदेश के वैभवशाली अतीत के उस प्रेरणा-पुरुष की गाथा प्रस्तुत करता है, जिन्होंने न्याय, नीति और पराक्रम के बल पर उज्जयिनी एवं मध्य प्रदेश की भूमि को स्वर्ण युग में पहुँचाया। मंचन में सम्राट विक्रमादित्य के अदम्य साहस, उनकी प्रजावत्सलता और विद्या-संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को सजीव रूप में प्रदर्शित किया गया। भव्य संगीत, आकर्षक सेट, ऊंट, हाथी, घोड़े, पालकियों ने दर्शकों को उसी युग में पहुंचा दिया। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इस महानाट्य की प्रस्तुति उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी गई, जिसका निर्देशन संजीव मालवीय ने किया है। तीन अलग स्टेज पर अत्याधुनिक ग्राफिक, आश्रम एवं जंगल के भव्य सेट के साथ ही भव्य महाकाल मंदिर के प्रतिरूप सेट और 150 कलाकारों ने महानाट्य को जीवंत बना दिया। विक्रमादित्य केवल योद्धा नहीं, बल्कि न्यायप्रिय और प्रजावत्सल शासक थे। 'बेताल पच्चीसी' और 'सिंहासन बत्तीसी' उनकी विवेकपूर्ण न्याय कथाओं से परिपूर्ण हैं। उनके दरबार में कालिदास, वराहमिहिर, धन्वंतरि जैसे नवरत्न विद्या और संस्कृति के प्रतीक बने। यह युग भारत के विज्ञान, साहित्य और खगोल की प्राचीन समृद्धि का प्रमाण है महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' की यादगार और भव्य प्रस्तुति के बाद सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर एवं साथी, मुंबई द्वारा सुगम संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उनकी गायकी में ऐसा सुरीलापन और आत्मीयता झलकी, मानो हर सुर में एक कहानी, हर ताल में एक भावना बसी हो। मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भावनाओं के सागर में डुबो दिया। श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे- कभी स्वर की कोमलता ने हृदय को छुआ, तो कभी लय की गहराई ने मन को आल्हादित कर दिया।

# बिहार से अब युवाओं का नहीं भाजपा का होगा पलायन : अखिलेश यादव

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर विधान सभा से राजद उम्मीदवार मनोज यादव के चुनावी प्रचार में कोटवा पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव की सरकार बनने जा रही है । आपलोग मनोज यादव को यहां का विधायक बनाकर तेजस्वी की सरकार बनाइए।बिहार से अब युवाओं का नहीं भाजपा का होगा पलायन । स्थानीय शिवधर अनूठा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चुनावी सभा में बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार से अब युवाओं का नहीं बीजेपी का पलायन होगा । चुनावी सभा में मौजूद भीड़ बता रही है कि अब यहां नौकरी देने वाली सरकार बनने जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार के इस चुनाव से दिल्ली वाले भी घबराए हुए है। न्याय के साथ साथ यहां सामाजिक न्याय की स्थापना होने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव नौकरी देने वालों और भाजपा के बीच हो रही है। भाजपा के लोग जीएसटी का उत्सव मना रहे है , इसे लाया कौन था ? अब उत्सव मनाया जा रहा है । तेजस्वी की सरकार उद्योग के लिए निवेश दिलाने के साथ ही बिहार में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी भाजपा के लोग कहते थे कि किसानों की आय दुगनी करेंगे , 11 साल में न पैदावार बढ़ी न किसानों की तरक्की हुई है। किसान गरीब होते जा रहे है और उधर महंगाई आसमान छू रही है। रुपया नीचे और डॉलर ऊपर जा रहा है । उन्होंने कहा कि भाजपा का विदेश नीति भी धाराशाई हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति निर्यात पर टैरिफ लगा रहे है। भारत को धमका भी रहे है। भारत के बाजार को चीन से जोड़ने का काम किया जा रहा है , वही चीन हमारी जमीन छीन रहा है। मौके पर राजा यादव उर्फ बिहारी टारजन को देखने के लिए युवा काफी उत्साहित दिख रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करने वालो में विधायक मनोज कुमार यादव , वीरेंद्र कुमार शर्मा , पूर्व प्रत्याशी संतोष कुशवाहा , योगेन्द्र महतो आदि शामिल थे। मौके पर मुख्तार गुप्ता , सुनील दास , गणेश माझी सतेंद्र यादव , पन्नालाल यादव , विश्वनाथ श्रीवास्तव , लखींद्र यादव , मैनेजर यादव सहित कई उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन सुरेश सहनी ने किया।

# महिला विश्व कप जीतने के बाद स्मृति मंधाना को लगा झटका, आईसीसी रैंकिंग में पहला स्थान गंवाया

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की नई महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नवी मुंबई में सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली रोड्रिग्स ने अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं।

गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



# यशस्वी ने रणजी में शतक के साथ ही पूरे किये 1000 रन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी आजकल रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। यशस्वी ने रणजी में मुंबई की ओर से शतक लगाने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यशस्वी ने रणजी में अपना पांचवां शतक लगाने के साथ ही घरेलू क्रिकेट में 1000 रन भी पूरे किये हैं।

यशस्वी ने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से दूसरी पारी में शतक लगाया। राजस्थान की टीम ने अपनी पहली पारी 617/7 का विशाल स्कोर बनाने के बाद घोषित की थी। वहीं मुंबई ने पहली पारी में 254 रन बनाए थे। पहली पारी में पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में मुंबई के लिए पारी की शुरुआत करते हुए यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की सहायता से शतक लगाया। इस मैच की पहली पारी में उन्होंने अर्धशतक लगाया था और वह 67 रनों पर आउट हुए थे। वहीं राजस्थान की ओर से दीपक हुड्डा ने 248 और कार्तिक शर्मा ने 139 रन बनाये थे। यशस्वी के शतक से टीम हार से बची हुई है।

यशस्वी ने शतक के साथ ही रणजी में अपने 1000 रनों का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका ये 17वां शतक है, क्योंकि 7 शतक उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में हैं। 5 शतक रणजी ट्रॉफी में और 5 अन्य फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम हैं। 2-2 शतक उन्होंने रेस्ट ऑफ इंडिया और वेस्ट जोन के लिए लगाये हैं, जबकि एक शतक उन्होंने इंडिया ए के लिए लगाया है। 11 मैचों की 21 पारियों में 3 बार नाबाद रहते हुए वह अब तक 1000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। रणजी ट्रॉफी में उनका सर्वाधिक स्कोर 181 रन है।

# अश्विन बीबीएल से बाहर, आईपीएल से रिटायरमेंट लेकर टूर्नामेंट में खेलने चले थे



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ~रविचंद्रन अश्विन घुटने की चोट के कारण बिग बैश लीग (BBL) के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। गेंदबाज और सिडनी थंडर दोनों के लिए यह एक बड़ा झटका है। ~इस अनुभवी स्पिनर ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से रिटायरमेंट की घोषणा की थी और थंडर के साथ पूरे सीजन के लिए साइन किया था। अश्विन ने यह फैसला तब लिया जब वह ILT20 नीलामी के पहले राउंड में अनसोल्ड रहे।

शुरुआत में उन्हें सीजन में सिर्फ 3-4 मैच खेलने थे, लेकिन बाद में अनसोल्ड रहने और फिर ILT20 नीलामी से हटने के बाद उन्होंने पूरा सीजन खेलने का फैसला किया था। अश्विन बिग बैश लीग में खेलने वाले सबसे बड़े हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में से एक बनने वाले थे। अश्विन को अब सिडनी थंडर के लिए BBL में डेब्यू करने के लिए एक और साल इंतजार करना होगा।

IPL 2025 मेगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपए में बिकने के बाद अश्विन अपनी कीमत को सही साबित नहीं कर पाए। उन्होंने 9 मैचों में सिर्फ 7 विकेट लिए और काफी महंगे भी साबित हुए। अश्विन ने IPL से रिटायरमेंट के अपने फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि वह दुनिया भर की दूसरी T20 लीग में खेलना चाहते हैं। यह बताना जरूरी है कि भारतीय खिलाड़ियों को दूसरी T20 लीग में तभी खेलने की इजाजत है जब वे इंटरनेशनल क्रिकेट और IPL से रिटायर हो जाएं।

### बिग बैश लीग 2025/26 के लिए सिडनी थंडर की टीम

डेविड वार्नर (कप्तान), वेस अगर, टॉम एंड्रयूज, कैमरन बैनक्रॉफ्ट, सैम बिलिंग्स, ओली डेविस, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट गिल्क्स, क्रिस ग्रीन, रयान हैडली, सैम कोनस्टास, नाथन मैकएंड्रयू, डैनियल सैम्स, तनवीर संघा, शादाब खान

# आईसीसी महिला विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में मंधाना सहित तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल

**–हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह**





**दुबई (एजेंसी)।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा की है। इसमें भारत की तीन खिलाड़ियों स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को शामिल किया है। हैरानी की बात है कि इसमें भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का नाम नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की भी 3 खिलाड़ी इस टीम में शामिल हैं, जिनमें कप्तान लॉरा वोल्वार्ट, ऑलराउंडर मारिजैन काप और नडीन डीक्लर्क शामिल हैं। वोल्वार्ट को आईसीसी ने टीम का कप्तान बनाया है। ऑस्ट्रेलिया की भी तीन खिलाड़ी खिलाड़ियों ऐश गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और एलाना किंग को भी इस टीम में जगह मिली है पर इंग्लैंड की एक ही खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ही अंतिम ग्यारह में शामिल है। टीम में पाकिस्तान की सिद्रा नवाज को विकेटकीपर के तौर पर रखा गया है 12वें नंबर पर इंग्लैंड की नैट स्कीवर ब्रंट को जगह दी गयी है।

### आईसीसी महिला विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट

लॉरा वोल्वार्ट (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, मारिजैन कैप, ऐश गार्डनर, दीप्ति शर्मा, एनाबेल सदरलैंड, नडीन डीक्लर्क, सिद्रा नवाज, अलाना किंग, सोफी एक्लेस्टोन, नैट स्कीवर ब्रंट.

# टेस्ट क्रिकेट को दी जानी चाहये पहली प्राथमिकता : स्टार्क

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए उसे पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिये। स्टार्क ने कहा है कि बिग बैश लीग (बीबीएल) मुकाबलों के लिए टेस्ट कार्यक्रम में फेरबदल नहीं होना चाहिये। साथ ही कहा कि इसे किसी भी टी20 लीग के लिए पीछे नहीं किया जा सकता।



उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। इसे टी20 क्रिकेट के लिए जगह नहीं देनी चाहिए, चाहे वह बीबीएल हो, आईपीएल हो या कुछ और। टेस्ट क्रिकेट हमेशा सबसे आगे रहना चाहिये।' स्टार्क ने कहा कि बीबीएल के मैच लगातार दो दिन खेले जा सकते हैं, क्योंकि टी20 प्रारूप में अधिक थकान नहीं होती है उन्होंने वर्तमान समय के छोटे सत्र की भी प्रशंसा की और कहा कि इसका सही प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता रही है और अब इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।' स्टार्क ने माना है कि आधुनिक क्रिकेट में लीगों की बढ़ती संख्या और फैंचाइज़ी क्रिकेट का आकर्षण खेल की दुनिया बदल रहा है पर मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट ही पहली प्राथमिकता रहेगा। मैं इसी मानसिकता के साथ जब तक खेल सकता हूं, खेलता रहूंगा। स्टार्क ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी जीतने के बाद दो महीने का ब्रेक उनके लिए फायदेमंद रहा।

# जितेश की कप्तानी में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में उतरेगी भारत ए टीम



**–16 नवंबर को होगा पाकिस्तान ए टीम से मुकाबला**

**मुम्बई (एजेंसी)।** जितेश शर्मा की कप्तानी में भारत ए टीम कतर में 14 नववंर से शुरु हो रहे राइजिंग स्टार्स एशिया कप में उतरेगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) का यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 16 नवंबर को भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए टीम से होगा। वहीं 23 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई को रखा गया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत साल 2013 में हुई थी. अब तक इसके छह सत्र खेले गये है।. टूर्नामेंट की शुरुआत अंडर-23 के रूप में हुई थी और बाद में इसे 'ए' टीमों के बची खेला जाने लगा है। पाकिस्तान और श्रीलंका की ए टीमों ने इसे दो-दो बार जीता है, जबकि भारत और अफगानिस्तान की ए टीमों ने इसे एक-एक बार जीता है। साल 2024 में श्रीलंका को हराकर अफगानिस्तान डिफेंडिंग चैंपियन विजेता बनी थी।

टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में में तीन एसोसिएट टीम यानी हांगकांग, ओमान और यूएई की टीमें भी उतरेंगी। इन तीनों को ही मुख्य टीम उतारने की अनुमति है।

### भारत ए टीम इस प्रकार है

जितेश शर्मा (कप्तान ), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजापनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर) और सुयश शर्मा

स्टैंड-बाय खिलाड़ी~ गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी और शेख रशीद।

# एशेज की तैयारियों के लिए टी20 सीरीज के बचे हुए मैच नहीं खेलेंगे हेड




सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के आक्रमक बल्लेबाज ट्रेविस हेड आगामी एशेज सीरीज को देखते हुए भारतीय टीम के खिलाफ जारी टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं। हेड ने सीरीज के शुरुआती तीन मैचों में खेले थे पर अब वह बचे हुए दो मैचों में नहीं खेलेंगी। हेड अब एशेज से पहले अभ्यास के लिए शेफील्ड शील्ड मुकाबले खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट के अनुसार बचे हुए दो टी20 मैचों में हेड की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। भी खिलाड़ी को रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल नहीं किया हेड अब 10 नवंबर से शुरू होने वाले दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया मुकाबले में खेलकर लंबे समय के बाद लाल गेंद के प्रारुप में उतरेंगे। हेड पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रहे हैं। हाल की 8 पारियों में वह कोई अर्धशतक नहीं बना सके। टीम प्रबंधन चाहता है कि वह एशेज से पहले अपनी फॉर्म और लय वापस पा सकें। हेड के अलाव ऑस्ट्रेलिया के कुछ और खिलाड़ियों को भी भी घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी गयी है। ये खिलाड़ी हैं सीन एबॉट और तनवीर संगा। एबॉट न्यू साउथ वेल्स के लिए अगले शील्ड मैच में खेलेंगे, जबकि तनवीर संगा वन-डे कप मुकाबले में खेलेंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की वापसी की उम्मीद है। ऐसे में अब टीम संयोजन में बदलाव की संभावना के बीच, मैट शॉर्ट को बचे हुए दो टी20 मैचों पारी की शुरुआत का अवसर मिल सकता है। चौथा टी20 मैच 6 नवंबर कोओवल, गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा।

# नए सीजन से पहले आरसीबी ने बदली कोचिंग टीम, अन्या और रंगराजन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 सीजन से पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज अन्या श्रब्सोल को टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है, जबकि मलोलन रंगराजन को हेड कोच पद पर प्रमोट किया गया है।

पिछले सीजन में RCB चौथे स्थान पर रही थी, जिसके बाद यह बदलाव किया गया। श्रब्सोल ने सुनेत्रा परांजपे की जगह ली है, जो पहले इस भूमिका में थीं।

रंगराजन, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं, शुरुआत से ही आरसीबी महिला टीम के सेटअप का हिस्सा रहे हैं और पुरुष टीम के लिए लीड स्काउट की भूमिका भी निभाते हैं। ल्यूक विलियम्स के अनुपलब्ध रहने के कारण यह बदलाव किया गया है, क्योंकि वह इस सीजन एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग में व्यस्त रहेंगे।



### जनवरी में शुरू होगा WPL 2026 सीजन

महिला प्रीमियर लीग 8 जनवरी से शुरू होकर फरवरी के पहले सप्ताह तक चलेगी। यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि टूर्नामेंट का शेड्यूल पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से न टकराए, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे।

### RCB का कोर ग्रुप बरकरार

टीम प्रबंधन ने कप्तान स्मृति मंधाना को रिटेन करने का फैसला किया है। इसके अलावा एलिस पेरी, ऋचा घोष, सोफी मोलिन्यू और श्रेयंका पाटिल को भी टीम के कोर ग्रुप में बनाए रखा जाएगा। आर. मुरलीधर बल्लेबाजी कोच के रूप में और नवनीता गौतम मुख्य फिजियो के रूप में अपनी भूमिका निभाती रहेंगी।

# धर्म को लेकर जेमिमा के ट्रोल्स पर भड़की शिखा पांडे, कहा– हां, वो भगवान की पसंदीदा संतान है



नवी मुम्बई । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स ने वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनकी नाबाद 127 रन की पारी ने भारत को रिकॉर्ड जीत दिलाई और टीम को फाइनल में पहुंचाया। लेकिन वर्ल्ड कप जीत के बाद भी कुछ सोशल मीडिया ट्रोल्स ने जेमिमा को उनके धर्म को लेकर निशाना बनाया। इस पर उनकी साथी खिलाड़ी शिखा पांडे ने करारा जवाब दिया। शिखा ने एक्स पर लिखा, 'जिन्हें सच्चाई जाननी है — हां, जेमी भगवान की पसंदीदा संतान है। अगर इससे जलन है, तो कोई कुछ नहीं कर सकता!' जेमिमा को पिछले कुछ सालों से सोशल मीडिया पर नफरत भरे कमेंट्स झेलने पड़े हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा शांत रहकर जवाब दिया। उनके आत्मविश्वास और खेल भावना ने उन्हें फैंस के दिलों में खास जगह दिलाई है। हालांकि फाइनल में वह अपनी सेमीफाइनल जैसी पारी नहीं दोहरा सकीं, मगर उनकी फील्डिंग और एनर्जी ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद जेमिमा ने कहा कि टीम ने यह जीत पूरी एकजुटता और समर्पण से हासिल की।

# इस कारण विजेता टीम से असली ट्रॉफी वापस ले लेती है आईसीसी



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में पहली बार आईसीसी विश्वकप जीता है। इस जीत के बाद भारतीय टीम को चमचमाती हुई ट्रॉफी दी गयी पर ये ट्रॉफी टीम अपने साथ नहीं रख सकती। इससे वापस ले लिया जाएगा। इसका कारण है कि आईसीसी विजेता टीमों को असली ट्रॉफी नहीं देती बल्कि इसकी जगह पर टीमों को उस ट्रॉफी की प्रतिकृति ट्रॉफी दी जाती है। मैच के बाद फोटो सूट और अवॉर्ड समारोह में ही टीम को असली ट्रॉफी दी जाती है उसके बाद फोटो सेशन के बाद उनसे ट्रॉफी वापस ले ली जाती है।

ट्रॉफी वापसी लेने का नियम आईसीसी ने कई साल पहले ही बना दिया था। इसके तहत विजेता टीम को ट्रॉफी लौटानी पड़ती है। वह आईसीसी मुख्यालय में रखी जाती है। असली ट्रॉफी की तरह नकली ट्रॉफी में भी सोने और चांदी लगे होंगे। असली ट्रॉफी को चोरी या किसी अन्य कारण होने नुकसान पहुंचाने से बचाने के लिए ऐसा किया जाता है।

### 11 किलो वजन है विश्व कप की असली ट्रॉफी का

विश्व कप ट्रॉफी का वजन लगभग 11 किलो है। इसकी लंबाई करीब 60 सेंटीमीटर है। ट्रॉफी में सोना और चांदी लगी है। ट्रॉफी में स्टंप और बेल्स के आकार के जो तीन कॉलम बने हैं वो चांदी के हैं। ट्रॉफी के शीर्ष पर जो ग्लोब है वह सोने का है। इस ट्रॉफी पर विश्वकप विजेता टीमों के नाम लिखे हैं।

# अब अगले साल ही मैदान पर उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

नई दिल्ली । आईसीसी एकदिवसीय महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम अब अगले साल की शुरुआत में ही मैदान में उतरेगी। ऐसे में उसकी खिलाड़ियों के पास जीत का जश्न मनाने के साथ ही खेल से ब्रेक लेने का भी अच्छा समय है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार खिताब जीता है। भारतीय टीम को अब फरवरी 2026 में ही ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में तीन टी20, तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट मैच खेलना है। इस दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज से होगी। इसके बाद एकदिवसीय और टेस्ट सीरीज रखी गयी है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच पहला टी20 मैच 15 फरवरी को सिडनी में खेला जाएगा। वहीं सीरीज का दूसरा टी20 मैच 19 को कैनबरा में जबकि आखिरी टी20 मैच 21 फरवरी को एडिलेडे में होगा। टी20 के बाद एकदिवसीय सीरीज 24 फरवरी से बिस्ब्रेन में शुरु होगी। वहीं दूसरा एकदिवसीय 27 फरवरी जबकि तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच एक मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा। इसके बाद6 मार्च से पर्थ में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद भारतीय महिला टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। टीम मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इसमें उसे 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का आयोजन 28 मई से 2 जून तक होगा। इसके बाद टीम इंडिया को टी20 विश्व कप में खेलना है जिसका आयोजन इंग्लैंड में ही होना है। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।यह मुकाबला बर्मिंघम में खेला जाएगा।

# वर्ल्ड कप जीत के बाद युवाओं के लिए हरमनप्रीत का प्रेरणादायक संदेश: सपने देखना कभी मत छोड़ो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का बचपन का सपना आखिरकार रविवार रात सच हो गया, जब उन्होंने नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर भारत को पहला वनडे विश्व कप खिताब दिलाया।

विश्व कप जीतने के बाद हरमनप्रीत ने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश दिया, 'सपने देखना कभी मत छोड़ो, क्योंकि कौन जानता है तुम्हारी किस्मत तुम्हें कहां ले जाए।'

बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में हरमनप्रीत ने अपने बचपन के दिनों को याद किया जब वह अपने पिता के बड़े बल्ले से खेला करती थीं। उन्होंने कहा, 'जब से मुझे पसंद-नापसंद का अहसास हुआ, तभी से हाथ में बल्ला देखा है। पापा अपने पुराने बल्ले को छोटा करके मेरे लिए बनाते थे। तभी से सपना देखा कि एक दिन भारत के लिए खेलूं।'

हरमनप्रीत ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता था कि महिला क्रिकेट भी होती है, लेकिन सपना सिर्फ यही था कि मैं वो बदलाव लाना चाहती हूं जिससे देश में महिलाओं के लिए क्रिकेट का नाम हो।'

36 वर्षीय कप्तान ने कहा, 'यह पल मेरे लिए बेहद भावनात्मक है। बचपन से यही सपना था – टीम इंडिया को विश्व कप जिताना। और जब मौका मिला, तो भगवान ने हर दुआ सुन ली। अब हम विश्व चैंपियन हैं, और यह अहसास शब्दों से परे है।'

उन्होंने 2017 विश्व कप फाइनल की हार को भी याद किया, जब भारत इंग्लैंड से 9 रन से हार गया था। 'वो हार बहुत दर्दनाक थी, लेकिन उसी ने हमें और मजबूत बनाया। तब से पूरा देश हमारे साथ खड़ा रहा, और आज हम सबने मिलकर ये सपना पूरा किया।'

अंत में हरमनप्रीत ने कहा, 'यह जीत सिर्फ हमारी नहीं, पूरे देश की है। मैदान पर खेलने वाली हर खिलाड़ी और टीवी पर देखने वाले हर फैन की जीत है।'





# शाहरुख खान से तुलना होने पर हर्षवर्धन राणे का जवाब

हर्षवर्धन राणे ने अपनी संजीदा अदाकारी के जरिए दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। इन दिनों उनकी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत थिएटर्स में लगी है, जिसमें उन्होंने एक जुनूनी आशिक का रोल निभाया है। हाल ही में एक पोर्टल ने हर्षवर्धन की तुलना शाहरुख खान से कर दी। इस पर हर्षवर्धन असहज हो गए।

## शाहरुख खान से की गई तुलना

दरअसल, एक न्यूज पोर्टल ने शाहरुख खान के साथ हर्षवर्धन राणे की तुलना करते हुए लिखा कि कोविड के बाद हर्षवर्धन ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो पहले किसी के नाम दर्ज नहीं था। कोविड 19 के बाद हर्षवर्धन ऐसे स्टार बन गए हैं, जिनकी एक ही साल में दो फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुई हैं। इस मामले में उन्होंने शाहरुख खान के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जिनकी कोविड के बाद साल 2023 में पठान और जवान दो फिल्में रिलीज हुई थीं।
हर्षवर्धन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए रिएक्शन दिया है और गुजारिश की है कि शाहरुख खान के साथ उनकी तुलना न की जाए। एक्टर ने लिखा है, उन्होंने एक साल में दो बार अपने गॉड लेवल स्टारडम से ऐसा किया। मेरा एक साल में दो बार उन्हें फॉलो करने से ऐसा हुआ है। प्लीज मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि किसी भी आर्टिकल में मेरा नाम उनके नाम के साथ न लिखें, वह भगवान हैं और मैं उनका एक मामूली पुजारी हूं।

## टेक्निकली हर्षवर्धन की दो फिल्में 2025 में रिलीज हुईं!

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेक्निकली हर्षवर्धन की दो फिल्में साल 2025 में आई हैं। दरअसल, इस साल उनकी फिल्म सनम तेरी कसम री-रिलीज हुई, जिसने शानदार कलेक्शन करते हुए 35.55 करोड़ रुपये कमाए। इसके अलावा एक दीवाने की दीवानियत भी करीब 50.86 करोड़ रुपये नौ दिनों में कमा चुकी है। इस तरह हर्षवर्धन की एक साल में रिलीज दोनों फिल्मों ने 85 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन किया है। वैसे बता दें कि शाहरुख खान की साल 2023 में जवान और पठान के अलावा डंकी भी रिलीज हुई थी। बता दें कि एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आई हैं।



# जेलर 2 में अहम भूमिका में नजर आएंगी विद्या बालन

## मिथुन चक्रवर्ती बनेंगे विलेन

सुपरस्टार रजनीकांत की साल 2023 में आई फिल्म जेलर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। नेल्सन के डायरेक्शन में करीब 220 करोड़ के बजट में बनी तमिल एक्शन फिल्म ने देश में 348.55 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 604.50 करोड़ रुपये की धुआंधार कमाई की थी। इसके बाद से ही इसके सीक्वल जेलर 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। रजीनकांत इन दिनों कुली की रिलीज के बाद से जेलर 2 की शूटिंग में बिजी हैं और यह 2026 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से है। अब एक दिलचस्प खबर ये आ रही है कि इस सीक्वल फिल्म में विद्या बालन को कास्ट किया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के मुताबिक, जेलर 2 में विद्या बालन एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। इस सीक्वल फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म की घटनाएं खत्म हुई थीं। फिल्म रजनीकांत के केंद्रीय किरदार टाइगर मुथुवेल पांडियन पर ही आधारित होगी, जो एक नए मूर्ति-तस्करी अंडरवर्ल्ड सिंडिकेट से लड़ता है। अपने बेटे की मौत के बाद मुथुवेल की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है, जिसकी बानगी भी सीक्वल फिल्म में नजर आएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, विद्या बालन इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। अजित कुमार की फिल्म निर्कोंडा पारवाई में एक छोटी सी भूमिका के बाद तमिल सिनेमा में यह विद्या की दूसरा किरदार है। लेकिन इस बार वह एक फुल लेंथ रोल में नजर आएंगी।

### मिथुन चक्रवर्ती बनेंगे मेन विलेन




रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया कि विद्या इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती की बेटी का किरदार निभाएंगी। मिथुन बड़े पर्दे पर प्रभास की फौजी में भी नजर आने वाले हैं। जबकि जेलर 2 में वह रजनीकांत के सामने मेन विलेन बनकर खड़े होंगे। फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है और जनवरी तक शूटिंग खत्म कर इसके पोस्ट-प्रोडक्शन का शुरू होने की उम्मीद है।

### जेलर , 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक की तैयारी

हालांकि, विद्या बालन या फिल्म की प्रोडक्शन टीम की ओर से अभी तक इस ओर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद यही है कि जेलर 2 अगले साल 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें नंदमुरी बालकृष्ण, शिव राजकुमार और मोहनलाल के कैमियो की भी चर्चा है।

### जेलर 2 के बाद कमल हासन संग फिल्म करेंगे रजनीकांत



वर्कफ्रंट की बात करें तो रजनीकांत, आगे देखते जेलर 2 की शूटिंग पूरी करने के बाद सुपरस्टार कमल हासन के साथ एक और बड़ी फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह डायरेक्टर सुंदर सी के साथ भी एक फिल्म करने वाले हैं।



# टिप्स फिल्म्स की नई फिल्म में एक साथ नज़र आएंगे सैफ अली खान और पुलकित सम्राट

बॉलीवुड दर्शकों के लिए एक शानदार सरप्राइज़ तैयार है, क्योंकि सैफ अली खान और पुलकित सम्राट पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नज़र आने वाले हैं। यह फिल्म स्नेहा तौरानी द्वारा निर्देशित होगी, जो मशहूर निर्माता रमेश तौरानी की बेटी हैं। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली यह अनटाइटल्ड फिल्म अनुभव और युवा जोश का एक अनोखा मेल पेश करने का वादा करती है। फिल्म ने आधिकारिक रूप से 27 अक्टूबर 2025 को हुए मुहूर्त समारोह के साथ अपनी शुरुआत की, और तभी से यह प्रोजेक्ट आने वाले साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन चुका है। स्नेहा तौरणी, जिन्होंने भांगड़ा पा ले से अपना निर्देशन करियर शुरू किया था, अब इस नई फिल्म के जरिए एक बार फिर दर्शकों को एक जीवंत और एंगेजिंग सिनेमैटिक अनुभव देने जा रही हैं।सैफ अली खान, जो मेनस्ट्रीम और एक्सपेरिमेंटल सिनेमा के बीच सहजता से जुड़ते रहे हैं, हाल के समय में थिएटर और ओटीटी, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को प्रभावित कर चुके हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ उनकी मौजूदगी फिल्म को स्टार पावर और गहराई दोनों प्रदान करती है। वहीं पुलकित सम्राट, अपनी करिश्माई स्क्रीन प्रेज़ेंस और एनर्जी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। सैफ के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को एक फ्रेश और दिलचस्प कैमेस्ट्री का अनुभव करा सकती है, जिसमें दो अलग-अलग अभिनय शैलियां मिलकर एक मनोरंजक और भावनात्मक कहानी बुनेंगी। स्नेहा तौरणी के निर्देशन और रमेश तौरणी के प्रोडक्शन के साथ, सैफ अली खान और पुलकित सम्राट की यह फिल्म 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक बनती जा रही है, जिसमें दमदार परफॉर्मेंस, टैलेंटेड टीम और एक नई सिनेमैटिक विज़न का परफेक्ट संगम नजर आएगा।



# सोनाक्षी सिन्हा ने किया खुलासा 'जटाधरा' के किन पहलुओं ने किया आकर्षित

**साउथ अभिनेता सुधीर बाबू अभिनीत आगामी फिल्म जटाधरा में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री की यह पहली साउथ फिल्म होने वाली है, जिसमें उन्हें खौफनाक अंदाज में देखा जाएगा। इस फिल्म की कहानी और अपने किरदार के बारे में सोनाक्षी ने बात की है।**

## इस फिल्म में होगा सोनाक्षी का सबसे अलग किरदार

अभनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने एएनआई से बात करते हुए अपनी आगामी फिल्म जटाधरा पर बात की। अभिनेत्री को जब ये फिल्म ऑफर हुई थी, तो उस दौरान के अनुभव को एक्ट्रेस ने साझा किया है। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में मेरी एक अलग भूमिका है, इसकी कहानी बहुत ही अलग है। यह सुपरनैचुरल और माइथोलॉजिकल फिल्म है, इसमें मिट्टी से जुड़ी कहानी है। आपने मुझे पहले कभी इस रोल में नहीं देखा होगा। यह मेरी पहली तेलुगु फिल्म है, इन्हीं सब कारणों की वजह से मैंने यह फिल्म चुनी।'

## कब रिलीज होगी फिल्म?

यह फिल्म 7 नवंबर 2025 को हिंदी और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें दिव्या खोसला, सोनाक्षी सिन्हा, सुधीर बाबू और शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माणा जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने मिलकर किया है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर किया है।





# आयुष्मान खुराना ने वरुण धवन को बताया बेहतरीन अभिनेता

अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म 9 दिनों में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की इस फिल्म में आयुष्मान और वरुण धवन के बीच भी टक्कर देखने को मिली है। यही कारण है कि अब सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर तुलना शुरू हो गई है। हालांकि, इस बीच आयुष्मान ने वरुण धवन की दिल खोलकर तारीफ करते हुए उन्हें एक बेहतरीन कलाकार बताया है।

## हमने साथ में की करियर की शुरुआत

बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में आयुष्मान ने वरुण के साथ काम करने पर बात करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित थे। क्योंकि हमने अपने करियर की शुरुआत साथ में की थी। 2012 में मेरी फिल्म 'विकी डोनर' रिलीज हुई थी और मुझे लगता है कि 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' भी उसी साल आई थी। हम अलग-अलग इवेंट्स, शोज वगैरह में एक-दूसरे से मिलते रहे। वह सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और एक बहुत अच्छे सह-अभिनेता भी हैं। यहां तक कि फाइट सीक्वेंस के दौरान भी, अच्छी बात यह थी कि किसी को जरा भी चोट नहीं आई। इसे बहुत अच्छी तरह से कोरियोग्राफ किया गया था। अगर आपके सह-कलाकार में लय की समझ हो तो यह वाकई मददगार होता है।

## ऐसे आया विकासपुरी के वूल्वरिन डायलॉग का आईडिया

अभिनेता ने आगे कहा कि लड़ाई लय की तरह है। कोरियोग्राफी भी वैसी ही है। आपको इस बीट पर यहां होना है, आपको उस बीट पर वहां होना है। अगर आप डांस कर सकते हैं, तो आप फिल्मों में लड़ भी सकते हैं। फिल्म के डायलॉग विकासपुरी के वूल्वरिन के बारे में आयुष्मान ने कहा कि मुझे लगा कि चूंकि मेरी पहली नौकरी दिल्ली में थी और मेरी मां दिल्ली से हैं। हालांकि, मैं चंडीगढ़ से हूं, मैंने वहां काफी समय बिताया है। दिल्ली मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। इसलिए मैंने सोचा कि वहां का थोड़ा स्थानीय स्वाद होना चाहिए। जैसा कि कहते हैं, अनुप्रास अलंकार। इसलिए विकासपुरी के वूल्वरिन में एक खास तरह का वाइब था। इसलिए मुझे लगता है कि मैंने उसे इसमें जोड़ दिया।

## हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है 'थामा'

'थामा' की बात करें तो यह मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। वरुण धवन की 'भेड़िया' भी इसी यूनिवर्स का ही हिस्सा है। इसलिए 'थामा' में भी वरुण के भेड़िया के किरदार का कैमियो है। 'थामा' में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में बनी हुई है।



आनुवांशिक होती है

# छरहरी काया



आपकी दोस्त जो चाहे और जब चाहे जी भरकर खा सकती है। बावजूद इसके वह छरहरी भी बनी रह सकती है, लेकिन चाकलेट की एक बाइट खाकर ही आप के वजन में इजाफा हो जाता है। कारण, छरहरा होना भी एक आनुवांशिक खासियत है।

जर्मनी के अध्ययनकर्ताओं ने कद के लिहाज से महिलाओं के वजन और उनके जीन्स में वैज्ञानिक संबंध खोजने का दावा किया है। वैज्ञानिकों की टीम इस नतीजे पर पहुंची है कि मुस्कान और आंखों की रंगत की तरह छरहरापन भी अपने आपमें आनुवांशिक देन है। अध्ययन के नतीजों को दो खबरों के तौर पर बांटा है- बुरी खबर और अच्छी खबर। बुरी खबर यह कि वजन सहित शारीरिक बनावट की ज्यादातर विशेषताएं आनुवांशिक आधारित हैं। अच्छी खबर यह है कि महिलाओं के लिए आनुवांशिक आधार पर शारीरिक गठन के खिलाफ जाने, इसके लिए कुछ करने के अवसर अब भी बरकरार हैं।



अभी तक वैज्ञानिक इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं थे कि परिवेशीय और आनुवांशिक पहलू महिलाओं की कद-काठी की संरचना में किस हद तक भूमिका निभाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा एक अतिरिक्त शोध को भी अंजाम दिया गया है। यह परीक्षण एक न एक दिन महिलाओं के वजन में कमी के रास्ते खोजने में मददगार साबित होगा।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि वजन कम करने को लेकर महिलाओं को यह बात जरूर मालूम होनी चाहिए कि अपने शरीर के वजन को नियंत्रित करने के लिए उन्हें करना क्या चाहिए, खासकर जब उम्र अपना असर दिखाने लगे। बढ़ती उम्र के साथ वजन कम होने की संभावना भी कम होती जाती है, ऐसे में बहुत अधिक उम्मीद पालना खुद को परेशानी में डालना होगा।

# हफ्ते में पाएं लाइट कॉम्प्लेक्शन

डार्क स्पॉट, फ्रेकल्स और बेजान त्वचा! मौसम के बदलाव के कारण त्वचा ने न जाने ऐसी कितनी समस्याएं झेली होंगी। लेकिन अब समय है उनसे निपटने और खोई हुई रंगत वापस पाने का।

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती जाती है, स्किन टोन भी बदलती जाती है। झाइयां, रूखी त्वचा और डार्क स्पॉट साफनजर आने लगते हैं और त्वचा उतनी साफऔर गोरी नहीं रह जाती। उस पर सीजन का असर भी होता है। विंटर में सनस्क्रीन क्रीम शायद ही कोई इस्तेमाल करता है। साथ ही खुली ठंडी हवाएं त्वचा की ऊपरी परत को काफी हद तक नुकसान पहुंचाती हैं। कॉम्प्लेक्शन डल कर देती हैं। सामान्य और रूखी त्वचा पर खास तौर पर इनका असर होता है। इसलिए अगर आप अपनी रंगत को निखारना चाहती हैं तो ब्यूटी एक्सपर्ट अंबिका पिल्लै की ये ट्रिक्स अपनाइए और खोई हुई रंगत वापस पाइए। सनब्लॉक



गोरी रंगत पाने का सबसे आसान उपाय है रोज सनब्लॉक का इस्तेमाल। इसलिए ऐसा मॉयस्चराइजर लें जिसमें एसपीएफ 15 या उससे भी अधिक हो। सुबह चेहरा धोने के बाद इसे लगाना न भूलें। सनब्लॉक न सिर्फ आपकी त्वचा को डार्क होने से बचाता है, नुकसानदेह यूवी किरणों से त्वचा के कैंसर और आकस्मिक झुर्रियों से भी बचाता है। अपने हाथों पर भी सनब्लॉक जरूर लगाएं।

**एक्सफोलिएट**

हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएशन से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और वह गोरी-चमकदार हो जाती है। 2 टेबल स्पून ओटमील में 2 टेबल स्पून ब्राउन शुगर व 1/4 कप दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे गोलाई में घुमाते हुए स्क्रब करें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं।


**मास्क पॉवर**

गोरी रंगत पाने के लिए घर पर यह मास्क तैयार करें-चंदन पाउडर+नीबू का रस+टमाटर का रस+खीरे का रस बराबर मात्रा में लेकर पेस्ट बनाएं। चेहरे पर लगाकर सूखने दें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।

# ब्लिंग फुटवेयर है राइट चॉइस

डार्क स्पॉट, फ्रेकल्स और बेजान त्वचा! मौसम के बदलाव के कारण त्वचा ने न जाने ऐसी कितनी समस्याएं झेली होंगी। लेकिन अब समय है उनसे निपटने और खोई हुई रंगत वापस पाने का।

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती जाती है, स्किन टोन भी बदलती जाती है। झाइयां, रूखी त्वचा और डार्क स्पॉट साफनजर आने लगते हैं और त्वचा उतनी साफऔर



गोरी नहीं रह जाती। उस पर सीजन का असर भी होता है। विंटर में सनस्क्रीन क्रीम शायद ही कोई इस्तेमाल करता है। साथ ही खुली ठंडी हवाएं त्वचा की ऊपरी परत को काफी हद तक नुकसान पहुंचाती हैं। कॉम्प्लेक्शन डल कर देती हैं। सामान्य और रूखी त्वचा पर खास तौर पर इनका असर होता है। इसलिए अगर आप अपनी रंगत को निखारना चाहती हैं तो ब्यूटी एक्सपर्ट अंबिका पिल्लै की ये ट्रिक्स अपनाइए और खोई हुई रंगत वापस पाइए।

सनब्लॉक

गोरी रंगत पाने का सबसे आसान उपाय है रोज सनब्लॉक का इस्तेमाल। इसलिए ऐसा मॉयस्चराइजर लें जिसमें एसपीएफ 15 या उससे भी अधिक हो। सुबह चेहरा धोने के बाद इसे लगाना न भूलें। सनब्लॉक न सिर्फ आपकी त्वचा को डार्क होने से बचाता है, नुकसानदेह यूवी किरणों से त्वचा के कैंसर और आकस्मिक झुर्रियों से भी बचाता है। अपने हाथों पर भी सनब लॉक जरूर लगाएं।

एक्सफोलिएटहफ्ते में एक बार एक्सफोलिएशन से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और वह गोरी-चमकदार हो जाती है। 2 टेबल स्पून ओटमील में 2 टेबल स्पून ब्राउन शुगर व 1/4 कप दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे गोलाई में घुमाते हुए स्क्रब करें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं।

मास्क पॉवरगोरी रंगत पाने के लिए घर पर यह मास्क तैयार करें-चंदन पाउडर+नीबू का रस+टमाटर का रस+खीरे का रस बराबर मात्रा में लेकर पेस्ट बनाएं। चेहरे पर लगाकर सूखने दें। धोकर मॉयस्चराइजर लगाएं ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।



# बोल्ड एंड ब्यूटीफुल स्कर्ट

इन दिनों फैशन में टॉप पर है पिण्डली (काव्स) तक टेपर करती हुई सेमी फिट स्ट्रेट कट मिडी। जहां इसका सेमी फिट स्टाइल बनाता है इसे स्मार्ट व एलीगेंट वहीं ये आरामदायक भी है। सेमी फिट यानी हल्की लूज फिटिंग की होने के कारण इसे पहनने पर मूवमेंट में आसानी रहती है। वहीं इसे पहनने पर आप न सिर्फ स्लिम लगती हैं, बल्कि आपकी लंबाई भी अधिक प्रतीत होती है। इस मिडी में स्टाइल के विकल्पों की कोई कमी नहीं है। पूरी मिडी में हो सीकुईन का काम तो वेस्टर्न वेयर में इससे बढ़कर पार्टी वेयर ड्रेस कुछ नहीं। वहींप्रिंटेड व प्लेन कलर्स में भी मौजूद हैं ढेरों वैराइटी। इसके साथ ही डेनिम व स्ट्रैच कपड़े में यह स्टूडेंट्स में भी पॉपुलर हो रही है। अच्छी बात यह कि इसके साथ टॉप और एक्सेसरीज के परफेक्ट मिक्स एंड मैच के जरिए आप फॉर्मल और कैजुअल दोनों लुक हासिल कर सकती हैं। अगर चाहिए कैजुअल लुक तो सेमी फिट स्ट्रेट कट मिडी के साथ मैच करें हल्की लूज फिटिंग के ब्लाउज। वहीं हासिल करना है ऑफिस लुक तो इसके संग शर्ट पहन सकती हैं। इसी प्रकार एक्सेसरीज की बात करें तो कैजुअल लुक को कांप्लीमेंट करेंगे फ्लैट जूते, चंकी ब्रेसलेट और ब्रॉडेड रिस्ट वॉच जबकि फॉर्मल लुक को कंप्लीट करेगी हाई हील फुटवेयर, खूबसूरत कफ या एलीगेंट रिस्ट वॉच। स्ट्रेट कट सेमी फिट स्टाइलिश मिडी की इन्हीं खासियतों की वजह से यह वेस्टर्न वेयर इन दिनों कंगना रनौत, दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा सहित अनेक बॉलीवुड अभिनेत्रियों की पहली पसंद बन गई है।

